सूर्योदय 6:57 सूर्यास्त 6:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.5 न्यू | 17.4 अधि |
| धर्मशाला | 5.5 न्यू | 18.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75996.86 |
| निफ्टी | 22959.50 |
| सोना 86,620 | चांदी 98,512 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पंजाब के बाद हिमाचल के युवा नशे की गिरफ्त में : जयराम ठाकुर

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 18 फरवरी 2025 | 7 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 51, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली-एनसीआर और बिहार में आया भूकंप



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह करीब 5:36 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। अढ़ाई घंटे बाद सुबह 8 बजे बिहार के सिवान में भी भूकंप आया। दोनों जगह रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था और इसकी गहराई पांच किलोमीटर बताई गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि एक्स पर जानकारी दी। वहीं, भूकंप को लेकर पीएम मोदी ने लोगों से शांत रहने की अपील की। साथ ही कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

### पूजा स्थल कानून से संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल कानून से जुड़ी 7 याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। दरअसल इस केस की सुनवाई 2 जजों की बेंच में होनी थी। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आज सिर्फ 2 जजों की बेंच बैठी है। यह मामला किसी और दिन देखेंगे। सीजेआई ने इस मामले पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लीकेशंस पर कहा कि आज हम ऐसी कोई याचिका नहीं स्वीकार करेंगे। इनकी भी एक सीमा होती है। आज सुप्रीम कोर्ट को असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी सुनवाई करनी थी। उनकी याचिका को पहले से पेंडिंग 6 याचिकाओं के साथ जोड़ा गया है।

### हरजिंदर धामी ने एसजीपीसी प्रधान पद से दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अकाली दल और एसजीपीसी में कई माह से अंदरुनी खींचतान चल रही है। इसके बावजूद 29 नवंबर 2024 को हरजिंदर सिंह धामी को चौथी बार एसजीपीसी का प्रधान चुन लिया गया था। हरजिंदर ने इसके पीछे का कारण श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह की पोस्ट को बताया। धामी ने कहा कि जिस दिन ज्ञानी हरप्रीत सिंह को हटाने का फैसला लिया गया, उस दिन 14 सदस्य साथ थे और डेढ़ घंटा बातचीत हुई।

### ट्रेकिंग को निकले इंग्लैंड के ट्रैकर थॉमस की मौत

**धर्मशाला।** धर्मकोट से त्रिउंड होते हुए धौलाधार में स्नो लाइन तक ट्रैकिंग पर निकले इंग्लैंड के ट्रैकर की मौत हो गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय हावर्ड थॉमस हैरी निवासी के रूप में हुई है। हैरी 14 फरवरी को धर्मशाला पहुंचा था। सोमवार दोपहर धौलधार में स्नो लाइन के पास पहुंचा और थाथरी के रास्ते धर्मशाला के लिए वापस ट्रैकिंग शुरू की, लेकिन थॉमस हैरी दुर्घटना का शिकार हो गया। दोस्त रॉबर्ट जॉन एमर्टन ने थाथरी में नीचे की ओर ट्रैक किया और स्थानीय लोगों से मदद मांगी। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने पुष्टि की है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल बना अपराध का गढ़ दिनदहाड़े हो रहे मर्डर -पेज 3
- धर्मपुर और सरकाघाट में खनन माफिया सक्रिय -पेज 9
- परवाणू में उद्योगों का कचरा किसानों के लिए बन रहा संकट -पेज 12
- यूक्रेन जंग पर रूस और अमेरिका में आज होगी हाई लेवल मीटिंग -पेज 13
- गुजरात जाइंट्स पर जीत दर्ज करने उतरेगी मुंबई इंडियंस -पेज 14

# भाजपा को 1 साल में मिला 4340.47 करोड़ का चंदा

## 51 फीसदी खर्च किया; कांग्रेस दूसरे नंबर पर, 'आप' का चंदा भाजपा से 200 गुना कम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**एसोसिएशन** ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने राष्ट्रीय दलों को मिले चंदे को लेकर सोमवार को रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में भाजपा को सबसे ज्यादा 4340.47 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस को 1225.12 करोड़ रुपए मिले।

एडीआर ने रिपोर्ट में बताया कि पार्टियों को चंदे का बड़ा हिस्सा चुनावी बॉन्ड से मिला है। भाजपा ने अपनी कमाई का कुल 50.96 फीसदी यानी 2211.69 करोड़ रुपए, जबकि कांग्रेस ने अपनी इनकम का 83.69 फीसदी यानी 1025.25 करोड़ रुपए खर्च किए। 'आप' को चंदे में 22.68 करोड़ रुपए मिले, जबकि पार्टी ने उससे ज्यादा 34.09 करोड़ रुपए खर्च किए। सभी पार्टियों को मिले कुल चंदे का 74.57 फीसदी हिस्सा अकेली भाजपा को मिला है, जबकि 5 दलों को 25.43 फीसदी चंदा मिला है।





### खर्च से जुड़े फैक्ट्स

- कांग्रेस ने सबसे ज्यादा खर्च 619.67 करोड़ रुपए चुनाव पर किया। इसके बाद प्रशासनिक और अन्य कामों में 340.702 करोड़ रुपए खर्च किए।
- सीपीआई (एम) ने प्रशासनिक और अन्य कामों में 56.29 करोड़ रुपए और पार्टी के कर्मचारियों पर 47.57 करोड़ रुपए खर्च किए।
- 6 पार्टियों में से केवल कांग्रेस (58.56 करोड़ रुपए) और सीपीआई (एम) (11.32 करोड़ रुपए) ने कूपन की बिक्री से कुल 69.88 करोड़ रुपए मिलने की घोषणा की।
- सीपीआई (एम), कांग्रेस और भाजपा की ऑडिट रिपोर्ट 12 से 66 दिनों की देरी से पेश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय दलों के बीच सबसे आम खर्च चुनाव और प्रशासनिक खर्च था।

### 2023-24 में पार्टियों को मिला चंदा और खर्च

| पार्टी | चंदा | खर्च |
|---|---|---|
| भाजपा | 4340.47 करोड़ | 2211.69 करोड़ |
| कांग्रेस | 1225.12 करोड़ | 1025.25 करोड़ |
| सीपीआई (एम) | 167.636 करोड़ | 127.283 करोड़ |
| बसपा | 64.7798 करोड | 43.18 करोड़ |
| 'आप' | 22.68 करोड़ | 34.09 करोड़ |
| एनपीपी | 0.2244 करोड़ | 11.39 करोड़ |

### चुनावी बॉन्ड से मिला ज्यादातर चंदा

**चुनावी** बॉन्ड से भाजपा को सबसे ज्यादा 1685.63 करोड़ रुपए मिले, जबकि कांग्रेस को 828.36 करोड़ रुपए और 'आप' को 10.15 करोड़ रुपए मिले। तीनों पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए 2524.1361 करोड़ रुपए यानी अपने कुल चंदे के 43.36 फीसदी रुपए मिले। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल मई में इस चंदे को असंवैधानिक बताया था। एडीआर को आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक ने बताया कि 2023-24 में कई पार्टियों ने 4507.56 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड भुनाए। राष्ट्रीय दलों ने इस फंड का 55.99 फीसदी यानी 2524.1361 करोड़ रुपए खर्च किया। सीपीआई (एम) को 167.636 करोड़ रुपए का चंदा मिला, जिसमें से उसने 127.283 करोड़ रुपए खर्च किए। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को 64.7798 करोड़ और पार्टी ने 43.18 करोड़ रुपए खर्च किए। नेशनल पीपल्स पार्टी को 0.2244 करोड़ रुपए मिले और 1.139 करोड़ खर्च किए।

# एम्स बिलासपुर में मानसिक बीमारी के इंजेक्शन का सैंपल हुआ फेल

## ड्रग्स विभाग ने निर्माता कंपनी व स्टोर संचालक को भेजा नोटिस

**शुभम राही, बिलासपुर**

### इन इंजेक्शनों को उपयोग में न लाने के आदेश





**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के सेंटर स्टोर से मानसिक बीमारी से ग्रस्त मरीज को लगने वाला हैलोपेरिडोल इंजेक्शन फेल पाया गया है। सैंपल फेल पाए जाने पर ड्रग्स विभाग बिलासपुर ने निर्माता कंपनी व एम्स सेंटर स्टोर संचालक को नोटिस जारी किया है। साथ ही इन इंजेक्शन को प्रयोग में न लाने के आदेश जारी किए हैं। ड्रग्स विभाग ने इस सैंपल को जांच के लिए कोलकाता लैब में भेजा था, जहां फेल पाया गया है। ऐसे में दवाइयां जब मानकों को पूरा नहीं करती हैं तो कहीं न कहीं मरीज के स्वास्थ्य के साथ भी यह एक बड़ा खिलवाड़ है।

**जांच के लिए कोलकाता लैब भेजा था सैंपल**

**मानकों पर खरा नहीं उतर पाया इंजेक्शन**

21 नवंबर 2024 को ड्रग्स विभाग बिलासपुर की टीम ने एम्स के सेंटर स्टोर में छापेमारी की थी। टीम ने स्टोर से कुछ सैंपल जांच के लिए भरे थे। ऐसे में यह इंजेक्शन लैब में मानकों पर खरा नहीं उतरा है। एम्स की ओर से इन इंजेक्शनों को कालाअंब सिरमौर जिले में स्थित एक ड्रग्स फार्मा से लिया था। ऐसे में विभाग की ओर से ड्रग्स फार्मा को नोटिस जारी किया है। विशेषज्ञों की मानें तो हैलोपेरिडोल इंजेक्शन का उपयोग अतिसक्रिय बच्चों में गंभीर व्यवहार संबंधी समस्याओं के लिए भी किया जाता है, जब अन्य उपचार या दवाएं काम नहीं करती हैं। हैलोपेरिडोल एक मनोरोग चिकित्सा दवा है, जो मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर के संतुलन को बहाल करने में मदद करके काम करती है। (अनंत ज्ञान)

> एम्स बिलासपुर से हैलोपेरिडोल नामक इंजेक्शन जांच के लिए भरा था। यह इंजेक्शन लैब में फेल पाया गया है। विभाग की ओर से नोटिस जारी कर दिया गया है। आगामी कार्रवाई जारी हैं।
> **-दिनेश शर्मा, ड्रग्स इंस्पेक्टर बिलासपुर।**

# बीडीओ परागपुर ₹10 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

**हिमाचल** प्रदेश राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कांगड़ा जिले के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) परागपुर को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिफ्तार किया है।



**प्रधान से पैसा सेक्शन कराने के लिए मांगी थी घूस**

विभाग की टीम ने बीडीओ परागपुर वीरेंद्र कुमार कौशल को पंचायत कडोआ की प्रधान रीना देवी से 10,000 रुपए की रिश्वत लेने पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने पंचायत में कुछ निर्माण कार्य के लिए डिप्टी कमिश्नर कांगड़ा की ओर से स्वीकृत 1.5 लाख रुपए की राशि जारी करने के लिए रिश्वत मांगी थी। राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उत्तरी क्षेत्र धर्मशाला के एसपी बलवीर सिंह ने बताया कि बीडीओ परागपुर वीरेंद्र के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधित) अधिनियम, 2018 की धारा 7 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि आगे मामले की जांच जारी है।

# रूठे नेताओं को कांग्रेस संगठन से जोड़ने की कोशिश में सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल कांग्रेस सरकार व संगठन के भीतर बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। नफे-नुकसान के अंक गणित में सियासी संभावनाओं को तराशा जा रहा है। बड़े नेताओं की जुगलबंदी में रूठे व मुख्यधारा से कटे हुए नेताओं को जोड़ने की कवायद भी तेज हो गई है।



संगठन की सुस्त चाल को फुर्तीली डगर पर उतारने के हर संभव प्रयास होने लगे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। वहीं, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी पहले से ही दिल्ली पहुंच चुके हैं, जो निजी कार्यक्रम के अलावा कुछ केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। खासकर सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से। सीएम सुक्खू हिमाचल कांग्रेस मामलों की नवनियुक्त प्रभारी रजनी पाटिल व अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर नए कांग्रेस संगठन पर चर्चा कर इसे अंतिम रूप दिलाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। सीएम संगठन की पहले से ही जांच-परख कर चुके हैं, उसी सूरत में वह यहां पर अपने किसी विश्वासपात्र नेता की ताजपोशी करा सकते हैं। हालांकि, यह तमाम कवायद बजट सत्र के बाद हो सकती है, क्योंकि अभी विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियां चल रही हैं, जो 10 मार्च से शुरू होने वाला है। बता दें कि अप्रैल माह में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का कार्यकाल पूरा होने वाला है, वह तीन साल पूरी करने जा रही है। ऐसे में अध्यक्ष पद पर अब किसी अन्य को बिठाए जाने की चर्चा संभावित है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री चंद्र कुमार व धनीराम शांडिल संगठन को लेकर प्रतिकूल टिप्पणियां कर चुके हैं।

# मनी लांड्रिंग केस: ईडी की याचिका पर सत्येंद्र जैन से जवाब तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली हाईकोर्ट पहुंची है।



ईडी ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ निचली अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक लगाने की मांग की है। इस मामले में ईडी की याचिका पर जस्टिस विकास महाजन ने सत्येंद्र जैन को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने जैन से ईडी की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग मामले में आरोप तय करने पर बहस स्थगित करने की मांग की गई है। धनशोधन मामले में आरोप तय करने पर बहस स्थगित करने की अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने आप नेता की लंबित याचिका में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर आवेदन पर जैन को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तीन मार्च को तय की है। मुख्य याचिका में जैन ने इस आधार पर आरोपों पर बहस स्थगित करने की मांग की है कि मामले में जांच अभी पूरी नहीं हुई है।

# अमेरिका से डिपोर्ट होकर घर पहुंचा इंदौरा के मीलवां का रोहित

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

**इंदौरा** के मीलवां का रोहित अमेरिका से डिपोर्ट होकर अपने घर पहुंच गया है। रोहित 45 लाख रुपए का कर्ज लेकर अमेरिका गया था। अमेरिका में गैरकानूनी ढंग से रह रहे भारतीयों की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट कर वापस भारत भेजा जा रहा है।

पुलिस चौकी ठाकुरद्वारा के पंजाब सीमा से सटे मीलवां गांव का रोहित पुत्र बलविंद्र भी डिपोर्ट होने वालों में शामिल है, जो डिपोर्ट होकर अपने घर पहुंचा। युवक रोहित के डिपोर्ट होकर घर आने की सूचना मिलते ही परिवार पर दु:खों का



**45 लाख कर्ज लेकर गया था अमेरिका**

पहाड़ गिर गया है। जानकारी देते हुए युवक रोहित की बहन ने बताया कि उनका बड़ा भाई रोमानिया में रह रहा है। रोहित पर अभी घर व बहन की शादी का कर्जा है। रोहित के पिता की कैंसर से मौत हो चुकी है। वहीं, नायब तहसीलदार तथा पुलिस प्रशासन ने परिवारजनों को रोहित को हवाले करने पर हस्ताक्षर भी करवाए। (अनंत ज्ञान)

# रोक के बाद भी बुलडोजर कार्रवाई पर यूपी सरकार को नोटिस

## सुप्रीम कोर्ट बोला- मस्जिद में तोड़फोड़ कर आदेश का उल्लंघन किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुशीनगर में मस्जिद में तोड़फोड़ करके उनके 13 नवंबर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है। 13 नवंबर 2024 को दिए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व नोटिस और दूसरे पक्ष को सुने बिना तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि क्यों ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना करने के लिए कार्रवाई क्यों न की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर आदेश पारित करते हुए कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

### कहा- जल्द सुनवाई न होना आरोपी के मौलिक अधिकारों का हनन



**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि चाहे जितना भी गंभीर अपराध हो, जल्द सुनवाई आरोपी का मौलिक अधिकार है और यह संविधान के अनुच्छेद 21 में शामिल है। यूएपीए कानून की धाराओं में जेल में बंद आरोपी को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। आरोपी बीते पांच वर्षों से पुलिस हिरासत में था। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की सदस्यता वाली पीठ ने आरोपी को जमानत दी, जिसे छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोपी साल 2020 से पुलिस में हिरासत में था। अभियोजन पक्ष को 100 गवाहों से पूछताछ करनी थी, जिनमें से 42 से पूछताछ हो चुकी है।

### भोपाल गैस त्रासदी के कचरा निपटान पर मांगा जवाब

**सुप्रीम** कोर्ट ने भोपाल गैस त्रासदी से जुड़े जहरीले कचरे के निपटान के मामले में केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। नोटिस धार जिले के पीथमपुर में कचरे के निपटान के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर जारी किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि पीथमपुर में निपटान स्थल से महज एक किलोमीटर के दायरे में कई गांव बसे हुए हैं, जिनमें से एक गांव तो मात्र 250 मीटर की दूरी पर है। इससे लोगों के जीवन और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

**रणनीति** सेब उत्पादक संघ बजट सत्र के दौरान प्रदर्शन के लिए आतुर, हजारों की भीड़ जुटाने की मुहिम जारी

# छोटे किसान-बागवान अवैध कब्जे बचाने को मुखर

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में अवैध कब्जों पर हाय-तौबा मची है। छोटे व सीमांत किसानों पर गाज गिरी जरूर है, लेकिन बड़ी मछलियां अभी भी कड़ी कार्रवाई के दायरे से बाहर हैं।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

वहीं, अब सेब उत्पादक संघ ने प्रभावित छोटे किसानों-बागवानों को कानूनी कार्रवाई से बचाने की कवायद तेज कर दी है। संघ ने सामूहिक रूप से घोषणा की है कि वह 10 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विरोध-प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को धार देने के लिए हजारों किसानों-बागवानों को एकत्र करने की मुहिम चल रही है। बता दें कि हाईकोर्ट के कड़े आदेशों पर अवैध कब्जे छुड़ाने की प्रक्रिया जोर पकड़ रही है। हर जिले में राजस्व व वन विभाग संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ अवैध भूमि की निशानदेही करने में जुटे हैं। बजट सत्र में इस पर खूब हो हल्ला मचने वाला है। सदन के अंदर व बाहर इस पर जबरदस्त तनाव देखने को मिल सकता है। अब जरा प्रदेश के अंदर अवैध कब्जों पर गौर करें, तो लगभग 3.5 लाख परिवारों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं। इसके दस्तावेज पहले से ही वन व राजस्व विभाग के पास मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

### 2002 में किए गए डेढ़ लाख कब्जे

**चौंकाने** वाले तथ्य ये हैं कि 3.5 लाख अवैध कब्जों में से 1.5 लाख के करीब कब्जे वर्ष 2002 में ही किए गए हैं, जब तत्कालीन भाजपा सरकार ने अवैध कब्जा बहाली योजना चलाई थी। उस योजना के लोभ में आकर बड़े स्तर पर अवैध कब्जों का खेल खेला गया। ऐसे में अब हाईकोर्ट हर गांव व शहर में पूरी पैमाइश करने का आदेश जारी करता है, तो 70 फीसदी हिमाचली इसके दायरे में आएंगे। गौर करने वाली बात यह है कि प्रदेश के एक-तिहाई भू-भाग पर वन अधिकार कानून लागू होता है, चाहे वन विभाग द्वारा इन्हें नेशनल पार्क सेंक्चुरी, संरक्षित वन क्षेत्र, जिसमें डीपीएफ या फिर यूपीएफ घोषित कर रखे हो। इन बर्तनदारी वनों (ऐसे वन जिन पर स्थानीय लोगों का कब्जा हो), पर क्षेत्र के आदिवासी व अन्य परंपरागत वन निवासियों के वन अधिकार को मान्यता देना भी कानूनी बाध्यता की श्रेणी में आता है।

### 13 दिसंबर 2005 से पहले वाले कब्जों को ही मान्यता

राज्य का कुल क्षेत्रफल देखें, तो यह 55,673 वर्ग किलोमीटर है, जिसके 67 प्रतिशत भू-भाग पर वन भूमि है। राज्यों की 13,90,704 हेक्टेयर वन भूमि पर परंपरागत रूप से स्थानीय लोगों का दखल बर्तनदारी रही है, जिसका वन व राजस्व दस्तावेजों व बंदोबस्त में भी बर्तनदारी अधिकार के रूप में उल्लेख किया गया है। डाउन टू अर्थ में हिमालय नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह इस बात पर अपनी स्पष्ट राय रख चुके हैं। उनके मुताबिक, वन भूमि पर अवैध कब्जों की बहाली राजस्व कानून के दायरे में नहीं आ सकती है, केवल वन अधिकार कानून के अंतर्गत जो 13 दिसंबर 2005 से पहले के खेती व आवासीय घरों के दखल वाले कब्जों को ही मान्यता दी जा सकती है, क्योंकि वन अधिकार कानून वन संरक्षण कानून 1980 के प्रावधानों को अन्य दूसरे वन अधिकारों की मान्यता के लिए बाधा खड़ी करता है।

### वन विभाग हाईकोर्ट के आदेश पर छुड़ा रहा अवैध कब्जे

पिछले कुछ सालों से अवैध कब्जों के ऊपर प्रदेश हाईकोर्ट काफी सख्त है और इस बार भी कोर्ट कई बार बेदखली आदेश जारी कर चुका है। अब देखना यह होगा कि इन अवैध कब्जाधारियों का क्या बनता है। क्या वह अपनी अवैध वन भूमि को बचा पाते हैं या फिर कानूनी डंडे के दम पर उन्हें छोड़ने को विवश होना पड़ सकता है? उधर, वन विभाग से जब संपर्क साधा गया, तो वहां से जानकारी दी गई कि अवैध कब्जों को छुड़ाने के लिए पूरे प्रदेश में एक समान अभियान चल रहा है। हाईकोर्ट के आदेशों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जल्द ही इस बाबत उपलब्ध आंकड़े भी जारी कर दिए जाएंगे।

# नए मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम पर अभी सस्पेंस!

**एजेंसी, दिल्ली**

**मुख्य** निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। नए चुनाव आयुक्त की तलाश में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर बैठक हुई।

बैठक में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। हालांकि, कांग्रेस ने राहुल गांधी के बैठक से निकलते ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक के औचित्य पर सवाल उठा दिए। कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के नाम तय करने वाली समिति की बैठक अगले एक-दो दिनों के लिए स्थगित करनी चाहिए थी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट संबंधित कानून पर सुनवाई करने वाला है। पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दावा किया कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखने का मतलब है कि यह सरकार इस संवैधानिक संस्था पर अपना नियंत्रण चाहती है। उनके मुताबिक, मोदी सरकार को चयन समिति की बैठक करने के बजाए सुप्रीम न्यायालय से आग्रह करना चाहिए था कि मामले का त्वरित निस्तारण हो। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान चयन समिति उच्चतम न्यायालय के दो मार्च, 2023 के उस आदेश का स्पष्ट और सीधा उल्लंघन है जिसमें कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश की मौजूदगी वाली समिति होनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### आदित्य मिस्टर और अंशिका मिस फ्रेशर चुने



**अनंत ज्ञान , भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में दस जमा दो कक्षा के बच्चों के सम्मान में 10 जमा एक कक्षा के बच्चों ने विदाई समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का आगाज स्कूल के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए किया और बच्चों के आगामी सफल जीवन की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की। वहीं, चार राउंड के कंपटीशन के बाद मिस्टर आदित्य वशिष्ठ को मिस्टर फ्रेशर एवं अंशिका ठाकुर को मिस फ्रेशर चुना गया। मिस्टर पर्सनालिटी अभिमन्यु एवं मिस पर्सनालिटी आरुषि शर्मा को चुना गया, वहीं पर ऑलराउंडर स्टूडेंट के रूप में मिस्टर रोहित शर्मा को चुना गया। इस मौके पर सभी बच्चों ने बहुत अच्छा कार्यक्रम प्रस्तुत किया और उनके सम्मान में बच्चों ने सभी को पारितोषिक दिए। स्टाफ की तरफ से तनुजा सोनी, सुषमा ठाकुर, निर्मला शर्मा, मीरा देवी, मीनाक्षी, लीला इत्यादि सभी उपस्थित रहे।

### धनेटा कॉलेज में ब्यूटीशियन कोर्स शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में सोमवार से दो सप्ताह का 17 फरवरी से 3 मार्च तक ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, रोवर्स और रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब एवं सड़क सुरक्षा क्लब के सौजन्य से हुआ। इस कोर्स का उद्देश्य छात्राओं को ब्यूटी और वेलनेस के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना है। कोर्स का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. संगीता सिंह, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय शिवनगर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, विशेष प्रशिक्षक एवं सम्मानित अतिथि कविता, संचालिका रेड सैलून, धनेटा, जिला हमीरपुर के स्वागत एवं अभिनंदन एवं मां सरस्वती की वंदना एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. ज्ञानचंद राणा ने कहा कि यह कोर्स छात्राओं को ब्यूटी और वेलनेस के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए एक अच्छा अवसर प्रदान करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस कोर्स में 40 महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं पंजीकृत हैं, जो अपने को इस कोर्स से लाभान्वित करेंगे।

### मेधावी बेटियों के घर-घर लगाई उनके नाम की पट्टिका

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बाल विकास परियोजना कार्यालय नादौन द्वारा उपमंडल नादौन में एक नई पहल की गई है। इस पहल के तहत उपमंडल नादौन में जितनी भी मेधवी बेटियां हैं, विभाग द्वारा संबंधित पंचायत के प्रतिनिधियों को साथ लेकर उनके घर में जाकर बेटियों के नाम की नाम पट्टिका लगाकर न केवल उनको शुभकामनाएं दे रही हैं, बल्कि भविष्य में इसी तरह अपने क्षेत्र एवं माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी अभियान को जारी रखते हुए बाल विकास परियोजना कार्यालय नादौन के रैल वृत्त के सौजन्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत पर्यवेक्षक अजय चौधरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा देवी, पंचायत उपप्रधान पुतड़ियाल संजीव चौधरी पंचायत पुतड़ियाल की निवासी बेटी पलक पुत्री अमरजीत सिंह एवं मीना कुमारी द्वारा स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की 10+2 की बोर्ड परीक्षा (मार्च 2024) में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए उनके घर जा कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके नाम की नाम पट्टिका को उनके घर के मुख्य द्वार पर स्थापित करवाया। (अनंत ज्ञान)

### तलासी गांव में प्रथम विद्या केंद्र का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्वजनकल्याण सभा ने शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए धनेड़ पंचायत के तलासी गांव में अमर शहीद अमित के नाम से विद्या केंद्र का शुभारंभ हिप्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो. रमेश चंद ने किया। इस अवसर पर शहीद अमित के पिता विजय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वजनकल्याण सभा के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि हमारे गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, परंतु उनको निखारने व सही दिशा में चलाने के लिए सही कदम उठाने की जरूरत है। इसी कड़ी में सोमवार को शहीद अमित विद्या केंद्र का शुभारंभ तलासी में किया गया। नवीन शर्मा ने कहा कि विद्या केंद्र में कक्षा छठी से ले कर बाहरवीं कक्षा तक के तीस से अधिक बच्चों को स्कूल के उपरांत उनके ही गांव में निशुल्क पढ़ाया जाएगा।

### एंजल प्लानेट स्कूल जाहू में नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, जाहू।** एंजल प्लानेट स्कूल जाहू में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भोरंज के एसडीएम शशि पाल शर्मा मुख्य अतिथि रहे, जिनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और मेधावी छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह में कृषि एवं कांगड़ा ग्रामीण बैंक निदेशक रोशन लाल शर्मा, थाना प्रभारी जसबीर सिंह, पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा सहित कई गणमान्य लोग व अभिभावक उपस्थित रहे। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका विकास केवल स्कूल तक सीमित नहीं, बल्कि माता-पिता की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। अंत में, प्रबंधक प्रवीण शर्मा ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार जताया।

### 19 और 20 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत सब स्टेशन अणू के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि 19 और 20 फरवरी को नादौन के विद्युत सब-स्टेशन में उपकरणों को बदलने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते 11केवी फीडर धनेटा, सिल्ह, मझीण और इनके साथ लगते क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि 11केवी फीडर नादौन, भूंपल, बड़ा, कोहला, सेरा, जलाड़ी और इनके साथ लगते क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### पंचायतों के विकास के बारे में की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पंचायत समिति सुजानपुर की बैठक पंचायत समिति अध्यक्षा आरती कुमारी की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल जस्वाल की उपस्थिति में बुलाई गई। इस बैठक में समिति सदस्यों, जिला परिषद सदस्य व विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और मनोनीत प्रधानों द्वारा भाग लिया। बैठक में बीपीडीपी ब्लॉक पंचायत विकास योजना बारे विस्तृत चर्चा की गई और सततः विकास लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए सभी विभागों को समिति सदस्यों के साथ थीम वॉइस योजना तैयार करने हेतु अपना पूरा सहयोग देने वाले चर्चा की गई।

### सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक के देहांत पर शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह गांव भुराण का रविवार को पीजीआई चंडीगढ़ में देहांत हो गया था, जिसका सोमवार को पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर किया गया। पुलिस कल्याण संघ के प्रेस सचिव रमेश कुमार जरियाल ने बताया कि कुलदीप सिंह के देहांत पर बलवीर सिंह पटियाल, डीवाईएसपी प्रीतम सिंह निरीक्षक, महेंद्र सिंह निरीक्षक, भगवंत सिंह उपनिरीक्षक व अन्य करीब 8 सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की तरफ से एक उपनिरीक्षण, एक कांस्टेबल तथा एक होमगार्ड ने श्रद्धांजलि दी तथा सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# एनएच-03 निर्माण कंपनी के खिलाफ लामबंद हुए लोग, बोले-करें ब्लैकलिस्ट

## काम को सालों तक लटकाने का लगाया आरोप, बोले-अधिकारी नहीं सुन रहे परेशानी

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



अणू से पाढछू तक बनाए जा रहे एनएच 03 निर्माण कर रही कंपनी के खिलाफ लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। जनता हैरान है कि आखिर किस कि शय पर कंपनी मनमानी करने पर उतारू है। लोग जितना मर्जी चिल्लाएं, अधिकारी सुनकर भी अनदेखा करते हैं और एनएच निर्माण के साथ मार्केट की बर्बादी की जा रही है।

स्थानीय टौणी देवी कस्बे में 24 जून, 2022 को दुकानें तुड़वा दी गईं और आज दिन तक कस्बे के बीचों-बीच से गुजरने वाले हाईवे का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कस्बे में हाईवे की वजह से 50 से अधिक दुकानें लटक गई हैं, नालियों के कार्य की वजह से दुकानों में ग्राहक तो क्या, दुकान मालिक का जाना मुश्किल हो गया है, कई जगह सीड़ियां लगाकर वो अपना काम कर रहे है।

प्रमुख व्यवसाई राज बहल ने बताया कि कंपनी की मनमानी से सभी व्यापारी परेशान हैं, जो कार्य प्राथमिकता से किया जाना चाहिए था, सालों से लटका रखे हैं और व्यापारियों का व्यवसाय ठप कर दिया गया है। कंपनी की मशीनें आए दिन पेयजल पाइप को तोड़ रही हैं, जिन्हें जोड़ने में महीनों लग रहे है और कई दिनों से कस्बे में पानी तक नहीं आ रहा है। टूटी पाइपें कहां जा रही हैं, कोई नहीं जानता और कंपनी के लोग ही उन्हें ले जा रहे है।

स्थानीय वाशिंदे रतन चंद ने बताया कि पुराने सरकारी डंगों को रातभर तोड़ा जा रहा है जिससे लोगों कि नींद हराम हो गई है और स्कूली बच्चे पढ़ नहीं पर रहे हैं। कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने कहा कि ये केंद्र का कार्य है और हमारे सांसद भी इसी सड़क से घर जाते हैं, पर वो इस बारे कुछ नहीं कहते, उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार के अधीन सड़क होती तो आज तक कब की बन गई होती।

हाईवे पर मुआवजे को लेकर भी भारी धांधली के आरोप लग रहे है, सपनेहड़ा में ग्रामीणों ने आज खूब हंगामा किया और उस जगह की पुन डिमारंकेशन की मांग की है। लोग कंपनी के खिलाफ पानी के छिड़काव को लेकर पुलिस में शिकायत भी कर चुके हैं, पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही, अगर कंपनी ने अब भी अपने कार्य में सुधार नहीं किया तो लोग सड़कों पर उतरने को विवश हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## सहायक लाइनमैन के समर्थन में आए डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

गत 11 फरवरी को हमीरपुर में आयोजित महापंचायत में सहायक लाइनमैन नितीश भारद्वाज ने बिजली बोर्ड की कर्मचारी विरोधी नीतियों पर सवाल उठाते हुए बिजली बोर्ड में समाप्त किए गए पदों का विरोध जताते हुए भाषण दिया था। इस पर कार्रवाई करते हुए अधिशाषी अभियंता ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

अब सहायक लाइनमैन के समर्थन में हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष और प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा उतरे हैं। डॉ. डोगरा ने कहा कि मांगों को लेकर प्रदर्शन करना हर कर्मचारी का हक है। यह पहली बार नहीं है कि मांगों को लेकर कोई कर्मचारी संघ प्रदर्शन कर रहा हो।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हक के लिए विपक्ष भी आगे नहीं आ रहा है। विपक्ष ने कभी भी सरकार के समक्ष कर्मचारियों के मुद्दों को नहीं रखा, इसलिए कर्मचारी संघ को मांगों के लिए ऐसी महापंचायतें करनी पड़ रही हैं। विपक्ष की जिम्मेदारी बनती है कि प्रदेश में हो रही घटनाओं को सरकार तक पहुंचाए। प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ इस निलंबन को वापस लेने की अपील करता है।

### मारपीट करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई : संजय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जमली राशन डिपो के विक्रेता करण सिंह के साथ हुई मारपीट पर हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ जिला इकाई ने रोष व्यक्त किया है। जिला अध्यक्ष संजय पटियाल व समस्त कार्यकारिणी ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और पुलिस अधीक्षक हमीरपुर से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हमारे विक्रेता दिन-रात जनता कि सेवा में कार्यरत रहते है, यदि इस तरह उनके साथ व्यवहार किया जाएगा तो वे कैसे कार्य करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि एसपी हमीरपुर इस पर शीघ्र कार्रवाई करेंगे।

## अंकुश भारती ने पत्रकारिता और साहित्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

**अभी तक 66 पुरस्कार से किया जा चुका है सम्मानित**

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन की बेटी अंकुश भारती ने पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। वह 19 देशों में जगह बनाने वाली प्रतिष्ठित पत्रिका 'हालिस्टिक पाइन' की चीफ एडीटर हैं। उसको राष्ट्रीय भूषण सम्मान 2025 मिला है। भारती को यह सम्मान पत्रकारिता एवं साहित्य के असाधारण योगदान के लिए वर्दी बेलनेस फाउंडेशन ट्रस्ट एमएसएमई, भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा प्रदान किया गया। कलकी गौरव सम्मान भी उन्हें कलकी गौरव ट्रस्ट दिल्ली द्वारा दिया गया है। इसके अलावा भारती ने अपनी कलम के दम पर राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार सहित करीब 66 पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। नादौन के बड़ा कस्बा की रहने वाली अंकुश भारती पुत्री किशोरी लाल ने जा अपनी पहचान बनाई है, हिमाचल वासियों के लिए गौरव की बात है। उनकी इन उलब्धियों को लेकर क्षेत्र में खुशी का महौल है। भारती के कई बालीवुड हस्तियों के साथ साक्षात्कार हुए हैं।



अंकुश भारती की इन उपलब्धियों ने युवा पीढ़ी को पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। भारती ने युवा पीढ़ी को संदेश दिया कि वे लेखन, पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। कलम के दम पर समाज व राष्ट्र को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान निभाया जा सकता है।

### 19 वर्ष तक वालों को दी जाएगी कृमिनाशक दवाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चैधरी ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दूसरे दौर के तहत 20 फरवरी को हमीरपुर जिले में भी एक से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं युवाओं को कृमिनाशक दवाई एल्बेंडाजोल एवं विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। उन्होंने सभी जिलावासियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों, पंचायत जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल एवं विटामिन-ए की खुराक दिलवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि पेट में कृमि होने पर और विटामिन-ए की कमी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है तथा उनका शारीरिक विकास प्रभावित होता है, इसलिए, एल्बेंडाजोल एवं विटामिन-ए की खुराक जरूरी है। जिले का कोई भी बच्चा इससे छूटना नहीं चाहिए।

## परीक्षाओं में गौतम कॉलेज की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा जारी स्नातकोत्तर परीक्षाओं की विभिन्न विषयों की मेरिट सूची में गौतम महाविद्यालय हमीरपुर की शिल्पा शर्मा ने एमएससी बॉटनी में तथा ईशा कुमारी ने एमएससी फिजिक्स में प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। दोनों छात्राओं ने लगातार एमएससी के चारों सेमेस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया है।

इन दोनों छात्राओं को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आगामी दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से नवाजा जाएगा। इसके अतिरिक्त इन स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों एमएससी बॉटनी में सलोनी ने दूसरा व शहनाज ने तीसरा, एमएससी फिजिक्स में प्राची सिंह ठाकुर व सविता देवी ने प्रदेशभर में दूसरा एवं सातवां स्थान, एमएससी जूलॉजी में पल्लवी वर्मा एवं नेहा पटियाल ने छठा स्थान तथा अंकुश कुमारी ने नौवां स्थान, एमएससी कैमिस्ट्री की शिया कुमारी ने इस मेरिट सूची में प्रदेश भर में सातवां स्थान हासिल किया है।

इन उपरोक्त स्नातकोत्तर परीक्षाओं में निजी व सरकारी महाविद्यालयों के हर विषयों में लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। गौतम महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक जगदीश गौतम ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में महाविद्यालय की छात्राओं ने शीर्ष दस स्थानों में जगह बनाई है।

उन्होंने कहा कि इन छात्राओं ने अपने माता-पिता, क्षेत्र शिक्षकों एवं महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रबंधक निदेशक ने हर्ष जताते हुए छात्राओं को बधाई दी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पपलाह में हरिजन सुधार सभा की नई कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत पपलाह पंचायत में हरिजन सुधार सभा की पुरानी कमेटी को भंग कर समस्त ग्रामीणों ने नई कमेटी का गठन भूतपूर्व सैनिक हवलदार मिल्खी राम की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। इस में प्रधान रीपन कुमार, उपप्रधान राजेंद्र कुमार, सचिव प्रताप चंद, कोषाध्यक्ष दिवेंदर कुमार, सदस्य, अमर नाथ, अनिल कुमार, विनोद कुमार, लेखराज तेज सिंह, बीरबल कुमार, विशन दास, चुनी लाल, राजेंद्र कुमार, शशि कुमार, नरोतम सिंह, मुख्य सलाहकार परमानंद, बक्शी राम, लाभा राम, आरके सिंह को इस कमेटी में शामिल किया गया। समस्त निवासियों ने इस कमेटी का स्वागत किया तथा पुरानी कमेटी का बहुत-बहुत धन्यवाद भी किया गया।

## सुजानपुर कॉलेज में 50 यूनिट ब्लड किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एनसीसी, रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना, उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने की। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं रक्तदान कर छात्रों को प्रेरित किया और बताया कि यह उनके जीवन का 60वां रक्तदान था, जो उनके समाजसेवी दृष्टिकोण और मानवीय संवेदनाओं का परिचायक है। इस रक्तदान शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने में सहायक होगा। इस रक्तदान शिविर का संचालन राजकीय मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर की ब्लड बैंक टीम ने किया।



रक्तदान शिविर में रक्तदाता, छात्र व अन्य गणमान्य।

## वरिष्ठ कांग्रेसी एवं बेला पंचायत के 35 साल प्रधान रहे अवतार ठाकुर का निधन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के साथ लगती बेला पंचायत के 35 वर्षों तक प्रधान रहे 97 वर्षीय वयोवृद्ध वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जेसीओ अवतार सिंह ठाकुर का सोमवार शाम को देहांत हो गया है, जिससे क्षेत्र भर में शोक की लहर दौड़ गई। बतौर जेसीओ उन्होंने लोंगोवाल में लड़ाई लड़ी है।

वह मार्केटिंग कमेटी हमीरपुर के चेयरमैन व बीडीसी नादौन के वाइस चेयरमैन भी रह चुके हैं। वे अपनी पीछे तीन बेट छोड़ गए हैं। अवतार सिंह काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सहित कई बड़े नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है।

ठाकुर अवसर सिंह के निधन की खबर सुनते ही नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी व क्षेत्र वासी उनके घर शोक प्रकट करने पहुंच गए हैं। काबिलेगौर है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी विशेष तौर पर ठाकुर अवतार सिंह से मिले थे तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

### सान्या कटोच को स्टूडेंट ऑफ द इयर चुना



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में +1 कक्षा के छात्र-छात्राओं ने +2 कक्षा के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। +2 कक्षा के छात्रों को बहुत ही दिलचस्प टाइटल दिए। स्टूडेंट आफ द इयर सान्या कटोच व सक्षम शर्मा को मिस्टर फेयरवेल व कृतिका ठाकुर को मिस फेयरवेल चुना गया। इसके अलावा रिजुल को मिस्टर हैंडसम व आरुषि को मिस चार्मिंग चुना गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या व अध्यापकों ने विदाई समारोह में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मेहनत ही सफलता की कुंजी है और आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

## मांज खड्ड पर चार साल से पुल नहीं बनने की डीसी से की शिकायत

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बल्ह गांव में मांज खड्ड पर पुल का निर्माण पिछले चार वर्ष से अधूरा पड़ा है। पंचायत द्वारा लगातार आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हुआ। इस कारण ग्रामीणों को बांस के अस्थायी पुल से जोखिम भरी आवाजाही करनी पड़ रही है।

स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, किसान और अन्य ग्रामीण हर रोज खतरे से गुजर रहे हैं। मनरेगा के तहत 6.80 लाख रुपए का बजट स्वीकृत होने के बावजूद भी काम नहीं होने पर ग्रामीणों ने उपायुक्त से शिकायत की है और जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि अगर जल्द पुल निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। सेवानिवृत्त शिक्षक माधोराम ने कहा कि प्रशासन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवाजाही का अधिकार मिल सके।



समस्या के हल की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपने जाते ग्रामीण।

ग्रामीणों के अनुसार, चार साल पहले पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई थी और मनरेगा के तहत बजट भी स्वीकृत हो चुका था, लेकिन पंचायत ने केवल दोनों ओर गड्ढे खुदवा दिए और काम बंद कर दिया। पुल न बनने से तीन गांवों को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग बाधित है, जिससे लोगों को खेतों और अन्य जरूरी कामों के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने खुद ही अस्थायी रूप से बांस का पुल बना लिया है, लेकिन यह बेहद असुरक्षित है। स्कूली बच्चों, कॉलेज जाने वाले छात्रों और बुजुर्गों के लिए इस रास्ते को पार करना किसी जोखिम से कम नहीं है। स्थानीय निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि हर वक्त हादसे का डर बना रहता है, लेकिन मजबूरी में इसी रास्ते का उपयोग करना पड़ता है।

गौरतलब है कि बल्ह ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में लापरवाही की शिकायतें पहले भी आती रही हैं। कुछ समय पहले ग्रामीणों ने मनरेगा कार्यों में लाखों रुपए की गड़बड़ी की शिकायत की थी और अब इस पुल निर्माण में देरी से पंचायत की कार्यशैली पर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** तकनीकी विश्वविद्यालय में भौतिक विभाग की सामग्री विश्लेषण तकनीक पर साप्ताहिक एफडीपी शुरू

# विज्ञान और इंजीनियरिंग में नवाचार के लिए सामग्री विश्लेषण तकनीक जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान से सामग्री विश्लेषण तकनीक विषय पर साप्ताहिक एफडीपी (फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम) सोमवार को शुरू हुई।



सामग्री विश्लेषण तकनीक विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विशेष भूमिका निभाती है। यह तकनीकें सामग्री के गुण संरक्षण और अन्य विशेषताओं का अध्ययन करने के लिए प्रयोग की जाती है, जिसमें ऑप्टिकल माईक्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन माईक्रोस्कोपी, स्पेक्ट्रोस्कोपी, मेकैनिकल टेस्टिंग, थर्मोग्राविमेट्रिक आदि शामिल है।

एफडीपी के शुभारंभ कार्यक्रम में एनआईटीटीटीआर के निदेशक प्रो. भोला राम गुर्जर मुख्यातिथि रहे, जबकि तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने मुख्य संरक्षक की भूमिका निभाई। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के भौतिक विभाग के प्रो. महावीर सिंह विशेष अतिथि रहे। प्रो. गुर्जर ने कहा कि हमारे संस्थान का कार्य शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान का है, जिससे राष्ट्र निर्माण में भावी पीढ़ी तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने पर फोकस है, जिससे 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन सके।

वहीं, विशेष अतिथि प्रो. महावीर सिंह ने कहा कि वर्तमान दौर में विज्ञान और तकनीक में हो रहे बदलाव के साथ विद्यार्थियों को भी नवाचार की दिशा में प्रयास करना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को सर्वांगिण विकास हो सके।

कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने कहा कि तकनीकी विवि परिसर में पहली बार इस प्रकार की एफडीपी हो रही है, जिसके लिए भौतिक विभाग के प्राध्यापक और पूरी आयोजन टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस प्रकार के कार्यक्रमों को और बढ़ावा दिया जाएगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने एफडीपी के शुभारंभ कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों, स्रोत व्यक्तियों और प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। एफडीपी के संयोजक एवं एनआईटीटीटीआर के प्रो. पंकज शर्मा और डॉ. जेपी शर्मा ने कहा कि सामग्री विश्लेषण तकनीक विषय पर आधारिक एफडीपी में तकनीकी विवि व संबंधित शिक्षण संस्थानों सहित प्रदेश के अन्य शिक्षण संस्थानों के 30 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। पांच दिवसीय एफडीपी में प्राध्यापकों, शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को सामग्री लक्षण वर्णन तकनीक के बारे विस्तारपूर्वक स्रोत व्यक्तियों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न सत्रों में जानकारी दी जाएगी।

## शिमला ने पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर जीता मैच

**अनंत ज्ञान, नादौन**

वरिष्ठ अंतर जिला स्तरीय तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट स्टेडियम अमतर में शिमला व लाहौल-स्पीति के बीच खेला गया, जो कि ड्रा रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर शिमला की टीम मैच जीत गई है।

तीसरे दिन 141 रन से आगे खेलते हुए लाहौल-स्पीति की टीम 49 ओवर में 159 रन बनाकर आउट हो गई। शिमला की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए मयंक डागर ने 4, नवीन कंवर व योगदीप सिंह ने 3-3 रन बनाए। शिमला की टीम ने पहली पारी में 462 रन की बढ़त हासिल की है। शिमला की टीम ने दूसरी पारी खेलते हुए 78 ओवर में 8 विकेट पर 342 रन बनाए। बल्लेबाज योगदीप सिंह ने 39,देवरथ विक्टा न 32, कुशल पाल ने 30, मयंक डागर ने 31 कबीर सिंह ने 77 तथा नमन वर्मा ने 76 रन बनाए।

यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि लौहल स्पिति की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन जैनवाल ने 3 विकेट ली, जबकि अंकुश ठाकुर, ह्युल, सिद्धांत डोगरा व अप्रवल राव ने 1-1 विकेट ली। उन्होंने बताया कि मैच ड्रा रहा। शिमला की टीम को पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर मैच जीत लिया है।

# बिजली बोर्ड कर्मचारी नेता के निलंबन पर भड़की संयुक्त संघर्ष समिति, प्रदर्शन

## कामेश्वर शर्मा बोले-नितिश भारद्वाज का निलंबन अनुचित व अलोकतांत्रिक

**अनंत ज्ञान, नादौन**

बिजली बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर्स एवं पेंशनर्स की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बिजली बोर्ड द्वारा यूनियन के नादौन इकाई के अध्यक्ष नितिश भारद्वाज को निलंबित किए जाने के विरोध में मंडलीय कांप्लेक्स गगाल में काफी संख्या में कर्मचारियों, इंजीनियर्स एवं पेंशनर्स व बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष एवं संयोजक जिला संयुक्त संघर्ष समिति कामेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया। इसमें बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा भी उपस्थित रहे।

कामेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड द्वारा यूनियन पदाधिकारी नितिश भारद्वाज का निलंबन पूर्ण रूप से अनुचित व अलोकतांत्रिक है और इस तरह के दमनात्मक कार्रवाई करके बोर्ड का प्रबंधक वर्ग व प्रदेश सरकार कर्मचारियों में दहशत पैदा करके उनका मनोबल गिराने का प्रयास कर रहा है। इसमें कदापि सफल नहीं हो सकते, बल्कि आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश के अंदर उग्र आंदोलन खड़ा होगा, जिसके लिए प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगी। कामेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड में लगभग 12 हजार पद रिक्त होने के बावजूद नए युवाओं की भर्ती करने की बजाए बोर्ड मैनेजमेंट व प्रदेश सरकार एकतरफा निर्णय लेते हुए नियमों के विपरीत पदों को समाप्त करने में व्यस्त है। इससे कर्मचारियों के पदोन्नति अवसर प्रभावित होंगे ही, लेकिन बिजली बोर्ड की कार्यप्रणाली भी प्रभावित होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से युक्तिकरण के नाम पर समाप्त किए गए पदों को बहाल करने, नए भर्ती शुरू करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर अतिशीघ्र संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक बुलाने का आग्रह किया इस मौके पर पेंशनर्स फोरम के जिला महासचिव विजय शर्मा, इंजीनियर बीके शर्मा इंप्लाइज यूनियन के संयुक्त सचिव पंकज परमार, इकाई सचिव रजत कौंडल, वरिष्ठ उपप्रधान आशीष शर्मा ने भी अपने विचार रखे।



### खरवाड़ा बोले-कर्मचारी नेता को शीघ्र किया जाए बहाल

**बिजली** बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आनन-फानन में अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित किए गए नादौन इकाई के अध्यक्ष नितिश भारद्वाज को अतिशीघ्र बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि बिजली बोर्ड भारी भरकम स्टाफ की कमी के चलते हमारे कर्मचारी दिन-रात कड़ी मेहनत करके प्रदेश की जनता को बेहतर सेवाएं देते हुए सुचारु बिजली आपूर्ति मुहैया करवाने में व्यस्त है। उन्होंने प्रदेश सरकार से बिजली बोर्ड व इसके कर्मचारियों व पेंशनर्स के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की मांग की।

# पंजाब के बाद हिमाचल के युवा नशे की गिरफ्त में : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

### बोले-सुक्खू सरकार के राज में चिट्टा माफिया बेखौफ



विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार व चिट्टे के कारण युवाओं की हो रही मौत पर बहरी चिंता प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि पंजाब के बाद हिमाचल के युवा पूरी तरह से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं तथा नशा माफिया बिना किसी खौफ के अपनी जड़ों को मजबूत करने में लगा हुआ है, जबकि प्रदेश की सुक्खू सरकार इस पूरे मामले में तमाशगीन बनी हुई है।

सोमवार को धर्मशाला में पत्रकारा वार्ता के दौरान जयराम ने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार अपने चरम पर है और नशा माफिया पूरे प्रदेश में तांडव मचा रहे हैं। वर्तमान में नशा माफिया, पुलिस और राजनीतिक गठजोड़ के मामले सामने आ रहे हैं, जो बहुत चिंताजनक और शर्मनाक है। प्रदेश में पिछले दो हफ्तों में नशे के ओवर डोज की वजह से 4 युवाओं की दुखद मौत का मामला सामने आ चुका है। जब नशा प्रदेश के युवाओं को इस तरह अपने मकड़जाल में जकड़ रहा है, उस समय में पुलिस और राजनीति से जुड़े 60 से ज्यादा लोगों की नशा माफिया के गठजोड़ से नशे के कारोबार में सहयोग करने का मामला चिंताजनक है। ऐसे हालत में नशे के खिलाफ लड़ाई को आगे कैसे बढ़ाया जा सकता है? प्रदेश के लोग किस पर भरोसा करेंगे? उन्होंने कहा कि पूर्व में जब प्रदेश में हमारी सरकार के समय दूसरे राज्यों के लोगों का योगदान रहा है, उस समय हमने पंजाब, हरियाणा के मुख्यमंत्रियों के साथ ज्वाइंट आपरेशन किया गया, जिसमें राजस्थान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों ने भी इस चिट्टे के कारोबारियों को पकड़ने में सहयोग किया।

उन्होंने कहा कि आज नशा हिमाचल के कोने-कोने तक पहुंच गया है जो कभी सिर्फ बॉर्डर एरिया तक सीमित था। वर्ष 2023-24 में विधानसभा में 11 लोगों की मौत का आंकड़ा प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबारियों को पकड़ने के लिए कांगड़ा जिले में नूरपुर में पुलिस आफिस खोला गया था और विधानसभा में नशे के लिए लोगों की बेल न हो सके एक एक्ट बनाया गया। उसे केंद्र सरकार को भेजा गया वह भी वर्तमान सरकार ने फॉलो नहीं किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन की बात करती है यह सरकार उस पर कोई भी कड़ा कदम नही उठा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सहयोग को तैयार है। सरकार और विपक्ष को मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने होगी, ताकि हम प्रदेश के अपने युवाओं की जिंदगियों बचा सकें।

# बिलासपुर में बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर बिलासपुर के कल्लर में एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में हरिद्वार के एक युवक की मौत हो गई। वहीं, शिमला का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार एम्स बिलासपुर में चल रहा है दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ चंडीगढ़ से बाइक किराये पर लेकर रिवालसर घूमने गए थे। वापस आते समय यह हादसा हो गया।

पुलिस को दिए बयान में कार्तिक शर्मा निवासी गांव रांवी, जिला शिमला ने बताया है कि दोस्त अभिनव, अमन ठाकुर, हरमिलन और दिव्यांश के साथ चंडीगढ़ से किराये पर बाइक लेकर मंडी के रिवाल्सर घूमने चले गए। रविवार को चंडीगढ़ के लिए वापस आ रहे थे। रात के समय किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर बिलासपुर के कल्लर पहुंचने पर जिस बाइक पर अमन और दिव्यांश बैठे थे, वह डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में अमन ठाकुर (20) पुत्र मदन ठाकुर निवासी गांव रतनपुर, जिला शिमला और दिव्यांश (21) पुत्र राजाराम निवासी गली नंबर-4 नजदीक पांच हनुमान मंदिर पश्चिम अंबर तालाब तहसील हरिद्वार उत्तराखंड घायल हो गए मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायलों को एम्स बिलासपुर पहुंचाया गया, जहां दिव्यांश की मृत्यु हो गई। अमन का उपचार चल रहा है।

# ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की भेंट

### यूके-हिमाचल के संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और यूके-हिमाचल प्रदेश के संबंधों को मजबूत करने को लेकर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूके की डिप्टी हाई कमीशनर कैरोलिन रौवेट और यूके सरकार के राजनीतिक, प्रेस और परियोजना सलाहकार राजेंद्र एस नागरोटी ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को यूके और हिमाचल के बीच चल रही तथा संभावित साझेदारियों के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि प्रौद्योगिकी (एग्री टैक), ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन, पर्यटन, डेयरी उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेटा भंडारण और जल संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी पर गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने इस क्षेत्र में यूके की विशेषता का लाभ उठाकर पारस्परिक विकास और प्रगति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को यूके प्रतिनिधिमंडल के साथ आगामी की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रस्तावित परियोजनाएं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित की जा सकें।




### हल्दी निर्यात को लेकर हुई विशेष चर्चा

**बैठक** के दौरान हिमाचल प्रदेश से यूके को हल्दी निर्यात को लेकर विशेष चर्चा हुई, जिस पर मुख्यमंत्री ने गहरी रुचि दिखाई और इस व्यापारिक अवसर को सुलभ बनाने पर बल दिया। कैरोलिन रौवेट ने हिमाचल प्रदेश और यूके के निवेशों के बारे में बताया और कहा कि बैठक के दौरान कुल्लू में एक कृषि उद्योग और राज्य में भारतीय संचालित स्कौटिश डिस्टिलरी की स्थापना के बारे में चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बैठक यूके-हिमाचल के संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के मध्य सहयोग और आदान-प्रदान के नए अवसर सृजित होंगे।

# सुजानपुर में चिट्टे समेत तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नशे की रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा चलाया गया अभियान अब धरातल पर दिखाई देना शुरू हुआ है। इसी क्रम में सुजानपुर पुलिस ने भी रविवार मध्य रात्रि करीब 3 बजे सुजानपुर-हमीरपुर मुख्य मार्ग पर एक गाड़ी से चिट्टा बरामद किया है।



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों युवक हिरासत में लिए है। सुजानपुर थाना प्रभारी राकेश धीमान ने बताया कि सुजानपुर हमीरपुर मुख्य मार्ग नजदीक दोसड़का के पास सुजानपुर पुलिस रूटीन चेकिंग के दौरान गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गाड़ी नंबर एचपी 84 5864 गाड़ी का निरीक्षण किया तो करीब 3.74 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

पुलिस ने चिट्टे समेत गाड़ी में बैठे तीनों युवकों आकाश कटोच निवासी पंचायत दाडला, विवेक राणा निवासी गांव चकरयाना पंचायत पटलांदर और नवनीत विमल निवासी सुजानपुर वार्ड नंबर 5 को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हमीरपुर गैस सर्विस को मिला प्रदेश स्तरीय सम्मान




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर और आसपास के क्षेत्रों में उत्कृष्ट गैस सिलेंडर सेवाएं प्रदान करने के लिए हमीरपुर गैस सर्विस को प्रदेश स्तरीय सम्मान मिला है। शिमला में इंडेन मंडल कार्यालय द्वारा आयोजित वितरक संवाद एवं सम्मान समारोह में हमीरपुर गैस सर्विस के संचालक हरिश नंदा को चार पुरस्कारों से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में इंडियन ऑयल के सीजीएम परमेश्वर, जीजीएम चंडीगढ़ अनुराग आनंद एवं डीएलएसएम शिमला मोहम्मद आमिन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान प्रदेशभर की गैस एजेंसियों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई और सर्वश्रेष्ठ वितरकों को सम्मानित किया गया। हमीरपुर गैस सर्विस के संचालक हरीश नंदा ने बताया कि उनकी एजेंसी को चार श्रेणियों में पुरस्कार मिले, कॉम्पोजिट 19 किलोग्राम एक्स्ट्रा तेज सिलेंडर की सर्वश्रेष्ठ बिक्री, सुरक्षा होज की सर्वाधिक बिक्री, बेसिक सेफ्टी चेक का बेहतरीन क्रियान्वयन, रिफिल डिलीवरी में डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड प्रणाली का सफल उपयोग किया गया। हरीश नंदा ने इस उपलब्धि का श्रेय डिलीवरी मैन और कर्मचारियों को देते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनकी मेहनत और टीमवर्क का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि गैस उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम सेवा देना ही हमीरपुर गैस सर्विस का लक्ष्य है और भविष्य में भी वे इसी समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में अपनी श्रेष्ठ सेवाओं के लिए मिले इन सम्मानों से प्रेरित होकर हमीरपुर गैस सर्विस ग्राहकों को और बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सैन्य सम्मान के साथ सैनिक बसंत सिंह को अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

उत्तराखंड के देहरादून में ड्यूटी के दौरान जिला मंडी बल्ह क्षेत्र की ग्राम पंचायत हल्यातर के 26 वर्षीय जवान बसंत सिंह का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया था।



वीरगति प्राप्त सैनिक की तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह सोमवार प्रात: जैसे ही उनके पैतृक गांव बुरहाली पहुंची तो हर आंख नम हो गई। अपने लाल को देह देख घर में चारों ओर चीख पुकार मच गई। मां, पत्नी सहित परिजन उसे देख बेसुध हो गए। पिता अपने पुत्र के बुढ़ापे में उनका साथ छोड़ने के गम में डूब गए। घर में सैनिक की अंतिम यात्रा की रस्मों को पूरा करने के बाद गांव के समीप बने श्मशानघाट पर वीरगति प्राप्त सैनिक का पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उसके चचेरे भाई ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी।

इस दौरान भारत माता की जय और सैनिक वसंत सिंह अमर रहे के नारों की गूंज रही। इस मौके पर एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरीया, विधायक इंद्र सिंह गांधी, तहसीलदार रिवालसर संजीव प्रभाकर, थाना प्रभारी बल्ह संजय कुमार, पंचायत उपप्रधान जगत पाल सहित कई प्रशासनिक और सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एडवोकेट जनरल अनूप रत्न के पिता का निधन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के एडवोकेट जनरल अनूप रत्न के पिता जगदीश रत्न का बीती रात निधन हो गया। उनके निधन पर सोमवार दोपहर को भरवाईं श्मशानघाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम विदाई दी। उनके निधन पर गगरेट क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया, चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, एडवोकेट रवि पराशर, रविंद्र छिंदा और पूर्व जिला परिषद सदस्य सुलोचना देवी ने शोक व्यक्त किया है।

# सुंदरनगर में ड्यूटी के दौरान सोया एक कर्मी

**भीम बसेड़ू, महादेव।** देश एवं समाज की तरक्की के लिए यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण होता है जब एक कर्मी ड्यूटी के दौरान सो कर सुरक्षा को खतरे में डालता है। अगर यह निरंतर देखने को मिलता रहे तो ड्यूटी प्राइवेट सेक्टर की हो या सरकारी क्षेत्र की यह लापरवाही जान-माल के नुकसान पर कितनी भारी पड़ेगी, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जैसा कि एक स्टैंडिंग आर्डर में साफ-साफ लिखा गया होता है कि ड्यूटी को ड्यूटी की तरह निभाया जाना चाहिए। मगर सुंदरनगर में एक संस्थान में ड्यूटी कर रहे इस अच्छे-खासे महाशय को ही देख लीजिए जो ड्यूटी के दौरान अपने टेबल पर सोया हुआ है, जो हंसी का पात्र तो बना ही, साथ ही लोगों द्वारा की जा रही चर्चा में ड्यूटी के लिए भी अनफिट करार दिया जा रहा है।



ऐसे में शीर्ष पद अधिकारी व बॉस आदि को इसकी इस लचर व्यवस्था के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। जनहित के ख्याल की अनदेखी करने वाले लोगों के लिए विशेष दंड देने का प्रावधान किया जाना चाहिए। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि जनता की गाढ़ी कमाई का अनुचित लाभ उठाते हुए कुछेक कर्मी नशे की हालत में ड्यूटी करते हैं। यही नहीं कार्यालय में ही शराब की बोतलें दबाते हैं, खाते-पीते भी हैं, जो ठीक बात इसलिए भी नहीं है क्योंकि उनकी बात आगे न ले जाकर और सह दी जाती है, जो सामाजिक बुराई के लिए भी अत्यंत घातक है। प्रशासन तथा सरकार को चाहिए कि सही ड्यूटी निभाने के लिए कड़े निर्देश जारी करें। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल बना अपराध का गढ़, दिनदहाड़े हो रहे मर्डर

### प्रदेश में 45 दिन में 11वां मर्डर, लोगों में दहशत, प्रशासन मौन

**अनंत ज्ञान विशेष**

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल की शांत और सुंदर वादियों में व्यवस्था परिवर्तन ने प्रदेश में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ा दिया है। चाकूबाजी और मर्डर जैसी घटनाएं आम होती चली जा रही हैं। हिमाचल में 45 दिन में 11वें मर्डर को अंजाम दिया गया। गांवों से लेकर शहरों तक, हर जगह लोग दहशत में हैं और खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि 45 दिन में 11 हत्याएं और लगातार बढ़ते अपराध, यह स्पष्ट करते हैं कि स्थिति नियंत्रण से बाहर है।

पहले कुल्लू में सेल्समैन पर चाकू से हमला किया गया तथा बाद में शिमला में एक नाई ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। मनाली में विंटर कार्निवल के दौरान तो एक युवक की चाकू से हत्या ही कर दी गई। यह वही हिमाचल है जहां मर्डर और चाकूबाजी की घटनाएं कभी-कभार ही सुनने को मिलती थीं। प्रदेश में हालात बद से बदतर होते चले जा रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही सोलन जिले में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। रौंगटे खड़े करने वाले इस मर्डर केस में शख्स का अधजला आधा शरीर सिरमौर जिले में, जबकि बचा हुआ हिस्सा सोलन जिले से बरामद हुआ। कांगड़ा जिले के मझीण भटाल खुर्द हत्याकांड भी सुर्खियों में बना हुआ है। हैरानीजनक यह है कि 25 वर्षीय नवीन चौधरी की हत्या उसके रिश्तेदारों ने ही कर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, सोशल मीडिया में वह मामला भी खूब गरमाया था, जहां पंजाब पुलिस के कांस्टेबल ने हिमाचल प्रदेश की 22 वर्षीय युवती की हत्या कर उसके शव को नहर में फेंक दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उनको न तो पुलिस प्रशासन का खौफ है न ही सरकार का डर। तभी तो अवैध खनन के खिलाफ एक्शन लेने गए मंडी के एसडीएम पर ही अपराधियों ने वार कर दिया और उनको ही घायल कर दिया। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है और सरकार हमेशा की तरह सब बढ़िया होने का झूठा दावा ही कर रही है।

**आप इस स्टोरी को हमारे फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। देखने के लिए अनंत ज्ञान के पेज और चैनल को सब्सक्राइब करें।**

# 32 यूनिट रक्त एकत्रित कर पंडित अमरनाथ शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर में महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी पंडित अमरनाथ शर्मा की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं भजनांजलि का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में पंडित की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दीप प्रज्वलन के पश्चात सनातन धर्म शिक्षा समिति बैजनाथ के कार्यकारी प्रधान चीमा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में नंद कुमार सनातन धर्म चांद पब्लिक स्कूल के छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद पंडित अमरनाथ सनातन धर्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरी, बैजनाथ, और पालमपुर स्थित घुग्गर स्कूल के छात्रों ने भजन प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।



इस अवसर पर पंडित के पुत्र और श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब, नई दिल्ली तथा गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म शिक्षा समिति बैजनाथ के प्रधान डॉ. देशबंधु ने अपने व्याख्यान में पंडित को श्रद्धांजलि दी और शिक्षा एवं समाजसेवा में उनके योगदान को याद किया। इस तीन दिवसीय पुण्यतिथि समारोह की शुरुआत 15 फरवरी को रक्तदान शिविर के माध्यम से हुई। इस शिविर में कुल 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र व मशहूर गायक अरविंद राजपूत विशेष रूप से श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुए।

# अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में महिलाओं के विकास और कल्याण पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, शिमला/नई दिल्ली।** एक देश या समाज, जहां महिलाएं दुखी रहती हैं, वहां गरीबी रहेगी। यह बात वैश्विक मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर ने 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन पर कही। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में विभिन्न देशों से आई कई मजबूत आवाजें बाधाओं को तोड़ने, आत्म-खोज करने और समग्र कल्याण के लिए एक शक्तिशाली संवाद बन गईं। इन सत्रों में गहरे विचार-विमर्श के साथ विश्राम, चिंतन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का मिश्रण देखा गया। एक विशेष सत्र में, बहरीन की महिला सैनिक, एक भारतीय अभिनेत्री और तुर्की से डिजिटल और एआई-आधारित कला की अग्रणी ने मिलकर मन और चेतना पर रचनात्मकता की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने कहा कि बचपन में, कला मेरे लिए ध्यान की तरह थी, यह स्वाभाविक रूप से आती थी। जब मैं यहां आई, तो मुझे अपनी ऊर्जा में एक बदलाव महसूस हुआ। सेना से रचनात्मक क्षेत्र में आईं, मिस नोरा अब्दुल्ला, हेड ऑफ फॉलोइंग और को-ऑर्डिनेटर, जनरल स्पोर्ट अथॉरिटी बहरीन आदि ने अपनी परिवर्तन यात्रा साझा की। जापान की पूर्व प्रथम महिला आकी आबे ने गुरुदेव के अहिंसामुक्त विश्व के दृष्टिकोण को साझा करते हुए व्यक्तिगत त्रासदी पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन पर हर दिल में रचनात्मकता और सार्वभौमिक मूल्यों की गूंज रही, जो एक ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही थी जो ज्ञान, सहानुभूति, आंतरिक शांति और खुशी से आकार लेगा।

**आरोप** पेंशनरों को समस्या समाधान मंच के साथ जुड़ने का किया आह्वान

# परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच और कल्याण संगठन के एक होने का रच रहे ढोंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल परिवहन समस्या समाधान मंच के प्रदेश संगठन मंत्री देव राज ठाकुर ने प्रेस बयान में आरोप लगाया कि परिवहन पेंशनर्स के दो संगठन परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच व कर्मचारी कल्याण संगठन के एक होने का ढोंग रच रहे हैं, जबकि कुछ स्वार्थी नेता अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए ऐसा कर रहे हैं।



इन संगठन के नेताओं ने वृद्ध पेंशनरों के लिए आज तक कुछ भी नहीं किया। इन्हीं संगठन के तीन नेता पिछली सरकार के साथ सत्ता सुख भोग चुके हैं। अब इनका कहना है कि ये नेता भी सरकार से कुछ ऐसी ही अपेक्षा रखते हैं। दोनों ही एक हुए संगठनों ने पेंशनर्स से चंदा वसूली कर के भारी-भरकम राशि एकत्रित कर ली है और न्यायालय में केस करने के नाम पर धन एकत्र करते आ रहे हैं और वृद्ध सेवानिवृत्त परिवहन पेंशनर्स के धन का दुरुपयोग करके ऐशोआराम कर रहे हैं।

उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय से कानूनी लड़ाई लड़के पेंशनर्स को मिले हक को वे अपनी उपलब्धि बताते हैं। उन्होंने कहा की कानूनी लड़ाई लड़कर अदालतों से ही यदि अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर प्राप्त करना हो तो संगठनों की आवश्यकता ही क्या है। संगठन मंत्री ने इन नेताओं को चुनौती दी की वे पेंशनर्स की कोई एक समस्या बताएं जिसका इन्होंने समाधान किया हो।

आज विडंबना यह है कि पेंशनर्स के करोड़ों रुपए के वित्तीय लाभ रुके पड़े हैं और अब तो पेंशन भी नहीं मिल पा रही है। ये अधिकारियों की चापलूसी करके उनसे मिलने का ढोंग कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि परिवहन समस्या समाधान मंच की पिछले दिनों हमीरपुर में हुई बैठक में फैसला किया है कि समाधान मंच अकेले ही पेंशनर्स की लड़ाई लड़ेगा उन्हें चाहे जितनी बड़ी कुर्बानी देनी पड़े। उन्होंने पेंशनर्स साथियों से अनुरोध किया कि ऐसे स्वार्थी नेताओं से सावधान रहें।

परित्राणाय साधूनां
विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय
सम्भवामि युगे-युगे॥

भावार्थः सज्जन लोगों के कल्याण, दुष्टों के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए मैं युगों-युगों से प्रत्येक युग में जन्म लेता आया हूं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 18 फरवरी 2025



# वाराणसी में मां दुर्गा के विरोधियों के रक्त से बना कुंड

## शुंभ और निशुंभ का वध करने के बाद इसी स्थान पर किया था विश्राम

**भगवान शिव के त्रिशूल पर बसी हुई वाराणसी विश्व की सबसे पुरातन व्यवस्थित नगरी है और यह आज भी सनातन के प्रमुख केंद्रों के रूप में इस पृथ्वी पर विराजमान है। वैसे तो महादेव की नगरी वाराणसी अपने आप में ही संपूर्ण है, लेकिन वर्तमान में यह अपने अनूठे गंगा घाट और मंदिरों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। वाराणसी के इन्हीं प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है दुर्गा कुंड मंदिर। आदिकाल में वाराणसी में तीन प्रमुख मंदिर थे, काशी विश्वनाथ, अन्नपूर्णा मंदिर और दुर्गा कुंड। सनातन काल से ही महादेव की इस नगरी में मां दुर्गा आदि शक्ति के रूप में इस प्राचीन दुर्गा कुंड मंदिर में विराजमान हैं।**

### तंत्र साधन के लिए मशहूर

*पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जहां भी मां दुर्गा प्रकट होती हैं, वहां पर उनके प्रतीकों की उपासना की जाती है। यह स्थान भी उनमें से एक है। यहां मां दुर्गा के मुखौटे और चरणपादुका की प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। वाराणसी का यह दुर्गा कुंड मंदिर बीसा यंत्र पर आधारित है। बीसा यंत्र का मतलब है 20 कोण वाली एक तांत्रिक संरचना, जिस पर इस दुर्गा मंदिर की नींव रखी गई है। इस मंदिर को तंत्र साधन के लिए भी जाना जाता है। नवरात्र में चौथे दिन माता कुष्मांडा की पूजा की जाती है और इस दिन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है।*

### मंदिर की संरचना

**वाराणसी** के इस दुर्गा कुंड मंदिर का निर्माण प्रसिद्ध नागर शैली में हुआ है। लाल पत्थर से बने इस मंदिर की बनावट इतनी सुंदर है कि यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु मंदिर देखकर ही मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। वैसे तो इस मंदिर का इतिहास युगों पुराना है, लेकिन वर्तमान दृश्य मंदिर की स्थापना सन् 1760 में बंगाल की रानी भवानी द्वारा की गई। उस समय मंदिर के निर्माण में 50000 रुपए से अधिक की लागत आई थी।

### काशी खंड में भी मंदिर का वर्णन

**मंदिर** का वर्णन काशी खंड में भी मिलता है। मंदिर में मां दुर्गा के अलावा बाबा भैरोनाथ, महालक्ष्मी, महा सरस्वती और महाकाली की मूर्तियां भी स्थापित हैं। मंदिर में मां दुर्गा के अनन्य भक्त एवं मंदिर के पुजारी को भी समर्पित स्थान प्राप्त है। मान्यताओं के अनुसार, प्राचीन समय में मंदिर के पुजारी को मां दुर्गा का वरदान प्राप्त हुआ, तब से ही मंदिर में मां दुर्गा के साथ उस पुजारी के दर्शन भी किए जाते हैं। मंदिर परिसर में ही एक हवन कुंड भी है, जहां प्रतिदिन मां दुर्गा के लिए हवन किया जाता है।

### मंदिर का इतिहास

**वाराणसी** के इस दुर्गा मंदिर का इतिहास युगों पुराना है। मंदिर का निर्माण काशी नरेश राजा सुबाहू ने करवाया। मंदिर और कुंड के निर्माण के पीछे का कारण एक युद्ध था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सहस्त्राब्दियों पहले राजा सुबाहू ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया लेकिन राजकुमारी ने स्वयंवर के पहले स्वप्न में अपना विवाह अयोध्या के राजकुमार सुदर्शन से होता हुआ देखा। राजकुमारी ने यह बात अपने पिता से बताई तो उन्होंने इसकी चर्चा स्वयंवर में आ चुके राजाओं से की। राजाओं ने इसे अपना अपमान समझा और सुदर्शन के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी।



### ऐसे पहुंचें?

**वाराणसी** पहुंचना बहुत ही आसान है। वाराणसी में ही एक हवाई अड्डा है। साथ ही वाराणसी से 120 किलोमीटर दूरी पर स्थित प्रयागराज में भी हवाई अड्डा है, जो चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली जैसे महानगरों से जुड़ा हुआ है। वाराणसी देश के विभिन्न हिस्सों से रेल मार्ग से भी जुड़ा हुआ है। सैकड़ों की संख्या में ट्रेन वाराणसी पहुंचती हैं। सड़क मार्ग से भी वाराणसी पहुंचना आसान है। जीटी रोड पर स्थित वाराणसी देश के कई बड़े शहरों से सीधे सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। मध्य प्रदेश और दक्षिण भारत से आने वाले लोग प्रयागराज और मिर्जापुर होते हुए वाराणसी पहुंच सकते हैं।

### राजा सुबाहू ने बनवाया दिव्य मंदिर

**प्रयागराज** में भारद्वाज ऋषि के आश्रम में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले राजकुमार सुदर्शन ने राजाओं की चुनौती स्वीकार कर मां दुर्गा से विजय का आशीर्वाद मांगा। युद्ध भूमि में जब सुदर्शन युद्ध के लिए पहुंचा तो खुद आदि शक्ति ने वहां पहुंचकर विरोधियों का वध कर डाला। इस भीषणतम युद्ध के कारण रक्त से एक कुंड निर्मित हो गया। यही कुंड दुर्गा कुंड कहलाया। मां दुर्गा ने खुद राजकुमारी का विवाह सुदर्शन के साथ करने का आदेश दिया। इसके बाद राजा सुबाहू ने इस स्थान पर मां दुर्गा के दिव्य मंदिर का निर्माण करवाया। कहा जाता है कि शुंभ और निशुंभ का वध करने के बाद भी मां दुर्गा ने इसी स्थान पर विश्राम किया था।

# प्रदोष व्रत से साधक पर बरसती है महादेव की कृपा



**सनातन** धर्म में प्रदोष व्रत का खास महत्व है। यह पर्व हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन देवों के देव महादेव और जगत की देवी मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस साल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले प्रदोष व्रत है। शिव पुराण में वर्णित है कि प्रदोष व्रत करने से साधक पर महादेव की कृपा बरसती है। उनकी कृपा से साधक के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। अतः साधक त्रयोदशी तिथि पर श्रद्धा भाव से शिव-शक्ति की पूजा करते हैं।

### प्रदोष व्रत शुभ मुहूर्त

**वैदिक** पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 25 फरवरी को दोपहर 12 बजकर 47 मिनट पर होगी और 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट पर समाप्त होगी। त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा की जाती है। 25 फरवरी को प्रदोष काल संध्याकाल 06 बजकर 18 मिनट से 08 बजकर 49 मिनट तक है। अतः 25 फरवरी को फरवरी महीने का अंतिम प्रदोष व्रत मनाया जाएगा।

शुभ योग फरवरी माह के अंतिम प्रदोष व्रत पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में त्रिपुष्कर योग और वरीयान योग शामिल है।



# विजया एकादशी का व्रत दिलाए विजय

**विजयादशमी** का व्रत फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष को किया जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान श्रीराम ने विधि-विधान से विजया एकादशी का व्रत धारण कर लंका विजय की थी। भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के लिए लंका की ओर प्रस्थान करते हैं। इस दौरान समुद्र ने श्रीराम को मार्ग नहीं दिया तो उन्होंने ऋषियों से इसका उपाय पूछा। तत्पश्चात उन्होंने समुद्र देव की आराधना की। आराधना करने पर समुद्रदेव प्रसन्न नहीं हुए तो उन्होंने तीर संधान कर दिया। इस पर समुद्र देव ने सेतु बांधने का सुझाव दिया। लंका विजय के लिए ऋषियों ने विजया एकादशी का व्रत करने को कहा। भगवान श्रीराम ने विजया एकादशी का व्रत विधि-विधान से किया। व्रत के प्रभाव से भगवान श्रीराम ने विजय प्राप्त की। विजया एकादशी व्रत के दिन स्वर्ण दान, भूदान, अन्नदान, गोदान आदि करने से अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। एकादशी व्रत के दिन भगवान श्रीविष्णु की पूजा की जाती है। व्रत के दिन व्रती को श्री विष्णु का पाठ करना चाहिए।

**-प्रस्तुति : अनिल शर्मा, नौबाही, मंडी।**



# साल के 8 माह पानी में डूबे रहते हैं ये मंदिर



## पांडवों ने किया था निर्माण

### स्वर्ग जाने के लिए बनाई थीं सीढ़ियां

**देवभूमि के नाम से प्रसिद्ध हिमाचल यहां वास करने वाले देवताओं और देवियों और मशहूर मंदिरों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां ऐसे अनेक मंदिर हैं, जिनका इतिहास काफी पुराना है। कुछ मंदिर तो पांडवों के समय के बताए जात हैं। ऐसा ही एक मंदिर कांगड़ा जिले के जवाली के पास स्थित पौंग डैम झील में बाथू की लड़ी मंदिर है। माना जाता है कि इन मंदिरों को पांडवों ने बनाया था। अपने अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने इस मंदिर को बनाया था। इस दौरान उन्होंने स्वर्ग जाने के लिए एक सीढ़ी का निर्माण भी किया था, जो किसी कारण स्वर्ग के रास्ते से मात्र कुछ दूर पहले तक ही बन पाया था। यहां आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक इसी जगह पर स्वर्ग की सीढ़ी और अन्य मंदिरों के दर्शन करते हैं। यह मंदिर साल में 8 महीने पानी में डूबा रहता है। साल में केवल 4 महीने ही इस मंदिर के दर्शन होते हैं।**

### 11 मंदिरों का समूह

**कांगड़ा** जिले के जवाली के पास बने हुए बाथू की लड़ी मंदिर साल के आठ महीने पौंग डैम की झील में समा जाता है। सिर्फ चार महीने ही यह झील से बाहर आता हैण् मान्यता है कि इन मंदिरों को पाडवों ने महाभारत काल के दौरान एकांतवास के दौरान बनाया गया था और यहां पर 11 मंदिरों का निर्माण करवाया था। हालांकि पांडवों ने 11 मंदिरों की श्रृंखला का निर्माण करवाया था, लेकिन पानी के कारण इनमें से 2 मंदिर टूट गए हैं और अब 9 मंदिर ही यहां पर बचे हैं। हालांकि यहां पर कोई पुजारी नहीं , लेकिन श्रद्धालु खुद ही यहां पर पूजा करते हैं और भगवान का आशीर्वाद लेते हैं।

### झील के बीचोंबीच है यह मंदिर

**इस** मंदिर में जाने के लिए पठानकोट से कांगड़ा की तरफ जसूर से जवाली की तरफ जाना पड़ता है और जवाली से करीब 15 किलोमीटर दूर पौंग डैम की झील के बीचोंबीच यह मंदिर मौजूद है। यहां गर्मियों के सीजन में काफी पर्यटक पहुंचते हैं। यहां कई फिल्मों और गानों को शूट किया जा चुका है।

### कहां है यह अनोखा मंदिर

**पठानकोट** से करीब 80 किलोमीटर दूर जवाली के तहत पड़ता बाथू की लड़ी मंदिर पौंग झील में बना हुआ है। करीब 70 के दशक के दौरान झील बनने से यह मंदिर झील की पानी में आ गया था। हर साल बरसात के मौसम में झील में जब पानी इकट्ठा हो जाता है तो झील का पानी इस मंदिर को अपने अंदर समा लेता है। अप्रैल से लेकर जून तक पानी का स्तर नीचे होने के कारण यह मंदिर फिर से दिखाई देने लगता है। इस दौरान श्रद्धालु इस मंदिर के दर्शन करने के लिए आते हैं। इतने सालों तक पानी में रहने के बावजूद महाभारत काल का यह मंदिर आज भी अपना अस्तित्व बरकरार रखे हुए है।

### मंदिर तक जाने का नाव एकमात्र सहारा

**चारों** तरफ झील का पानी और बीच में टापूनुमा जगह पर बने बाथू दी लड़ी मंदिरों के दर्शन करने के लिए लोग दूर-दूर से आते है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए एकमात्र सहारा नाव होती है, जिस पर सवार होकर लोग मंदिर पहुंचते हैं।





**ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, लड़का-लड़की का एक ही गोत्र होने का मतलब है कि उनके पूर्वज एक ही थे। इस कारण लड़का-लड़की आपस में भाई-बहन लगते हैं। ज्योतिष मान्यता के अनुसार सात पीढ़ियों के बाद गोत्र बदल जाता है। ऐसे में एक ही गोत्र में शादी की जा सकती है। हालांकि इस धारणा को लेकर भी कई मतभेद है। मतभेद कुछ इस प्रकार हैं कि कुछ लोग सगोत्रीय विवाह करना सही मानते हैं तो कुछ गलत मानते हैं।**

# सगोत्र या एक ही गोत्र होने का अर्थ



### ◆ किन गोत्रों में नहीं करनी चाहिए शादी

**हिंदू** धर्म में कुछ गोत्रों में शादी करना मना है। शादी के समय तीन गोत्र छोड़े जाते हैं अर्थात आप उन गोत्रों में शादी नहीं कर सकते। पहला है माता का गोत्र, दूसरा है पिता का गोत्र और तीसरा है दादी का गोत्र। बाकी किसी भी गोत्र में विवाह किया जा सकता है।

### ◆ सगोत्र विवाह में समस्याएं

**सगोत्री** विवाह करने से आपके दापंत्य जीवन में कई मुश्किलें आती हैं। आपको संतान प्राप्ति में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपकी संतान होती है तो वह मानसिक रूप से उस प्रकार विकसित नहीं होती है। क्योंकि माता-पिता का सामान्य गोत्र होने के कारण बौद्धिक विकास भी सामान्य रूप से होता है। जानकार मानते हैं कि इसके पीछे वैज्ञानिक आधार है, जो डीएनए से भी जुड़ा है। आने वाली पीढ़ियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाता ह। हिंदू धर्म के कई संत भी इस पर अपनी राय देते रहते हैं।



### ◆ सगोत्रीय विवाह न करने के वैज्ञानिक कारण

**एक** ही गोत्र के लोगों में जीन समान हो सकते हैं, जिससे कुछ आनुवंशिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। आनुवंशिक बेमेल और संकर डीएनए संयोजनों के कारण रक्त संबंधियों के बीच विवाह करने से संतान पैदा करने में समस्याएं हो सकती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अलग-अलग जीन वाले व्यक्तियों के बीच विवाह से जेनेटिक विविधता बढ़ती है और संतान के स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ता है।

### ◆ सगोत्री विवाह होना संभव है या नहीं

**आजकल** के युग में प्रेम विवाह का चलन बढ़ गया है। कुछ लोगों ने जाति धर्म के विपरीत जाकर विवाह करने के चलन को अपना लिया है, लेकिन ऐसा करना उनके लिए कई मुश्किलें बढ़ाता है। अगर फिर भी आप एक ही गोत्र में विवाह करना चाहते हैं या शिष्ट-संजोक ही ऐसा बन गया है कि आपको सगोत्रीय विवाह करना पड़ रहा है। इसके लिए कुछ विशेष उपाय किए जा सकते हैं, जो उचित मार्गदर्शन और परामर्श के साथ ही करने चाहिए। लड़की का कन्यादान उसके माता-पिता की जगह घर के किसी और सदस्य से करा देना चाहिए। ऐसे में आप सगोत्रीय विवाह कर सकते हैं। आर्य समाज के मंदिर में शादी की जा सकती है।

*विभा शर्मा, ज्योतिषाचार्य*
*शारदा ज्योतिष निकेतन*

# एयरपोर्ट के आसपास बनेगा मार्केटिंग परिसर : डीसी

## कहा, विस्तारीकरण की जद में आ रहे लोगों का पूरा ख्याल, उनके पुनर्वास को पहली प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे के आसपास मार्केटिंग परिसर बनाने का प्लान तैयार किया गया, इसके लिए भूमि भी चयनित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दुकानदारों को पुनर्वासित किया जा सके। सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण की प्रक्रिया की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि हवाई अड्डे के बाहर चारों तरफ 12-12 मीटर रोड बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया है, इसके लिए भी एसडीएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे की विस्तारीकरण प्रक्रिया को अब गति मिली है। एयरपोर्ट विस्तार को लेकर इस प्रकार का प्रारूप तैयार किया गया था कि कम से कम लोग विस्थापित हों। उन्होंने कहा कि विस्तारीकरण की जद में आ रहे लोगो का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उनके हितों की रक्षा के साथ उन्हें पहली प्राथमिकता दी जाएगी। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने एसडीएम कांगड़ा तथा एसडीएम शाहपुर को पात्र लोगों को नियमों के तहत मुआवजा राशि देने तथा पुनर्वास प्लान पर फोक्स करने के लिए भी कहा गया है ताकि किसी को भी असुविधा नहीं हो।



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विकास खंड अधिकारी को कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण में आने वाली पंचायत की संपत्तियों इत्यादि का रिकार्ड भी तैयार करने के लिए कहा गया है इसके साथ कूहलों तथा रास्तों का रिकार्ड भी बनाने के लिए कहा गया है।

उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तारीकरण हर प्रकार से हिमाचल प्रदेश और यहां के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। इससे जहां एक तरफ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बड़ा एयरपोर्ट बनने से यहां बड़े जहाजों के साथ मालवाहक जहाज भी उतरेंगे। इससे क्षेत्र में हजारों-लाखों लोगों के लिए रोजगार के बड़े प्रोजेक्ट आएंगे। इससे पर्यटकों की संख्या में कई गुणा वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से क्षेत्र और लोगों की आर्थिकी भी मजबूत होगी, जिससे जिले में व्यापार और पर्यटन कारोबार मजबूत होगा। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों की आमदन में इजाफा होगा तथा रोजगार के नये साधन भी उपलब्ध होंगे।

### अंद्रेटा में कला व शिल्प प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्लान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि अंद्रेटा में कला और शिल्प के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए पर्यटन विभाग तथा उपमंडल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में अंद्रेटा को कला, शिल्प के क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि अंद्रेटा एक ऐतिहासिक स्थल है तथा यहां प्रति वर्ष हजारों कला प्रेमी भ्रमण के लिए आते हैं इससे पर्यटन को भी बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अंद्रेटा में पर्यटन सूचना केंद्र भी स्थापित किया था, लेकिन अब इसी जगह पर सरकार के पास करीब दस कनाल की जमीन उपलब्ध है तथा इसी जमीन पर कला एवं शिल्प प्रशिक्षण केंद्र जैसी गतिविधियां आरंभ करने पर विचार किया जा रहा है।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि पर्यटन विभाग, उपमंडल प्रशासन तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अंद्रेटा में संयुक्त तौर पर विजिट करने तथा पुराने भवनों की मरम्मत का प्राकलन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कला और शिल्प को बढ़ावा देने के दृष्टिगत सभी संभावनाओं की रिपोर्ट भी देने के लिए कहा गया है, ताकि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके। कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए सरकार तीव्र गति से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण से लेकर धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कन्वेशन सेंटर की प्रस्तावित योजना, बनखंडी में बनने वाले जूलॉजिकल पार्क, नगरोटा बगवां में प्रस्तावित ओल्डेज वेलनेस रिजॉर्ट, नरघोटा में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज, जिले में आइस स्केटिंग तथा रोलर स्केटिंग रिंक के प्रस्तावित निर्माण, पौंग में प्रस्तावित पर्यटन व साहसिक खेल गतिविधियों समेत अन्य विकास योजनाओं पर कार्य चल रहा है।



ठारू (नगरोटा बगवां) के मोक्ष धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

हैप्पी बर्थडे

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला में हिम ईरा शॉप का डीसी ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग तथा विपणन के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे, ताकि महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। सोमवार को धर्मशाला के जिला परिषद कार्यालय के बाहर हिम ईरा शॉप का शुभारंभ करने के उपरांत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि हिम ईरा शॉप में धर्मशाला उपमंडल के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों अपने उत्पाद बेचने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में हिम ईरा शाप्स की अहम भूमिका रहेगी, चूंकि ग्रामीण स्तर पर महिला स्वयं सहायता समूह आर्गेनिक तरीके से उत्पाद तैयार करते हैं तथा हिम ईरा शाप्स के माध्यम से इन उत्पादों के विपणन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

### सीता राम कॉलोनी व आसपास आज पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता ने बताया कि 18 फरवरी को स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते त्रिलोकीनाथ मंदिर, चटोरी गली तथा सीता राम कॉलोनी आदि क्षेत्रों में प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।




### डाडासीबा टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में महाकुंभ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। समापन पर कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्यातिथि रूप में शिरकत की। मनकोटिया ने पूरी कमेटी के सदस्यों की तारीफ करते हुए महाकुंभ क्रिकेट क्लब को अपनी ओर से 21000 रुपए भेंट किए। टूर्नामेंट का फाइनल मैच डाडासीबा बनाम अंब के बीच खेला गया, जिसमें डाडासीबा टीम विजयी रही। विजेता टीम को 21000 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 11000 रुपए इनाम व ट्रॉफी दिए गए।

### भाषण प्रतियोगिता में तमन्ना रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने इस उपलक्ष्य पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के आठ छात्रों ने भाग लिया, जिसमें तमन्ना ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय व कृष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ. सुलक्षणा शर्मा, प्रो. सुनीता कुमारी व प्रो. शवनम ठाकुर ने जज के रूप में भाग लिया।

### इंदौरा के पास नर कंकाल मिलने से दहशत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत एक नर कंकाल मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा थाना इंदौरा में फोन पर सूचना दी कि संसाना गांव के पास एक नर कंकाल क्षत-विक्षत हालत में झाड़ियों में पड़ा हुआ है, जिस पर थाना प्रभारी आशीष पठानिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया और कंकाल को कब्जे में लेकर नूरपुर के सिविल अस्पताल में दे दिया है, ताकि उसके सही परिवारजनों का पहुंचा जा सके। मौके पर जैकेट तथा टी-शर्ट बरामद हुई है, जिस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए सभी पुलिस थानों को इस संबंध में सूचित कर दिया है।



### कांगड़ा स्कूल में करवाया कुकिंग कंपटीशन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** ब्लॉक खंड कांगड़ा द्वारा कुकिंग कंपटीशन का आयोजन राजकीय प्राथमिक पाठशाला कांगड़ा में करवाया गया इस अवसर पर खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कांगड़ा अंजु बाला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि पहले कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन केंद्र स्तर पर करवाया गया था। इसमें लगभग 170 कुक कम हेल्पर ने अपने-अपने केंद्र स्कूल में इस कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लिय जिसमें 22 कुक कम हेल्पर ने प्रथम स्थान अपने-अपने केंद्र स्तर पर प्राप्त किया बाद में इस प्रतियोगिता में चुने हुए प्रतिभागियों को खंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता के लिए बुलाया गया जिसमें ड्यूरिंग कमेटी द्वारा तीन प्रतिभागियों ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल राजेश पराशर, अधीक्षक ग्रेड,11 नरेंद्र कुमार, सीएचटी वंदना कुमार अवस्थी, सीएचटी नरेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### नशीले पदार्थों के उत्पादन पर लगे बैन : मदन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** विश्व हिंदू परिषद के जिला देहरा के उपाध्यक्ष मदन लाल शर्मा ने कहा कि अगर सरकार शराब, बीड़ी , सिगरेट जैसे नशे को बंद कर दे तो देश से गरीबी दूर हो सकती है। शराब और बीड़ी, सिगरेट पर साफ शब्दों में लिखा होता है कि बीड़ी,सिगरेट, शराब सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। फिर भी सरकार लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करके इन नशीले पदार्थों को बढ़ावा दे रही है। आंकड़ों के अनुसार गुटखा खाने से लगभग 60 प्रतिशत व्यक्ति और महिलाएं मुंह के कैंसर की वजह से अकाल मौत का ग्रास बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन नशीले पदार्थों का उत्पादन बंद हो जाए तो देश फिर से सोने की चिड़िया बन सकता है । उन्होंने कहा कि शराब आदि पर व्यर्थ में खर्च किए जा रहे पैसे से आम आदमी भी अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर उनके भविष्य को संवार सकेगा। झूंगी-झोंपड़ियों में रहने वाला गरीब आदमी भी अपने जीवन स्तर को सुधार सकेगा, लेकिन विडंबना है कि इस देश में शराब आदि नशे का लालच देकर सता हासिल करने में आसानी हो जाती है। इसलिए शायद नेता लोग भी यह नहीं चाहते हैं कि शराब आदि नशा बंद न हो। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ बंद हो जाने से अपराधों में भी कमी आएगी और घरों में भी शांति और सौहार्द का माहौल बनेगा।



# बीडीओ ने स्वयं सहायता समूहों, बीओ और सीएलएफ के प्रधानों-सचिवों को बताए टारगेट

## कहा, जो लोनिंग का टारगेट मिला है, वह अभी तक नहीं हुआ पूरा

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

नूरपुर खंड विकास कार्यालय नूरपुर में राष्ट्रीय ग्राम आजीविका मिशन के संबंध में स्वयं सहायता समूह,बीओ, सीएलएफ समूह के सभी प्रधानों और सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई।



इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह, बीओ, सीएलएफ आदि को जो रिवॉल्विंग फंड दिया है, उसका कितना इस्तेमाल, उसका क्या स्टेटस है आदि के बारे में जानकारी लेना था। इस बैठक में खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार ने विस्तार से स्वयं सहायता समूह के सभी सदस्यों को जानकारी दी और कहा कि हमें ऊपर से लोनिंग का टारगेट मिला है, वह बहुत बड़ा है और अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि खंड नूरपुर के अंतर्गत लगभग 509 स्वयं सहायता समूह, 60 के लगभग बीओ, और 3 सीएलएफ बने हैं। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि इन सब के साथ सही से तालमेल बैठाकर लोन का जो टारगेट मिला है, उसे प्राप्त करना इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था। (अनंत ज्ञान)

## मार्केटिंग प्लानिंग में व्यापार मंडल गगल को भी विश्वास में लिया जाए : कोहली

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा के जिलाधीश हेमराज बेरवा द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण की जद में आने वाले दुकानदारों के लिए पुण: रोजगार के लिए मार्केट बनाए जाने को लेकर दिए गए वक्तव्य बोलते हुए गगल व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दुकानदारों के लिए नया शॉपिंग कंपलेक्स या मार्केट आदि बनाए जाने के समय या भूमि चयनित करने के समय व्यापार मंडल को भी विश्वास में लिया जाए, ताकि व्यापारी सही जगह पुन स्थापित हो सके और यह स्थापन उस जगह होने चाहिए, जो व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हो। उन्होंने कहा के जिला प्रशासन को ऐसी जगह मार्केटिंग बनानी चाहिए जहां पर सभी दुकानदार दो वक्त की रोजी-रोटी कमाकर अपने परिवारों का पालन पोषण कर सके और जब तक नई मार्केट बनकर तैयार नहीं हो जाती तब तक दुकानदारों को विस्थापित ना किया जाए, क्योंकि अगर नई मार्केट बनाने से पहले दुकानदारों को उजाड़ दिया गया तो उनके लिए परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा।

## आकाश पहलवान ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ते क्षेत्र में श्रीश्री सिद्ध बाबा राजाराम जी महाराज मंदिर रैहन का वार्षिक छिंज मेला धूमधाम से संपन्न हो गया। इस छिंज मेले में आयोजित दंगल में बड़ी माली का मुकाबला आकाश पहलवान पठानकोट व पप्पी पहलवान लंबानाल के बीच हुआ, जिसमें आकाश पहलवान विजेता रहा।

## मल्टी टास्क वर्कर्स को दिया जाए दैनिक वेतनभोगी का दर्जा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शिक्षा विभाग में कार्यरत पार्ट टाईम मल्टी टास्क वर्कर्स यूनियन के नियमितीकरण हेतु यूनियन के जिला अध्यक्ष विपन के नेतृत्व में सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इसमें उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में वर्ष 2021-22 में मल्टी टास्क वर्कर की भर्ती हुई थी। उनसे दैनिक भोगी कर्मचारियों के बराबर काम लिया जाता है। विभाग के आदेशानुसार हमारा कार्य सुबह 8:30 बजे से साय 3:30 तक का होता है। इसके अलावा हमें मासिक वेतन केवल 10 महीने का ही दिया जाता है, जिसके चलते बाकी के दो महीने हमें अपने परिवार का पालन पोषण करने में बहुत कठिनाई होती है। उन्होंने 12 महीने वेतन देने की मांग की। हमें शिक्षा विभाग में पार्ट टाइम मल्टी कम पार्ट टास्क वर्कर्स के पद पर कार्य करते हुए लगभग 3 साल होने वाले हैं। तीन साल के बाद (सेवाकाल पूरा होते ही) दैनिक वेतनभोगी का दर्जा दिया जाए।

# सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर में दो दिवसीय ट्यूलिप महोत्सव आज से

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईएचबीटी), पालमपुर एवं इंडियन सोसायटी ऑफ ओर्नामेंटल हॉर्टिकल्चर (आईएसओएच) मिलकर 18-19 फरवरी को ट्यूलिप महोत्सव और राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहे हैं। इस संगोष्ठी का उद्देश्य सजावटी कंदीय फूलों की खेती, शोध और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देना है। इसके साथ एक किसान मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

संगोष्ठी में शोधकर्ता, बागवानी विशेषज्ञ, नीति निर्माता, किसान, उद्यमी और उद्योग हितधारक भाग लेंगे और कंदीय फूलों की खेती में प्रगति पर चर्चा करेंगे।

इस कार्यक्रम एक बिंदु है ग्रामीण आजीविका और कृषि पर्यटन को प्रोत्साहित करना तथा सजावटी बागवानी का इसमे योगदान। संगोष्ठी में 109 वैज्ञानिक प्रस्तुति और 26 प्रख्यात वक्ताओं के व्याख्यान शामिल होंगे जो भारत के विभिन्न राज्यों से सम्मिलित होंगे। हरियाणा से रेड मिर्ची एसोसिएट्स, लद्दाख से ब्लूमें फ्लोरल्स और सर्चन फ्लावर्स, पंजाब से आरटीएस फ्लावर्स, उत्तराखंड से शिवालिक फ्लोरिस्ट, हिमाचल प्रदेश से वाटिका फ्लोरीकल्चर सोसायटी एवं टियन फ्लावर स्फूर्ति क्लस्टर, केएफ बायोप्लांट्स, राइज एन शाइन, प्रिसिजन एग्रो टेक, फ्लोरेंस फ्लोरा, रिसर्च एड, एनएचबी, सबजीरो फार्म्स सहित पंद्रह उद्योग प्रतिभागिता करेंगे। इसके इलवा बिलासपुर, मंडी, शिमला, चैल, फतेहगढ़ साहिब, कालाडुंगी, लेह, कारगिल से लगभग पचास किसान इसमे भाग लेंगे। संगोष्ठी के चार तकनीकी सत्रों में जेनेटिक सुधार, उत्पादन संवर्द्धन, पौध संरक्षण, प्रबंधन, फाइटोसैनिटरी प्रोटोकॉल और कंदीय फसलों का मूल्य संवर्द्धन विषय शामिल होंगे। प्रत्येक सत्र में विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रस्तुतिकरण और चर्चा शामिल होंगी।

## होशियार सिंह लोगों को गुमराह कर रहे : सपन सूद

**अनंत ज्ञान, देहरा।** जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सपन सूद ने पत्रकार वार्ता में कहा कि विधायक कमलेश ठाकुर की राजनीतिक कार्यकुशलता के कारण देहरा विधानसभा में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। विधायक ने अपने सात माह के कार्यकाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से लगभग 300 करोड़ रुपए की योजनाएं स्वीकृत करवाकर अपने राजनीतिक विरोधियों को नेस्ताबुंद कर दिया है। उपचुनाव में कमलेश ठाकुर के हाथों मिली करारी हार से सदमे में जी रहे पूर्व विधायक व भाजपा नेता होशियार सिंह को देहरा विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों से अपनी खिसकती राजनीतिक जमीन दिख गई है। सपन सूद ने कहा कि पूर्व विधायक होशियार सिंह अनर्गल बयानबाजी करके लोगों को गुमराह कर रहे हैं। होशियार सिंह की झूठ की हांडी विधायक कमलेश ठाकुर की राजनीतिक कार्यकुशलता के आगे कहीं भी टिकने वाली नहीं है।



# जनता की हिफाजत करने वाली पुलिस भी सेफ नहीं



**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

जनता की हिफाजत करने वाली पुलिस भी अब सुरक्षित नहीं है। पुलिस दिन-रात जनता की हिफाजत करने में लगी हुई हैं, परंतु कुछ शरारती तत्व व ऊंची पहुंच वाले शरेआम गुंडागर्दी करने पर उतारू हैं। ताजा मामले में सदवा के सिंबली में एक व्यक्ति द्वारा नाके के दौरान पुलिस कर्मचारियों पर गाड़ी चढ़ा दी गई, जिससे पुलिस कर्मचारी घायल हो गए। जिला पुलिस नूरपुर सिंघम के नाम से मशहूर एसपी अशोक रत्न को अब इन शरारती तत्वों पर नुकैल कसनी चाहिए और इन्हें किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ना चाहिए। ऐसे शरारती तत्वों पर सख्ती से निपटना चाहिए।

वहीं, एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि रात करीब बजे सिंबली में एएसआई भजन सिंह, एचएचसी नवजोत, एचएचसी बलविंदर और सिपाही राहुल ने नाका लगाया हुआ था। नाके के दौरान एचपी38 एफ 3245 महिंद्रा गाड़ी को चलाता हुआ ड्राइवर सुरजीत सिंह पुत्र राज सिंह बीपीओ सदवा से आया। चेकिंग के लिए वाहन रोकने को कहा तो उसने गलत साइड से पुलिस बल पर गाड़ी चढ़ा दी। इसमें एएसआई भजन देव, सिपाही राहुल व एचएचसी बलविंद्र को चोट लगी है। भजन देव और राहुल टीएमसी में हैं। अस्पताल में भर्ती भजन और राहुल ने पहले आबकारी अधिनियम की रेड की थी, जिसमें सुरजीत ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सुरजीत को गिरफ्तार कर लिया है।

**सदवा पुलिस पर रात को नाके के दौरान सिंबली में हुआ जानलेवा हमला**

# शिवरात्रि महोत्सव में इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ में लगेंगी दुकानें

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

शिव मंदिर के साथ लगते मेले में बढ़ती भीड़ को मद्देनजर रखते हुए इस बार प्रशासन ने इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ में शिवरात्रि महोत्सव की दुकानें लगाने का निर्णय लिया है। इससे एक तो उपमंडल स्तर के अस्पताल बैजनाथ में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी, वहीं पर भोले शंकर के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी भीड़ भड़के से भी निजात मिलेगी।



इसके साथ-साथ वह अपने बाहनों को प्रशासन द्वारा निर्धारित जगह पर खड़ाकर सकेंग। पहले की तरह ही सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में ही किया जाएगा और विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी अभी इसी मैदान के दाहिने तरफ लगाई जाएंगी।

बीते कल शिवरात्रि महोत्सव समिति द्वारा स्टेडियम को एकमुश्त मेला के लिए खुली बोली से नीलामी की गई जिसके एवज में समिति को 27 लाख रुपए की आमदनी हुई तथा 3.50 लाख रुपए झूले लगाने के लिए निलाम किए गए। आज से ठेकेदारों मनोज कपूर विकास शर्मा और सुरजीत काका द्वारा प्लाटिंग कर स्टॉल आवंटन का कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि डोम में लगाई जाने वाली दुकानों का किराया अधिक रखा गया है, जबकि छोटे दुकानदारों के लिए सस्ती दरों पर प्लाट उपलब्ध करवाया जाना प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया गया है। उधर, महोत्सव समिति के अध्यक्ष देवी चंद ठाकुर ने कहा कि किसी भी दुकानदार को कोई दिक्कत न हो इसके लिए पेयजल और शौचालय की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इंदिरा गांधी मेला ग्राउंड बैजनाथ आने वाले लोगों के लिए परिवहन निगम द्वारा सटल बस सेवा की भी व्यवस्था की गई है।

वहीं, मेला ग्राउंड की नीलामी अपने नाम करने वाले मनोज कपूर का कहना है कि उनका लक्ष्य पैसा कमाना नहीं है, बल्कि बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव को सफल बनाना है उन्होंने मिला इंदिरा गांधी स्टेडियम में स्थानांतरण करने के लिए स्थानीय विधायक किशोरी लाल तथा बैजनाथ प्रशासन का भी धन्यवाद किया है। (अनंत ज्ञान)

# सुक्खू सरकार बताए, महाकुंभ के लिए क्यों नहीं लगाई बसें

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भारतवर्ष के इतिहास में आज तक के सबसे बड़े मेले अर्थात महाकुंभ प्रयागराज का सुक्खू सरकार लाभ नहीं ले सकी। यह प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को स्मरण करवाते हुए कहा कि जबवह मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने कहीं भाषण दिया था कि हिमाचल प्रदेश के 90 प्रतिशत हिंदुओं ने वोट देकर कांग्रेस की सरकार बनाई। आज मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हिंदुओं की ही आस्था एवं भावनाओं किस तरह अनदेखी की इसका उदाहरण ढूंढते नहीं मिलेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि आज प्रयाग राज महाकुंभ में देश से ही नहीं, अपितु विदेशों से भी अनगिनत लोग आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। इन लोगों के आने से जहां एयरवेज, परिवहन व उन उद्योगों को लाभ मिल रहा है जिसका उपयोग वे कर रहे हैं, मगर व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू इस महाकुंभ का जरा लाभ नहीं ले पाए। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा वित्तीय सहायता नहीं देने का आरोप हर समय लगाने वाले मुख्यमंत्री क्या यह स्पष्ट करेंगे कि उन्होंने महाकुंभ के लिए हिमाचल परिवहन निगम की बसों को क्यों नहीं जाने दिया, जबकि हिमाचल से अभी भी भारी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ के लिए जा रहे हैं।



## स्पोर्ट्स

### विधायक विपिन सिंह परमार ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को बांटे इनाम

# थुरल क्लब की टीम ने जीता जोहड़ क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, डरोह**

ड्रीम बिग क्लब होला की ओर से 15 दिवसीय जोहड़ ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जोहड़ मैदान में किया गया। इस खेल का सारा प्रबंध होला निवासियों मनीष चौधरी और मनोज कुमार द्वारा किया गया।

इस टूर्नामेंट में मुख्यातिथि की भूमिका सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने निभाई। इसमें टूर्नामेंट में लगभग 22 टीमों ने भाग लिया। इस बीच पहला सेमीफाइनल थुरल क्लब व सूरी क्लब के बीच खेला गया, जिसमें थुरल क्लब विजेता रहा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल होला क्लब व रोड़ा क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें होला क्लब विजेता रहा। टूर्नामेंट का फाइनल थुरल क्लब व होला क्लब के बीच खेला गया, जिसमें थुरल क्लब विजेता रहा। थुरल क्लब को 8100 रुपए इनाम व ट्रॉफी देकर मुख्यातिथि व क्लब सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले होला क्लब को 5100 रुपए व ट्राफी के साथ नवाजा गया। इस अवसर पर भाजपा भवारना मंडल के अध्यक्ष हंस राज,चांदड़ बमियाल पंचायत की प्रधान अनुपमा व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विजय गुलेरिया ने खिलाड़ियों को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने ड्रीम बिग क्लब होला के सभी सदस्यों को क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बधाई दी और उन्हें इस कार्यक्रम में बुलाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आज बहुत से नौजवान नशे के चांगुल में बुरी तरह फंस चुके हैं। नशे की खबरें आए दिन पढ़ने को मिलती हैं।



उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहें तो नौजवान कभी नशे के पीछे ना भागें। इस दौरान उन्होंने क्लब को 21000 रुपए देने की घोषणा भी की। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश चौधरी, यूथ फिटनेस अकेडमी के डायरेक्टर संजय कुमार, पूर्व मंडलाध्यक्ष सुलह कैप्टन देश राज शर्मा मौजूद रहे।

## लंज कॉलेज में करवाई चित्रकला प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकिय महाविद्यालय लंज में सोमवार को सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने चित्रकला के दवारा सड़क यातायत नियम तथा सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

## बेदखली सूचना

**मैं सतीश कुमार** (51 साल) पुत्र श्री जल्हा राम निवासी गांव दीणी, डाकघर गदराणा, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी रीया मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपनी बेटी रीया को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### संजीवनी परिवार के सदस्यों की डीएसपी से शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** संजीवनी परिवार के सदस्यों ने सोमवार को एसडीपीओ कार्यालय में डीएसपी रोहड़ू प्रणव चौहान से शिष्टाचार मुलाकात की। संजीवनी परिवार के सदस्यों ने डीएसपी को गुलदस्ता सौंपकर उपमंडल रोहड़ू में बतौर एसडीपीओ का पदभार संभालने के लिए शुभकामनाएं दी और उनका रोहड़ू में स्वागत किया। इस दौरान उन्हें सीएफसी संजीवनी क्रिकेट प्रीमियर लीग-4 में ड्रग्स के खिलाफ समिति की ओर से चलाई जा रही मुहिम के लाइव सेशन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। इस अवसर पर संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू के अध्यक्ष गोपाल चौहान, उपाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, मुख्य सलाहकार बंटी ठाकुर , सचिव सागर राठौर व सदस्य निकुल शर्मा मौजूद रहे।

### जुब्बल में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर मुहिम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** स्वच्छ शहर समृद्ध शहर की मुहिम का शुभारंभ नगर पंचायत जुब्बल की ओर से 11 फरवरी 2025 से किया गया। जिसके अंतर्गत सोमवार को स्थानीय महिलाओं ने इस स्वच्छता अभियान में भाग लिया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जागरूक करना है। इस मुहिम को चलाने के लिए नगर पंचायत जुब्बल में बने स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर लोगों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करने के बारे में जागरूक करेगी। वहीं साथ ही उन्हें यह भी जानकारी दी जाएगी कि क्या नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा उनसे कचरा लिया जाता है या नहीं! क्या वे अपना कचरा अलग-अलग करके देते हैं या नहीं। सोमवार से यह मुहिमा वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4 व 7 से शुरू की गई है।

### युवा पीढ़ी ने जाने सड़क सुरक्षा के नियम

**महेंद्र कुमार, सुन्नी ।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो. अंजलि चौहान ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. दामोदर गौतम ने बताया कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को सड़क सुरक्षा के महत्व का अहसास होता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य प्रो. सुचित्रा, प्रो. मोनिका एवं प्रो. अनिल भी उपस्थित रहे।

### गेयटी थियेटर में लगाई राष्ट्रीय कला की प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी के गेयटी थियेटर में पंडयाल एक पहल राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। रविवार को इस प्रदर्शनी का आखिरी दिन रह था। इस प्रदर्शनी का आयोजन बेहद सफल रहा है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में 2 लाख 12 हजार तक की ब्रिकी दर्ज की गई है। इस प्रदर्शनी में लोगों ने लकड़ी से तैयार उत्पादों की खरीददारी की है। लोगों ने प्रदर्शनी से वुडन पेंटिंग, हिमाचली पारंपरिक खिलौने स्टोन आर्ट और क्राशिया से तौंयार फूलों की खरीददारी की है। इस प्रदर्शनी में शिमला, मंडी, बिलासपुर, यूपी और मध्यप्रदेश के कलाकारों द्वारा बनाए चित्रकला, मूर्ति, क्रोशिया के फूल, हैंडमेड एयरिंग और लकड़ी के हिमाचली खिलौनों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन रजत पंडयाल द्वारा किया गया है। रजत पंडयाल शिवा इंटर नेशनल स्कूल बिलासपुर में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह खुद भी लकड़ी से खिलौने और अन्य चीजों को तैयार करते है।

सरकार नशे में संलिप्त अपराधियों पर कार्रवाई कर रही सुनिश्चित : शांडिल, कहा-

# नशा माफिया की तीन वर्ष में 16 करोड़ की संपत्ति जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल (डॉ.) धनी राम शांडिल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में नशे को रोकने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठा रही है तथा राज्य पुलिस अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर नशे के अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान नशा माफिया के खिलाफ न तो कोई सख्त कार्रवाई की गई और न ही कोई सख्त कानून बनाने की दिशा में कदम उठाए।

उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के पूरे पांच साल के कार्यकाल में पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट लंबित रहा, जबकि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही मात्र चार



महीनों के भीतर इसकी अधिसूचना जारी कर दी और नशा माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू की।

उन्होंने कहा कि यह कानूनी प्रावधान उन लोगों को हिरासत में लेने की अनुमति देता है जो बार-बार नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल पाए जाते हैं, जिससे वे समाज की सुरक्षा को नुकसान न पहुंचा सकें। इस कानून के तहत अब तक प्रायोजक प्राधिकरण ने 81 केस प्रस्तुत किए हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पिछले छः महीनों में पुलिस ने नशा माफिया की धरपकड़ तेज कर दी है, उनके नेटवर्क को ध्वस्त किया है और उनकी अवैध संपत्तियों को जब्त किया है। पिछले तीन वर्षों में अवैध रूप से अर्जित 16 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है, जिसमें से लगभग 9 करोड़ रुपए की संपत्ति पिछले वर्ष जब्त की गई थी।

## नशा निरोधक अधिनियम लाने पर हो रहा विचार

**कर्नल** (डॉ.) धनी राम शांडिल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार है जब 40 से 50 स्थलों की तलाशी ली गई ताकि नशे के तस्करों पर नकेल कसी जा सके। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं । स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए सरकार विधानसभा सत्र में हिमाचल प्रदेश नशा निरोधक अधिनियम लाने पर विचार कर रही है ।

## कुप्रबंधन के अनेक मसले आ रहे सामने : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस



सरकार के कार्यकाल में एक के बाद एक कुप्रबंधन के अनेकों मसले सामने आ रहे हैं, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश को विकास की दृष्टि से काफी क्षति पहुंच रही है। कचरे से ऊर्जा उत्पादन योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश से बायोगैस प्लांट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव दिल्ली वालों को नहीं मिला है।

हिमाचल सरकार का इस बात पर कहना था कि बायो गैस प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय को भेजा गया है, लेकिन इस बात का खुलासा संसद के चल रहे बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में हुआ कि इस तरह का कोई प्रस्ताव दिल्ली भेजा ही नहीं गया है। नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय राज्य मंत्री श्रीपद नायक ने बताया की मंत्रालय को कचरे से ऊर्जा उत्पादन योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश से बायो गैस प्लांट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

## प्रियंका गांधी से मिले विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की और उन्हें वायनाड से सांसद चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश से संबंधित सरकार और संगठन के मसलों पर भी उनसे विचार-विमर्श किया।

## विश्वविद्यालय ने बीएड प्रवेश के लिए बढ़ाई ऑनलाइन आवेदन की तिथि

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दूरवर्ती शिक्षण संस्थान सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) इक्डोल से बीएड कोर्स करने के लिए प्रवेश की ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 12 मार्च कर दिया है।

इस कोर्स में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र विवि की वेबसाइट पर सीडीआई के दिए गए लिंक के माध्यम से तय की गई अंतिम तिथि तक आवेदन कर सकेंगे। इस कोर्स में प्रवेश के लिए तय की गई पात्रता शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बीएड कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 17 मार्च से 25 मार्च तक काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, इसमें आवेदनकर्ताओं के शैक्षणिक और अन्य दस्तावेजों प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी।

पूर्व में काउंसिलिंग 19 से 27 फरवरी तक होनी थी। काउंसलिंग के नए शेड्यूल को विवि 13 मार्च तक सीडीओई की वेबसाइट पर अपलोड कर देगा। सीडीओई की निदेशक प्रो. संजू करोल ने बताया कि डीएलएड के परिणाम घोषित नहीं होने से आवेदन की तिथि को बढ़ाया गया है। प्रवेश के लिए तय की गई पात्रता शर्तों के साथ दूसरी जानकारी विवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई हैं।

## देवभूमि अकादमी रोहड़ू ने कबड्डी का खिताब किया अपने नाम



**दशमी रावत, जुब्बल**

जुब्बल उपमंडल का खेलों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। निरंतर अंतराल पर जुब्बल में युवाओं को नशे से दूर रखने व खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

जय महासू यूथ क्लब जुब्बल द्वारा तीन दिवसीय ओपन कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 फरवरी तक एतिहासिक खेल प्रांगण जुब्बल में करवाया गया। वहीं महिला वर्ग की प्रतियोगिता का फाइनल मैच देवभूमि अकादमी रोहड़ू ने खिताब अपने नाम किया।

वहीं पुरुष वर्ग का फाइनल मैच नेरवा पैंथर ने अपने नाम किया। मुख्यातिथि नायब तहसीलदार जुब्बल युद्ध अभय सिंह व थाना प्रभारी जुब्बल चेतन चौहान ने महासू यूथ क्लब जुब्बल की कार्यकारणी को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

## शिवरात्रि पर चूड़धार का रुख न करें श्रद्धालु : हेम चंद

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** बर्फबारी व खराब मौसम के चलते यात्रा पर रोक के बावजूद श्रद्धालु चूड़धार का रुख कर रहे है। रास्ते में बर्फ जमी होने के कारण कई श्रद्धालु रास्ते में ही फंस सकते है।

चूड़धार मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने कहा कि बर्फबारी के कपाट आधिकारिक तौर पर बंद किए गए है और कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए बर्फबारी में दिसंबर से लेकर मार्च माह तक यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध रहता है। इन दिनों मंदिर की रखवाली के लिए मंदिर स्टाफ के मात्र दो ही कर्मचारी तैनात है। एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने कहा कि यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध है और उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि श्रद्धालुओं को न जाने दे।

# चौपाल में समृद्ध शहर सशक्त शहर मिशन से चमकेगी नगर पंचायत

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

प्रदेश के समस्त नगर निकायों के लिए सरकार द्वारा संचालित 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' मिशन का नगर पंचायत चौपाल में नगर पंचायत अध्यक्षा विमला मलिक द्वारा शुभारंभ किया गया ।

इस मौके पर योजना के सफल संचालन के लिए एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें नगर पंचायत के उपाध्यक्ष चंद्रमोहन ठाकुर तथा सभी वार्ड सदस्य ,स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं नगर पंचायत के समस्त सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद नगर पंचायत पार्षदों व अन्य को संबोधित करते हुए विमला मलिक और चंद्रमोहन ठाकुर ने कहा कि नगर पंचायत चौपाल के तहत सभी सात वार्डों में योजना का संचालन 9 अप्रैल तक किया जाएगा। योजना के तहत नगर पंचायत के समस्त पार्षद और कर्मचारी सभी वार्डों में घर घर जाकर समस्त नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान अभी चौपाल वासियों को सरकार द्वारा संचालित सिटीजन सेवा पोर्टल माध्यम से चलाई जा रही सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी । उन्होंने कहा कि इसके अलावा इस योजना के तहत नगर पंचायत के लोगों की शिकायतों के निपटारे और समस्याओं के निदान हेतु हर हफ्ते दो दिन प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को विशेष अभियान के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा,जिसमे लोगों की समस्याओं पर मंथन कर उनका समाधान किया जाएगा।

योजना का मुख्य उद्देश्य नगर पंचायत के लोगों को योजना से जोड़कर उनकी शिकायतों का निवारण और समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने समस्त पार्षदों, नगर पंचायत कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही समृद्ध शहर-सशक्त शहर योजना को सफल बनाने में सहयोग का आग्रह किया।

## नयना देवी मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव शुरू



श्री नयना देवी जी। हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन उपलक्ष्य पर शिवरात्रि महोत्सव शुरू हो गया है। यह 10 दिन तक चलेगा। यह शिवरात्रि महोत्सव मंदिर न्यास ओर पुजारी वर्ग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शिव महापुराण की कथा, शिव भजन संध्या और शिव पूजा अर्चना पाठ विधिवत रूप से किया जा रहा है। पंडित पंकज शर्मा द्वारा महाशिवपुराण की कथा की जाएगी। इस शिवरात्रि महोत्सव में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा और अन्य प्रदेशों से काफी संख्या में श्रद्धालु भी भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर प्रतीक गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। 8 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडुता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इ्रसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले है, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है।

वार्ड में जाकर मरीजों का किया चेकअप, पूरी तरह स्वस्थ हो चुके लोगों को दी छुट्टी

# बिलासपुर अस्पताल में एमडी छुट्टी पर तो चिकित्सा अधीक्षक ने खुद चेक किए मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह स्वयं मरीजों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए वार्ड में पहुंच गए। दरअसल, जिला अस्पताल बिलासपुर में एमडी दो दिन के अवकाश पर चल रहे हैं। वार्ड में भर्ती हुए मरीजों को स्वास्थ्य जांच के लिए काफी दिक्कतें हो रही थीं। ऐसे में सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह स्वयं मरीजों की जांच करने के लिए पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती महिला व पुरुष मरीजों की जांच की। ऐसे में कुछ मरीज ऐसे भी थे, जो ठीक हो चुके थे, लेकिन एमडी विशेषज्ञ अवकाश पर होने के चलते उन्हें छुट्टी नहीं मिल पा रही थी। चिकित्सा अधीक्षक ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच करने के बाद कुछ मरीजों को छुट्टी भी कर दी। जिला अस्पताल बिलासपुर में इस तरह से



पहली बार कोई स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी चिकित्सकों की छुट्टी होने पर स्वयं मरीजों की जांच करने वार्ड में गया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए नए-नए प्लान भी तैयार करते हैं। अभी हाल ही में उन्होंने अस्पताल परिसर के ईएनटी वार्ड में इंटीग्रेटिड लैब बनाने का भी निर्णय लिया है। इससे मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए अस्पताल के अंतिम छोर पर नहीं जाना पड़ेगा। 1 करोड़ रुपए से बनने जा रही इस लैब का कार्य शुरू भी हो गया है और जल्द ही यह बनकर तैयार भी हो जाएगी।

**बोले, चिकित्सक की छुट्टी के चलते मरीजों को नहीं आने देंगे कोई दिक्कत**

इसी के साथ उन्होंने अस्पताल में तैनात चिकित्सकों को सुबह 10:00 बजे ओपीडी में पहुंचने के आदेश भी जारी किए है। वहीं, सब पर पूरा चेक रखने के लिए ओपीडी में जाकर औचक निरीक्षण भी करते हैं।

> एमडी अवकाश पर हैं। मरीजों के स्वास्थ्य जांच के लिए स्वयं मेडिकल वार्ड में जाकर राउंड कर रहा हूं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत हैं।
>
> **-डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, बिलासपुर।**

## बरठीं-ए की टीम ने कहलूर वॉलीबॉल प्रतियोगिता जीती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चेतना संस्था के तत्वावधान में आयोजित कहलूर वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। बरमाणा में आयोजित जिला स्तरीय खिताबी मुकाबले में बरठीं 'ए' ने लघट सीनियर को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, भटेड़ ने बरठीं 'बी' को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। बरठीं 'ए' के अभिषेक सोनी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिताब से नवाजा गया। गत रविवार देर शाम समापन समारोह में सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थिति दर्ज करवाई।

**फाइनल मैच में लघट सीनियर को हराकर 51 हजार रुपए का इनाम पाया**

'खेलेगा बिलासपुर-खिलेगा बिलासपुर' के नारों के बीच विजेता टीम को 51 हजार रुपए की नकद राशि दी गई। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें क्रमश: 31 हजार व 11 हजार रुपये की इनामी राशि की हकदार बनीं। समापन समारोह में वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके अर्जुन अवार्डी संजय फोगाट और अहमदाबाद डिफेंडर्स के साजिद हुसैन विशेष तौर पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा कि खेलें जीवन का अभिन्न अंग हैं। शारीरिक व बौद्धिक तौर पर स्वस्थ रहने के लिए बच्चों व युवाओं का खेलों में भाग लेना बेहद जरूरी है। इससे उनमें अनुशासन व प्रतिस्पर्धा के साथ ही भाईचारे की भावना भी विकसित होती है। नशा वास्तव में ही एक गंभीर चुनौती और ज्वलंत समस्या बनता जा रहा है। नशे की चपेट में आने से कई घरों के चिराग बुझ चुके हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है।

इस उद्देश्य से कहलूर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा और उनकी पूरी टीम बधाई के पात्र हैं।

## बिलासपुर महाविद्यालय ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पाया दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में महाविद्यालय बिलासपुर के दो मेधावी विद्यार्थियों तृप्ता ने बीए प्रथम वर्ष में और शिवम ने बीए द्वितीय वर्ष में क्रमश: जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने दोनों मेधावियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास है। उसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु महाविद्यालय में छात्रों के संपूर्ण विकास हेतु भिन्न भिन्न अवसर एवं मंच प्रदान किए जाते हैं। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इन अवसरों का भरपूर लाभ मिल रहा है। छात्रों ने जहां खेलकूद, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न युवा महोत्सवों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, वहीं अकादमिक क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यार्थियों में समग्रतात्मक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के विकास हेतु इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई। जानकारी देते हुए परीक्षा आयोजक कमेटी ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 24 अक्तूबर को किया गया था, जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों के 103 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## सुंगल, सिहडा और आसपास कल पावर कट

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-1 ई. दिनेश कौंडल ने बताया कि फीडर घागस के 11 केवी लाइन की रखरखाव और आवश्यक मरम्मत हेतु सुंगल, सिहडा, नोग, छटोज जट्टा व आसपास के क्षेत्रों में विधुत आपूर्ति 19 फरवरी को प्रात: 10 बजे से शाम से 5 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग का अनुरोध किया है।

## डीएवी स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पहलुओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

डीएवी स्कूल बिलासपुर में सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मनोज कुमार पटियाल और निधि गुप्ता रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में अलग-अलग विद्यालयों के 60 से अधिक अध्यापकों ने भाग लिया और सीबीएसई की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। यह कार्यशाला सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चली। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों को सीबीएसई की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी प्रदान करना और उन्हें इसके क्रियान्वयन में मदद करना था। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में अध्यापकों को बताया गया कि कैसे इस नीति को विद्यालयों में लागू किया जा सकता है और इसके लाभ क्या हैं। मनोज कुमार पटियाल और निधि गुप्ता जी ने अध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बताया और उनके सवालों का जवाब दिया।

कार्यशाला में यह भी बताया गया कि अब जमाना बदल गया है और समय के साथ हमें नई शिक्षा नीति के अनुसार अध्यापकों और अभिभावकों को भी जागरूक करना होगा, इसलिए अभिभावकों को भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में अवगत कराया जाए। कार्यशाला का आयोजन डीएवी स्कूल बिलासपुर की प्रधानाचार्या मोनिका वात्स्यायन की देखरेख में किया गया।

**जागरूकता** श्री नयना देवी में नशे के खिलाफ जगाया अलख, लोगों को किया जागरूक

# देश का भविष्य बर्बाद कर रहा नशा: रणधीर

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

देश को खोखला कर रहे चिट्टे के खिलाफ सोमवार को श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा ने एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से लोगों को चिट्टे जैसे बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। रणधीर शर्मा ने कहा कि हमारे क्षेत्र, प्रदेश और देश में आज चिट्टा एक भयंकर समस्या बन गया है जिसके कारण जहां युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है, वहीं अप्रत्यक्ष रूप से देश का भविष्य भी बर्बाद हो रहा है।

उन्होंने कहा कि चिट्टा आज प्रमुख समस्या बन चुकी है और समाज के हर आदमी को इसके प्रति ध्यान देना होगा तभी इस समाज और देश को बचाया जा सकता है। इसी के चलते उन्होंने आज यह जनजागरण अभियान चलाया है।



विधायक रणधीर शर्मा ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बच्चों पर नजर रखे कि वे कब कहा जा रहे हैं, किसके साथ जा रहे हैं। बिना वजह से घर से बाहर तो नहीं जा रहे, ताकि वे इस नशे की आदत से बच सके। यदि किसी वजह से कोई इस दलदल में फंस चुका है तो उसे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाकर उसका इलाज करवाएं, ताकि वह इस दलदल से जल्द बाहर निकल सके। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को डस्टबिन भी आवंटित किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुका है।

**विधायक ने महिलाओं को डस्टबिन भी बांटे**

## न्यूज ब्रीफ

### साहो में 50 बागवानों ने लगाए सेब के पौधे

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सेब की बढ़ती मांग और अच्छी कमाई को देखते हुए अब जिला चंबा के निचले क्षेत्रों में भी बागवान सेब उत्पादन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पहले सेब की खेती ऊपरी इलाकों तक ही सीमित थी, लेकिन अब रूटस्टॉक वैरायटी के पौधों के आने से निचले क्षेत्रों में भी इसकी संभावनाएं बढ़ गई हैं। साहो क्षेत्र में भी अब सेब तैयार हो सकेगा। साहो क्षेत्र में लगभग 50 बागवानों ने रूटस्टॉक वैरायटी के सेब के पौधे लगाए हैं। यह क्षेत्र पहले सेब उत्पादन के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता था, क्योंकि सेब के पारंपरिक पौधों को अधिक चिलिंग आवर्स (ठंडे तापमान) की जरूरत होती थी। मगर रूटस्टॉक वैरायटी को कम चिलिंग आवर्स में भी अच्छी पैदावार मिल सकती है, जिससे निचले इलाकों में भी इसकी खेती संभव हो गई है।

### विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विभागीय परीक्षा बोर्ड, फेयरलान्ज (शिमला) द्वारा 26 नवंबर, 2024 से 05 दिसंबर, 2024 तक आयोजित विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। बोर्ड के प्रवक्ता ने आज यहां जानकारी दी है कि परीक्षा परिणाम को पीएमआईएस लॉगइन आई.डी और पासवर्ड का उपयोग कर मानव सम्पदा पोर्टल पर लॉगइन कर डाउनलोड किया जा सकता है।

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर सोमवार को आईटीआई डोहग में रोटरी क्लब के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में करीब 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने शिविर में शिरकत करते हुए रक्तदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में घायलों के अधिक रक्त बह जाने से जान तक का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में रक्तदान से हम जरूरतमंदों को जीवनदान देने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस शिविर में डॉ. मानसी, स्वास्थ्य कर्मी रितू, शालिनी, पंकज कुमारी, जोनी धीमान, आशीष, अशोक और श्याम ने रक्तदान के लिए युवाओं को प्रेरित किया। आईटीआई की प्राचार्य नवीन कुमारी ने शिविर की अध्यक्षता करते हुए प्रशिक्षकों व छात्रों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल, सचिव सुशील पठानिया, प्रोजेक्ट प्रबंधक रामलाल वालिया, रोटेरियन अजय ठाकुर, मेजर ज्ञान चंद बरवाल, डॉ. भाग चंद, नरपत बरवाल ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### भाम्बला पंचायत में नशे के खिलाफ अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत भाम्बला (विकासखंड गोपालपुर, जिला मंडी) में बैठक का आयोजन प्रधान सुनीता देवी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कुल 12 में से 13 प्रतिनिधियों (गणपूर्ति) की उपस्थिति रही, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई।बैठक में उप प्रधान श्री रमेश कुमार ने पंचायत क्षेत्र में युवाओं और वयस्कों में बढ़ती नशे की लत को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में पंचायत में नशे से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार नाके लगाकर नशा तस्करों और इससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन समाज को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पंचायत स्तर पर भी ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस पर सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई कि नशे के खिलाफ एक प्रभावी जागरूकता अभियान चलाया जाए। प्रधान श्रीमती सुनीता देवी ने घोषणा की कि 17 फरवरी 2025 से ग्राम पंचायत कार्यालय से इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। इस अभियान के तहत पंचायत के प्रत्येक वार्ड में बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जहां पंचायत प्रतिनिधि युवाओं के बीच नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करेंगे और उन्हें जागरूक करेंगे।ग्राम पंचायत ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए युवाओं, बुद्धिजीवियों, समाजसेवकों, महिला मंडलों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों सहित सभी जागरूक नागरिकों से सहयोग की अपील की है। पंचायत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इसके बावजूद कोई व्यक्ति नशे के अवैध कारोबार में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ ग्राम सभा के माध्यम से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।ग्राम पंचायत भाम्बला ने यह संकल्प लिया है कि क्षेत्र में नशे जैसी सामाजिक बुराई को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत के इस सराहनीय कदम की हर ओर प्रशंसा हो रही है और स्थानीय लोग भी इस मुहिम में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं।

## विद्युत से वंचित आंगनबाड़ी केंद्रों में सुनिश्चित की जाए व्यवस्था, उपायुक्त मुकेश बोले-

# अधिकारी योजनाओं के प्रचार के लिए सोशल मीडिया का करें उपयोग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को जिला में विद्युत आपूर्ति से वंचित सभी आंगनबाड़ी केंद्र भवनों में समयबद्ध सीमा के भीतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने यह निर्देश आज ज़िला अनुश्रवण एवं संवीक्षा समिति (डीएलएमआरसी) बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए ।

मुकेश रेपसवाल ने जिला में आंगनबाड़ी केंद्रों की संचालन स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से वंचित आंगनबाड़ी केंद्र भवनों में विद्युत व्यवस्था के लिए समयबद्ध सीमा के भीतर प्राक्कलन तैयार करने एवं विभिन्न विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

साथ में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किराए के भवन में संचालित केंद्रों की राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं के साथ दूरी की सूची को उपलब्ध करवाया जाए। उपायुक्त ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की समीक्षा करते हुए मरम्मत एवं रखरखाव से संबंधित कार्यों को 28 फरवरी से पहले के निर्देश देते हुए नए भवन निर्माण के लिए भूमि का चयन राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं के समीप करने में प्राथमिकता रखने को कहा।



बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त व (नीचे) बैठक में शामिल अधिकारी व कर्मचारी।

उपायुक्त ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के जिला में रिक्त सभी पदों को भरने के लिए जल्द प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश भी दिए।

मुकेश रेपसवाल ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की रक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर कार्यान्वित की जा रही उपयोजना सामर्थ्य के तहत जानकारी और जागरूकता गतिविधियों को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ में उन्होंने विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रयोग करने के भी निर्देश दिए।

मुकेश रेपसवाल ने बैठक में विशेष पोषाहार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर चंबा, ज़िला बाल संरक्षण इकाई से संबंधित विभिन्न मामलों पर भी विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

बैठक में कार्रवाई का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कमल कुमार ने किया। पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र चौधरी, उपनिदेशक उद्यान विभाग प्रमोद शाह, जिला विकास अधिकारी ओपी ठाकुर, जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, सहायक अभियंता जल शक्ति गौरव कुमार, ओएसडी शिक्षा उमाकांत आनंद सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## बनीखेत के ज्यादातर हैंडपंप बने शोपीस, विभाग बना मूकदर्शक

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत के ज्यादातर हैंड पंप इन दोनों मात्र शोपीस ही बने नजर आ रहे हैं जिस कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बता दें कि मुख्य बाजार बनीखेत में लगा हैंड पंप बीते कई दिनों से खराब पड़ा है जिसको लेकर स्थानीय व्यापारियों ने उपमंडल कार्यालय जल शक्ति विभाग बनीखेत में शिकायत भी दर्ज करवाई किंतु इसको लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो, वहीं इस बारे में जब सहायक अभियंता से बात की गई तो उन्होंने सारे मामले पर पल्ला झाड़ते हुए कोई संतुष्ट जवाब नहीं दिया जिसको लेकर स्थानीय लोगों तथा व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है।

इस सारे मामले को लेकर व्यापार मंडल बनीखेत के प्रधान संजीव ठाकुर ने जल शक्ति विभाग से खराब पड़े हैंडपंपों को जल्द से जल्द ठीक करने का आग्रह किया है उन्होंने कहा है कि अगर जल्द इन खराब पड़े हैंडपंपों को ठीक ना किया गया तो तमाम व्यापार मंडल बनीखेत के व्यापारी जल शक्ति विभागउपमंडल कार्यालय बनीखेत का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे उन्होंने कहा कि सहायक अभियंता का इन खराब नलको को लेकर कोई प्रतिक्रिया न देना दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसे लापरवाह अधिकारियों की वजह से जल शक्ति विभाग बदनाम है। स्थानीय लोगों ने मुकेश अग्निहोत्री से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है तथा मौजूदा सरकार से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द क्षेत्र के खराब पड़े तमाम हैंडपंपों को ठीक करवाया जाए ताकि लोगों के समक्ष आ रही पीने की पानी की समस्या का कुछ हल हो सके, क्योंकि क्षेत्र में बारिश न होने की वजह से धीरे-धीरे पेयजल संकट गहरा था जा रहा है और आगे गर्मियां शुरू होने वाली हैं अगर हैंडपंप ठीक रहेंगे तो कुछ न कुछ पेयजल आपूर्ति सेवा के लिए कहीं न कहीं यही कारगर सिद्ध होंगे।(अनंत ज्ञान)

## मलूड़ा में 60 बोतल देसी शराब बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी पुलिस ने एनएच 154 ए पठानकोट-भरमौर मुख्य मार्ग पर स्थित गांव मलूड़ा के ठाकुर ढाबा में देसी शराब बरामद की है।

इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके वाली जगह पर दबिश दी और पांच पेटी (60 बोतल) ऊना नंबर 1 पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सुरजीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह गांव गुन्नू डाकघर दर्द तहसील डलहौजी जिला चंबा के खिलाफ पुलिस थाना डलहौजी में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 39 (1) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस सारे मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा की गई है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च का महीना जैसे-जैसे पास आ रहा है वैसे-वैसे शराब माफिया सक्रिय होता जा रहा है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने अपने विश्वसनीय सूत्रों को अलर्ट पर कर दिया है तो वहीं डीएसपी डलहौजी ने स्थानीय लोगों से अपील की है नशे के सौदागरों के खिलाफ क्षेत्रवासी पुलिस प्रशासन का सहयोग करें ताकि नशा माफिया के खिलाफ अकुंश लगाया जा सके।

## कौशल प्रतियोगिता में छाए विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** समग्र शिक्षा व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शीतकालीन अवकाश के विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगस्याड में किया गया। शिक्षा उप निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रक) एवं जिला परियोजना अधिकारी मीना ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य केसर सिंह ठाकुर द्वारा स्वागत सत्कार के बाद मुख्य अतिथि ने कौशल प्रतियोगिता में लगे स्टाल का अवलोकन किया। डाइट प्रधानाचार्य नरेश ने इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

## शिक्षकों को बच्चों के मानसिक विकास के दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डिस्ट्रिक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग चंबा के अंतर्गत आज बनीखेत ब्लॉक स्तर पर पांच दिवसीय एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईईओ मनी थापा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस आयोजन में बीपीओ प्रीतम चंद भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बता दें कि यह आयोजन आज 17 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर कार्यशाला प्रबंधन का कहना है कि इस आयोजन के पूर्व मंडी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया





कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

था, जिसके तहत हिमाचल के विभिन्न शिक्षकों को बच्चों के मानसिक विकास के मद्देनजर उनकी शिक्षा की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिसको लेकर खंड स्तरीय जिला स्तरीय तथा राज्य स्तरीय मुहिम चलाई जा रही है, जिससे सरकारी स्कूलों में जहां कम हो रही संख्या में इजाफा होगा तो वहीं शिक्षा का स्तर भी ऊपर उठेगा। कार्यशाला में विभिन्न शिक्षकों को बच्चों की मानसिक विकास हेतु विभिन्न सुझाव दिए गए तथा उन्हें के आधार पर आगे की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। इस आयोजन में आए हुए लोगों के लिए जल पान के अलावा प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया था।

## पुरानी मंडी में लगे समाधान शिविर में सुलझाई लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्वच्छ शहर स्मद्ध शहर अभियान के तहत समाधान शिविर का आयोजन नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भटट शर्मा की अध्यक्षता में वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी स्थित शीतला माता मंदिर के परिसर में किया गया।

इस समाधान शिविर में आमजनमानस को सीटीजन सेवा पोर्टल बारे जागरूक किया गया तथा उन्हें अपनी शिकायतों के निवारण हेतु सीटीजन पोटर्ल के माध्यम से दर्ज करवाने हेतु जानकारी प्रदान की गई, जिससे आमजनमानस को अपनी समस्याओं को लेकर बार-बार नगर निगम कार्यालय न आना पड़ें। इस शिविर में आमजनमानस ने बढचढ कर भाग लिया और अपनी समस्याओं बारे अवगत करवाया जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए मौके पर ही कुछ समस्याओं का निष्पादन किया गया। शिवर में उपस्थित लोगों को इस पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। शिवर के उपरांत वार्ड नंबर 2 पुरानी मण्डी का निरिक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से समस्याओं का निष्पादन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं नगर निगम के सहायक अभियंता नरेश, राकेश गुलेरिया सहित आदि मौजूद थे।

## वार्षिक समारोह में विद्यार्थी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2024-2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्यातिथि नारसी शर्मा (सेवानिवृत्त उपनिदेशक, शिक्षा विभाग) थे, जिन्होंने छात्रों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री केसी शर्मा, प्रभा राम शर्मा, डॉ. विक्रम सिंह और विद्यालय के निदेशक पीसी ठाकुर उपस्थित रहे। विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, सांस्कृतिक



गतिविधियों और नवाचारों का विस्तृत विवरण दिया गया।

इस कार्यक्रम में पीटीए प्रधान सरिता देवी, उपाध्यक्ष किरण बाला, अधीक्षक नेक राम, समाजसेवी प्रकाश चंद जम्वाल, पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत गाहर कुलदीप शर्मा, पूर्व सूबेदार गिरधारी लाल संधू और निदेशक पीसी ठाकुर और हिंदी व्याख्याता पुष्पा देवी भी उपस्थित रहे। छात्रों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। नर्सरी कक्षा में प्रथम स्थान सादविक राणा और आदित्य शर्मा ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान मंजीत कौर और विवान संधू के नाम रहा। वहीं अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे। मुख्यातिथि नारसी शर्मा ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की।

## लोनिवि के रिकॉर्ड रूम में लगी आग

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल धर्मपुर के रिकॉर्ड रूम में सुबह आग लग जाने का समाचार सामने आया है।

जानकारी के अनुसार रात को दो चौकीदार ड्यूटी पर थे और सुबह 5 बजे जब सफाई कर्मी आया तो उप मंडल के रिकॉर्ड रूम में आग लगी हुई थी। सोमवार सुबह 5 बजे के लगभग रिकॉर्ड रूम में आग लगी और सारा रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। सहायक अभियंता युवराज ठाकुर ने कहा कि इसकी शिकायत पुलिस को दे दी गई है। वहीं दूसरी तरफ थाना प्रभारी धर्मपुर विनोद कुमार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की तरफ से शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मौके में पहुंचकर रिकॉर्ड रूम को सील कर दिया है ।

## पांगी में चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाजपा मंडल पांगी ने पांगी में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने हेतु कार्यकारी आवासीय आयुक्त रमन घरसांगी के माध्यम से हिमाचल सरकार को एक ज्ञापन सौंपा गया है। भाजपा मंडल पांगी अध्यक्ष ने पांगी घाटी में चरमराती स्वास्थ्य सेवाएं के प्रति खेद जताया है, और कहा है कि पांगी घाटी में स्वास्थ्य सेवाएं का बहुत ही बुरा हाल है।



**भाजपा मंडल ने सरकार को सौंपा ज्ञापन**

घाटी में चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है लेकिन कहीं पर भी डाक्टर की तैनाती नहीं है। पीछे कुछ दिन पहले सरकार द्वारा घाटी के दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए डॉक्टरों के आदेश किए गए थे, लेकिन आज दिन तक भी कोई डॉक्टर घाटी में नहीं पहुंचा।

वहीं नागरिक अस्पताल किलाड़ में भी डॉक्टरों के कई पद खाली पड़े हुए हैं। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश राणा ने कहा कि पांगी में पांगी में पैरामेडिकल स्टाफ का इससे भी बुरा हाल है। पांगी के कई स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न पद रिक्त पड़े हुए है, जिसमें फार्मिस्टों नर्सों और बहुदेशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और लैब तकनीशियनों के पद कई अरसे से रिक्त पड़े हुए हैं। जिससे स्थानीय लोगों को इलाज करने में काफी मुश्किल हो रही है।

### सूडोकु नवताल- 7345

****** मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## विद्यार्थियों ने देखा मॉडल स्कूल सरकाघाट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रधानाचार्य सरस्वती देवी के निर्देशानुसार पीएम श्री जीएसएस थौना के दस बच्चों शिवाश भट्ट, कशिश, तानिया ठाकुर, तनिश भारद्वाज, कनिशका,अमन ठाकुर, स्नेहा ठाकुर, मंजिल ठाकुर, अनिल शर्मा के समूह ने सपना देवी और राजेश कौंडिल्य की निगरानी में स्कूल ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल सरकाघाट का दौरा किया।





विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।

इस दौरान बच्चों ने प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया की अध्यक्षता में प्रात: कालीन प्रार्थना सभा में भाग लिया। अंत में विदाई लेते हुए बच्चों बच्चों ने सुरेश पठानिया प्रधानाचार्य, विजय कुमार (प्रवक्ता बायोलॉजी), अनुपम शर्मा (प्रवक्ता रसायन विज्ञान), संजय जंवाल (प्रवक्ता म्यूजिक), अशोक कुमार (प्रवक्ता भूगोल शास्त्र) का इस प्रोग्राम को रुचिकर और ज्ञानवर्धन बनाने के लिए धन्यवाद किया।

## बंद सार्वजनिक शौचालय को खोलने की मांग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** शहरी क्षेत्र चतरोखड़ी सुंदरनगर आदि में सार्वजनिक शौचालयों की भारी कमी के चलते पुलिस थाना से पुंघ जाते मार्ग से सटे सार्वजनिक शौचालय के भी बंद रहने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्वच्छता अभियान को गंभीरता से न लेते हुए असुविधा का सिलसिला लंबा होने से नाराज बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग व प्रशासन के प्रति अपना अफसोस इसलिए भी जाहिर किया है क्योंकि सुंदरनगर शहरी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं से एक बड़ी आबादी जूझ रही है जिसका समय रहते निराकरण नहीं किया जा रहा है। लोगों ने दुखी मन से कहा है कि सरकार की 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' वाली बातें हवा हवाई हो गई है जिससे आमजन में रोष व्याप्त है।

बता दें कि सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र सहित सुंदरनगर के यहां चच्योट,नाचन, बल्ह, गोपालपुर, बिलासपुर इत्यादि के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बंद पड़े शौचालय को बेहतरीन स्थिती में लाकर उपयोग में लाया जाए।

**नाम परिवर्तन**

**मैं अनीश गौतम** पुत्र श्री रवि गौतम निवासी मकान नंबर-303/9, भोजपुर बाजार डाकघर भोजपुर, तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम अनीश से बदलकर अनीश गौतम कर लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**अज अदालत तहसीलदार व भू सुधार अधिकारी जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि.प्र. ।**

मिसल न. 47 तारीख मरजुआ
तारीख पेशी 07.03.2025
1. Niki Devi, 2. Dunju Devi daughters of Hachhu, R/O Vill. Awair, Tehsil Joginder nagar, Distt. Mandi HP. वादी।

**बनाम**

Durga Dutt S/O Dila, R/O Awair, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi HP. प्रतिवादीगण ।

**Application U/S 104 of Land Reforms and Tenancy Act 1972**

Niki Devi D/O Hachhu, R/O Awair, Tehsil Joginder nagar, Distt. Mandi HP and Ors. ने इस न्यायालय में किरायेदारी व भूमि सुधार अधिनियम की धारा 104 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिस संबंध में महाल अवायर / 392 में खाता खतौनी 131/222 खसरा 686 व 724 रकबा 01-13-06 जमांबदी बर्ष 2022-23 से संबंधित लोगों को व आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिंनाक 07.03.2025 को प्रात:10:00 बजे असालतन व वकालतन इस न्यायालय में हाजर होकर अपने उजर ऐतरज पेश करे अन्यथा गैर हाजरी की सूरत मे एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

आज दिंनाक 07.02.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि0प्र0 ।**

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 फरवरी, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** षष्ठी (पूर्ण रात्रि): **नक्षत्र** चित्रा (7:36), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** गण्ड (09:51) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:12-12:57), **राहुकाल** (03:24-04:48)।

### विशेष दिन

- 18 फरवरी : आज से शुरू होगी बसंत ऋतु।
- 19 फरवरी : छत्रपति शिवाजी की जयंती कल(अंग्रेजी तारीख)

**मेष:** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा, लेकिन किसी पारिवारिक महिला के कारण तनाव भी मिलेगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**वृषभ:** शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** वाणी पर संयम रखें। रिश्तों में तनाव और टकराव की स्थिति आ सकती है। जबकि पिता या धर्म गुरु का सहयोग मिलेगा।

**कर्क:** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व उत्साहवर्धक होगी। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**सिंह:** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी फिर भी मन अशांत रहेगा। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे प्रतिष्ठा प्रभावित हो।

**कन्या :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा, लेकिन भाई, पड़ोसी या अधीनस्थ कर्मचारी के कारण तनाव मिल सकता है।

**तुला:** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मातृपक्ष का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**वृश्चिक:** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु:** रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। प्रगति का अवसर प्राप्त होगा। फिर भी शनि की साढ़े साती कहीं न कहीं मन विचलित करेगी।

**मकर :** पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**धार्मिक**

### बाबा बालकरूपी मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

## रुद्राभिषेक और भजन संध्या से गूंजा मंदिर परिसर

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बाबा बालकरूपी मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जो बाबा बालकरूपी मंदिर से जोगिंद्रनगर बाजार तक निकाली गई। इसके बाद मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और पुराण ग्रंथ का आयोजन किया गया।

कथा के पहले दिन आचार्य चंद्रकांता महाराज ने शिव महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव महापुराण भगवान शिव की महिमा का विस्तार करता है और कलियुग में मोक्ष प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग प्रशस्त करता है। कथा के बाद शिव रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने दूध, गंगाजल और बेलपत्र से अभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



आचार्य चंद्रकांता महाराज ने बताया कि 26 फरवरी को कथा के समापन पर बाबा बालकरूपी मंदिर से गुरुद्वारा तक भव्य शिव झांकियां निकाली जाएंगी।

रात्रि को अखंड कीर्तन और जागरण का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियों के अलावा विशेष कीर्तन मंडलियां भाग लेंगी। श्रद्धालु पूरी रात शिव भक्ति में लीन रहेंगे और भगवान शिव के भजनों का आनंद लेंगे।(अनंत ज्ञान)

**बिना** साहस के आप इस दुनिया में कुछ भी नहीं कर सकते। यह सम्मान के बाद मन का सबसे बड़ा गुण है। -अरस्तु

## संपादकीय

# आईपीएल से पर्यटन

आईपीएल 2025 का शेड्यूल जारी होते ही क्रिकेट प्रेमियों की नजरें एक बार फिर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन यानी एचपीसीए स्टेडियम पर टिक गई हैं। यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि हिमाचल के हिस्से इस बार तीन मैच आए हैं। हिमाचल मई में तीन बड़े मुकाबलों की मेजबानी करेगा, जहां पंजाब किंग्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगी। पंजाब किंग्स का पहला मुकाबला 4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगा। 8 मई को पंजाब किंग्स की भिड़ंत दिल्ली कैपिटल्स से होगी तथा 11 मई को मुंबई इंडियंस से मुकाबला होगा। हालांकि, इससे पहले धर्मशाला स्टेडियम पर वर्ष 2024 में भी दो आईपीएल मैच खेले गए थे। तब पंजाब किंग्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हुआ था, लेकिन इस दफा तीन मैचों की मेजबानी करते हुए धर्मशाला एक बार फिर क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह बढ़ाने के लिए तैयार है। जाहिर है इन आयोजनों से यहां खूब रौनक होगी।

दूर-दूर से लोग मैच देखने आएंगे, जिससे कई स्थानीय कारोबारियों को रोजगार के साथ पैसा कमाने का मौका मिलेगा। प्रदेश सरकार के राजस्व में इस दौरान अच्छी-खासी बढ़ोतरी हो सकती है। धर्मशाला को आईपीएल मैचों की मेजबानी का अवसर मिलना न केवल शहर के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए भी एक बड़ा अवसर है। निश्चित रूप से इन आयोजनों से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। आईपीएल मैचों के दौरान, शहर में बड़ी संख्या में पर्यटक और क्रिकेट प्रेमियों के आने से स्थानीय होटल, रेस्तरां और अन्य पर्यटन संबंधी व्यवसायों को लाभ होगा। यही नहीं, इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। धर्मशाला की पहचान पहले तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा से होती थी, लेकिन अब इस शहर की पहचान बीते एक दशक से ज्यादा समय से क्रिकेट की वजह से होने लगी है। अब इन ताजा आईपीएल मैचों की मेजबानी करने से धर्मशाला की पहचान एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ेगी, जिससे शहर को अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। वैसे भी हिमाचल की आय का मुख्य स्रोत पर्यटन ही है।

तभी तो आज तक जितनी भी सरकारों ने हिमाचल में शासन किया उन सबने पर्यटन पर ही ज्यादा ध्यान दिया। मौजूदा सुक्खू सरकार का फोकस भी पर्यटन पर ज्यादा है, इसलिए सरकार पर्यटकों को हिमाचल की सुंदर वादियों तक पहुंचाने के लिए कई तरह के आकर्षक पैकेज भी दे रही है। इन मैचों के जरिए जहां बुनियादी ढांचे का विकास होगा तो वहीं, इस बहाने धर्मशाला की सूरत भी काफी बदल जाएगी। हालांकि धर्मशाला को स्मार्ट सिटी का तमगा हासिल है, लेकिन अभी तक यहां उस तरह की सुख सुविधाएं मयस्सर नहीं हैं, जिनके बूते पर्यटक यहां खिंचा चला आए। बुनियादि सुविधाओं का होना बेहद लाजिमी होता है, तभी पर्यटक ज्यादा से ज्यादा दिनों तक हिमाचल में रुकेंगे। नहीं तो वह छोटे अंतराल बाद अपने गंतव्यों को रुखस्त होते रहेंगे और इस प्रक्रिया से पर्यटन को स्थायी पंख नहीं लग जाएंगे और न ही कमाई खास होगी।

होना तो यह चाहिए कि एक बार कोई पर्यटक हिमाचल में आ जाए तो वह काफी दिन हिमाचल में लगाकर जाए। आईपीएल मैचों की मेजबानी करने के लिए शहर के बुनियादी ढांचे का विकास करना होगा, जैसे कि सड़कें, होटल और अन्य सुविधाएं, जिससे शहर के निवासियों को भी लाभ होगा। धर्मशाला को आईपीएल मैचों की मेजबानी का अवसर मिलने से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। हिमाचल में पर्यटकों को कैसे आकर्षित किया जाए, इसके लिए सरकार को कई दिशाओं में काम करने की जरूरत है। बुनियादी ढांचे के अलावा पर्यटन स्थलों का विकास करना होगा, जैसे कि शिमला, मनाली और धर्मशाला जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल तो चकाचक होने चाहिए।

इसके अलावा, सरकार को पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान भी चलाने होंगे। पर्यटन संबंधी मेलों और कार्यक्रमों का आयोजन करना भी श्रेयस्कर होगा। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करके पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। सरकार को स्थानीय समुदायों को भी पर्यटन में शामिल करना होगा, जिससे उन्हें भी पर्यटन से आय प्राप्त हो सके। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण को भी ध्यान में रखना होगा, जिससे पर्यटन के कारण पर्यावरण को नुकसान न हो। ■

# प्रयागराज महाकुंभ आस्था, व्यापार और राजनीति की त्रिवेणी

प्रयागराज का कुंभ चल रहा अभी समाप्त होने में समय है यह तो 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के बाद ही समाप्त होगा। पर यह देखना है समाप्ति पर क्या आयोजन सरकारी होता है। यह कुंभ अपने आप में ऐतिहासिक लिखा जाएगा इतिहासकारों द्वारा। पर अभी जनता इसका इतिहास लिख रही है जो कुंभ में गए है। दोनों इतिहास में अंतर भी होगा। राजनीति है तीन तरह के इतिहास कार लगे हैं कुंभ के इतिहास को समेटने में लिखने में सब अपनी अपनी नजर से कुंभ देख रहे हैं। सत्ता पक्ष का इतिहास कार और विपक्ष का इतिहास कार पर जो जनता इतिहास व कहानी कुंभ की अपने गांव में बच्चों को बताएगी वह ही सच होगा, बाकी तो शब्दों का इतिहास होगा। इस महाकुंभ की तैयारी में सरकार ने कोई कमी नहीं छोड़ी अपनी क्षमता के अनुसार कार्य किया आम जनता के लिए कई तरह की सुविधाएं भी बनाई गई तो विशेष वीवीआईपी कल्चर की छाप भी है और पी आर भी सरकार अपना कर रही है। जहां देश के वीवीआईपी स्नान कर रहे हैं। वहां पर आम नागरिक शंकराचार्य और यहा तक मंडलेशवर नहीं जा सकते हैं। उन वीवीआईपी की हर सुविधा अलग है। विदेशों से विदेशी मेहमानों की भी भीड़ देखी जा सकती है। सरकार जहां बस स्टैंड या निजी वाहन पार्किंग स्थल बनाया है वहां से बस की मुफ्त सुविधाएं है फिर भी पैदल दो चार किलोमीटर चलना है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर



यह व्यवस्था भीड़ आस्था को देखकर किया गया है। इसमें कुछ बुजुर्ग लोगों को परेशानी है। भीड़ इतनी आस्था कि लोगों को रात सड़कों पर भी खुले आसमान के नीचे बिताना पड़ रहा है। एक बात तो यह देखने सुनने में आ रही है भीड़ है पर भगदड़ नहीं आदमी स्वयं से नियंत्रण में है और स्नान करके तुरंत घर की वापसी कर रहा है। कारण कि टेंट में कमरा लेना रहना एक सामान्य व्यक्ति के बस के बाहर है। कहीं दस हजार तो कहीं पंद्रह हजार एक दिन का किराया है जिसके कारण जो पैसे वाला है वहीं लोग ही इन टेंटो के कमरे में रह रहे हैं। कुछ लोगों ने मुफ्त लंगर भी चला रखा है। लोगों को भोजन मिल रहा है। शंकराचार्यों के पंडाल में उनके अनुयायियों को ही जगह है। हर व्यक्ति वहां रह नहीं सकता है। पर इस महा कुंभ में अगर सरकार शहर के बाहर टेंट लगा कर पांच छह घंटे वहीं भीड़ को रोककर धीरे-धीरे घाट की तरफ जाने देती तो शायद संगम के दोनों तटों पर इतनी भीड़ नहीं होती न रेलवे स्टेशन पर भी। यह एक चूक है या कमी कहे जो हो गई कारण अनुमान भीड़ का नहीं लग पाया था कारण की कुंभ का प्रचार इतना हुआ की यह आस्था के साथ व्यापार का भी एक लक्ष्य सरकार का था वह भी पूर्ण हो रहा है। व्यापार आस्था राजनीति तीनों का संगम यह महाकुंभ बना है। सरकार को दोनों से लाभ आस्था से सनातन हिंदू यहां एक समान दिखाई दे रहा है जहां जाति नहीं सिर्फ आस्था का हिंदू है।

व्यापार भी बहुत हो रहा है होटल सड़क के ढाबे चाय की दुकान टेंट हाउस सबका व्यापर चल रहा है। इसमें राजनीति यह कि सरकार अपने हिंदू हितैषी होने का प्रमाण पत्र ले लिया महाकुंभ की व्यवस्था करके। जो भी जा रहा है वह आस्था से जा रहा है। पर वहां जाने के बाद राजनीति से प्रभावित भी होकर वापस आ रहा है। हम कह सकते कि इस त्रिवेणी में जहां गंगा यमुना सरस्वती है वहीं पर दो और त्रिवेणी बनी। एक आस्था व्यापार और राजनीति की। तीसरा काशी अयोध्या प्रयागराज का त्रिवेणी। यह ऐसा तीन त्रिवेणी 144 साल में पहली बार बना है। यही इस कुंभ की विशेषता है। महाकुंभ में अगर किसी ने बहुत मेहनत किया तो वह केवल तीन तरह के हमारे कर्मचारियों का समूह एक पुलिस जो दिन रात यात्रियों की सुरक्षा में लगा सड़क बताने से लेकर संगम में व्यवस्था बनाने में कहीं किसी प्रकार की अव्यवस्था भगदड़ न हो कुंभ में कोई गलत तत्व न प्रवेश करें सब पर नजर है। इनकी मेहनत धैर्य की प्रशंसा जितनी की जाए कम होगी। एक मानवीय व्यवहार के साथ कार्य कर रहे हैं इनके जज्बे को सलाम करना हर यूपी वासी का कर्तव्य बनता है- यह हमारे ही परिवार के और हम लोगों की मदद में है। दूसरा महत्वपूर्ण हमारे सभी सफाई कर्मचारियों का समूह है जो हर समय सफाई के कार्य में लगे हैं दिन क्या रात भर हर तरफ इनको देखें सफाई करते हुए बीस करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। पर हर जगह सफाई है कहीं भी कोई गंदगी नहीं इन कर्मचारियों की मेहनत को सलाम करना जरूरी है यह मेहनत न करते तो कुंभ में गंदगी ही होती पर यह जी जान से बिना रुके लगे हैं कुंभ को सफल बनाने में प्रदेश के मंत्री एके शर्मा बराबर रात दिन सफाई बिजली की व्यवस्था देख रहे है कहीं कोई कमी नहीं रह जाए, अगर कहीं कुछ कमी है तो उस पर राजनीति हो रही है। वह होती रहेगी। इस कुंभ को विदेशी भी देख कर हैरान हैं कि न किसी के मुंह पर मास्क है न कहीं बीमारी है न कहीं किसी प्रकार की महामारी फैल रही है। यही भारत की धरती पर भगवान के होने का एहसास विदेशी करते हैं कि भारत में भगवान है कण-कण में विराजमान हैं।

काशी अयोध्या विंध्याचल तक भीड़ पर हर तरफ साफ-सफाई है। हमारी यही सांस्कृतिक विरासत विश्व में अनोखी है। प्रयागराज के इस महाकुंभ का इतिहास लिखा जा रहा है। इसमें कमियों पर लिखा जाएगा अच्छाई पर लिखा जाएगा व्यवस्था पर भी बात करेंगे इतिहासकार। पर इसमें कुछ बातें विशेष भी हो रही सोशल मीडिया व यू ट्यूब ने तहलका मचाया एक आईआईटी बाबा बने अभय सिंह को जरूरत से ज्यादा प्रचारित किया कुंभ में। दूसरा घूमंतु समुदाय की लड़की मोनालिसा को कुंभ के केंद्र में खड़ा कर दिया। तीसरा वह साध्वी तथा किन्नर समाज की नई घोषित महामंडलेश्वर तथा कई नए बिना ज्ञान के महामंडलेश्वरों की घोषणा भी चर्चा में आ गया है। चौथा भारत में प्रयागराज में जब से कुम्भ शुरू हुआ है कभी कुंभ में किसी राजनेता की मूर्ति नहीं लगाई गई नहीं कुंभ दलीय था, लेकिन इस महाकुंभ में समाजवादी दल के प्रमुख स्व मुलायम सिंह की प्रतिमा लगाया है और उनके समर्थन में जो है वह कुंभ स्नानादि के बाद वहां भी दर्शन कर रहे है। यह पहली बार ऐसा देखने सुनने को मिला।

पांचवां की हजारों साल से चल रहे त्रिवेणी के कुंभ में कोई सत्तादल पहली बार कैबिनेट की बैठक किया और सभी ने कुंभ में स्नान एक साथ भी किया यह एक संदेश देश दुनिया को था कि हम हिंदू हैं साबित किया। इस महाकुंभ में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ साथ एआई जनरेटिंग चैटबाट का प्रयोग किया गया है जो 11 भाषाओं में श्रद्धालुओं को महाकुंभ से जुड़ी हर जानकारी दे रहा है। कुंभ को पच्चीस सेक्टरों में बाटा गया है। हर सेक्टर की अलग पहचान है। अगर आस्था के समागम में रहना है तो सेक्टर 19/16/21 में रहे जहां पर शंकराचार्य का मंडप है जहां धर्म की चर्चा होती है। पच्चीस सेक्टर बना है टेंट सीटी जहां पैसे से आप कुंभ की झलक ले सकते हैं। इस टेंट सीटी में मध्यम वर्गीय तो नहीं रह सकता है, परंतु पैसे वालों को यहां पर हर तरह की सुविधाएं हैं। व्यापार के साथ यहां उन लोगों को भी धन मिल रहा है अब महाकुंभ का आखिरी स्नान शिवरात्रि पर है। पर बसंत पंचमी के बाद कुछ संत चले जाएंगे। कारण वह अपने प्रमुख मठ में शिवरात्रि की पूजा करेंगे। यह कुंभ आस्था व्यापार राजनीति और अकाल मृत्यु के रूप में जाना जाएगा। साथ में प्रचार व्यवस्था न अव्यवस्था के लिए भी याद किया जाता रहेगा। अंत में यह कह सकते हैं यह महाकुंभ विश्व के लिए एक अद्भुत उत्सव आस्था व्यापार राजनीति का त्रिवेणी बनकर उभरा है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## नजरिया

# नशे के विरुद्ध जन आंदोलन व सतर्कता

नशीले पदार्थों के धंधे में दो तरह के लोग शामिल रहते है। एक वह, जो पैसों के लालच में भोले भाले बच्चों को खुराके उपलब्ध करवाते हैं। दूसरा, वो युवा जो नशे की खुराकों का सेवन करता हुआ, अपने जीवन को समाप्त कर रहा है। इस बुराई के विरुद्ध सामूहिक प्रहार करना जरूरी है। प्रशासन अपने स्तर पर कार्यवाही करता दिखाई देता है, लेकिन बिना जन आंदोलन के यह बीज समाप्त नहीं हो सकता। प्रशासन के सामने जब ऐसे मामले आते हैं, तो वहां उन सभी मामलो में कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। नशे की खुराके उपलब्ध करवाने वाले व्यक्तियों को किसी तरह का संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। यदि किसी को संरक्षण मिलता है तो वह निंदनीय है।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह, जिला मंडी

कोई अधिकारी व कर्मचारी ऐसे व्यक्तियों व तस्करों के गिरोह को ढूंढ निकालता है तो वे अधिकारी व कर्मचारी सार्वजनिक स्तर पर सम्मानित होने चाहिए। न्यायलय से गुनाहकर को सजा मिलती है तो यह फैसला खबर बननी चाहिए, ताकि सभी को मालूम हो कि गलत कार्य का परिणाम गलत होता है। गांव व वार्ड स्तर पर उपसमितियां बनाई जा रही है, यह पहल प्रशंसनीय है। वकीलों को भी इस अभियान में शामिल होना चाहिए।

गुनाहकारों की पैरवी करने से पहले विवेक का प्रयोग अवश्य करें, ताकि उनका सहयोग भी इस अभियान को मिले। नशे के पदार्थों के सेवन से युवा पीढ़ी अछूती रहे तो समाज के प्रत्येक महिला पुरुष को जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी और वह जिम्मेदारी है- सतर्कता।



बच्चे की अपनी युवा अवस्था घर परिवार, स्कूल कॉलेज, पीजी व किराये के मकान में बितानी पड़ती है। इसलिए हरेक माता-पिता, अध्यापक प्रध्यापक, मकान मालिक, पड़ोसी, दोस्त सभी कि जिम्मेदारी बनती है कि हम युवा बच्चों पर नजर बनाए रखे। हरेक बच्चा स्वयं भी गलत संगत से दूर रहे। अपने साथियों को भी समय-समय पर समझाता रहे। नशे से युक्त बच्चा स्वयं इस दलदल में डूबता है, अपनी सेहत खो देता है और साथ ही अनेक गुनाहों में भी शामिल हो जाता है।

बच्चे को स्वयं ही समझना चाहिए की नशा जीवन को नष्ट कर देता है। यदि कोई बच्चा नशे के सेवन में दिखता है, तो उस बच्चे की जानकारी, उसके मां-बाप, अध्यापक-प्रध्यापक को अवश्य दे। जब कोई युवा बच्चा नशे के सेवन से ग्रस्त हो जाए, तो उस बच्चे के प्रति साहनुभूति रखे। उसको डराने, धमकाने के बदले नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए समझाए। आवश्यकता अनुसार डाक्टरी सलाह अवश्य ले। मां-बाप शर्म न समझे, बल्कि सतर्क होकर निवारण ढूंढे और अपने युवा बच्चों को इस लत से बचाए। सामूहिक प्रयासों व सतर्कता से हम अपने युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रख सकते हैं।

नशे के धंधों को बढ़ने से रोकना अति आवश्यक है, इसलिए सरकारी व गैरसरकारी दोनों तरफ से कठोर व निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी हैं। स्कूल कॉलेज की पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों को समय समय पर जागरूक करते रहना, आवश्यक बनाना पड़ेगा। नशीले पदार्थों के बेचने व सेवन के विरुद्ध हरेक कार्यवाही केवल सप्ताह, माह, वर्ष के लिए न हो, बल्कि यह जन अभियान निरंतर जारी रखना, अनिवार्य होना चाहिए।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## अपनी बात

**रेलवे** स्टेशन नई दिल्ली पर कुंभ जाने वाले यात्रियों में भगदड़ मच गई, करीब 18 मौतें हुईं। उनमें 13 महिलाएं, 3 बच्चे और 2 पुरुष थे, जो भगदड़ में कुचले गए। घायल भी 30 से अधिक बताए गए हैं। अस्पताल के सूत्रों और कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुमान हैं कि मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है। शनिवार रात को यह हादसा हुआ, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। असल में यह प्रशासनिक त्रासदी है। अब यह साबित हो गया है कि ऐसी भगदड़ को रोकने में हमारा प्रशासनिक अक्षम और लापरवाह है। आस्था और अध्यात्म किसी को भी उत्तेजित उन्माद और हुड़दंगबाजी को विवश नहीं करते। कुंभ में जाने और त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर पुण्य कमाने की इच्छा सनातनी और स्वाभाविक है, लेकिन रेलवे स्टेशन की भगदड़ ही अकेली दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहीं है।

**रविंद्र कुमार, भड़वाल**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय सिनेमा की सुंदर व प्रसिद्ध अभिनेत्री

**नलिनी** जयवंत भारतीय सिनेमा की उन सुंदर अभिनेत्रियों में से एक थीं, जिन्होंने पचास और साठ के दशक में सिने प्रेमियों के दिलों पर राज किया। फिल्म 'काला पानी' का यह गीत 'नजर लागी राजा तोरे बंगले पर', नलिनी जयवंत ने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत वर्ष 1941 में प्रदर्शित फिल्म 'राधिका' से की थी। अपने समय के मशहूर अभिनेता अशोक कुमार के साथ उनके प्रेम की अफवाहें भी उड़ी थीं। अभिनेता दिलीप कुमार, देव आनंद और अशोक कुमार के साथ नलिनी जयवंत ने कई सफल फिल्में दी थीं। नलिनी जयवंत का जन्म ब्रिटिश भारत के बंबई शहर में हुआ था। नलिनी के पिता और अभिनेत्री शोभना समर्थ की मां रतन बाई रिश्ते में भाई-बहन थे, इसी नाते नलिनी, शोभना समर्थ की ममेरी बहन लगती थीं। नलिनी को फिल्मों में सफलता तो मिल गई, लेकिन उसी के साथ नलिनी पर फिदा वीरेंद्र देसाई को उनसे प्यार भी हो गया। शादी भी हो गई, लेकिन नलिनी जयवंत का यह वैवाहिक जीवन अधिक दिन तक नहीं चल सका और वीरेंद्र देसाई से उनका तलाक हो गया। नलिनी ने दूसरा विवाह अपने एक साथी कलाकार प्रभू दयाल से किया। 1950 के दशक में नलिनी जयवंत ने एक बार फिर धमाके के साथ अशोक कुमार के साथ फिल्म 'समाधि' और 'संग्राम' से नई ऊंचाई हासिल की। फिल्म 'काला पानी' में किशोरी बाई वाली भूमिका के लिए तो नलिनी जयवंत को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला। ■



नलिनी जयवंत
जन्म : 18 फरवरी, 1926
मृत्यु : 20 दिसंबर, 2010

# बिखर रहे चूल्हे सभी; सिमटे आंगन रोज, नई सदी यह कर रही, जाने कैसी खोज

आज सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूंढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है।

इसके लिए समाज के कर्णधार कवि / लेखकों / गायकों / नायक / नायिकाओं / शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए। खुले मंचों से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवि डॉ. सत्यवान सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि- 'टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव। प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव॥ बिखर रहे चूल्हे सभी, सिमटे आंगन रोज। नई सदी ये कर रही, सौरभ कैसी खोज॥' परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। नैतिक मजबूती के साथ-साथ यह व्यक्ति के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों को बिना किसी हिचकिचाहट के कठिन समय में भरोसा करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है।



लेखिका : प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार

यह कठिनाइयों से निपटने के लिए अनैतिक साधनों के उपयोग से बचाता है। परिवार लोगों को सांसारिक समस्याओं के प्रति स्त्री के दृष्टिकोण को विकसित करने में मदद करता है, मगर वर्तमान दौर में हम संस्था के रूप में परिवार में गिरावट का कटु अनुभव झेल रहे है।



'घर-घर में मनभेद है, बचा नहीं अब प्यार॥ फूट-कलह ने खींच दी, हर आंगन दीवार॥ स्नेह और आशीष में, बैठ गई है रार। अरमानों के बाग में, भरा जलन का खार॥' गिरावट के प्रतीक के रूप में आज परिवार खंडित हो रहा है, वैवाहिक संबंध टूटने, आपसे भाईचारे में दुश्मनी एवं हर तरह के रिश्तों में कानूनी और सामाजिक झगड़ों में वृद्धि हुई है। आज सामूहिकता पर व्यक्तिवाद हावी हो गया है। वर्तमान स्थिति में भड़काऊ रवैया परिवारों के बिखरने का प्रमुख कारण है। परिवार के अन्य सदस्यों को उच्च आय और कम जिम्मेदारी ने विस्तारित परिवारों को विभाजित किया है। आज के अधिकांश सामाजिक कार्य, जैसे कि बच्चे की परवरिश, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, बुजुर्गों की देखभाल आदि; बाहर की एजेंसियों, जैसे क्रेच, मीडिया, नर्सरी स्कूलों, अस्पतालों, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों, धर्मशाला संस्थानों ने ठेकेदारों के तौर पर संभाल लिए हैं जो कभी परिवार के बड़े लोगों की जिम्मेदारी होती थी। ' बड़े बात करते नहीं, छोटों को अधिकार।

चरण छोड़ घुटने छुए, कैसे ये संस्कार॥ कहां प्रेम की डोर अब, कहां मिलन का सार। परिजन ही दुश्मन हुए, छुप-छुप करे प्रहार॥' परिवार संस्था के पतन ने हमारे भावनात्मक रिश्तों में बाधा पैदा कर दी है। एक परिवार में एकीकरण बंधन आपसी स्नेह और रक्त से संबंध हैं। एक परिवार एक बंद इकाई है जो हमें भावनात्मक संबंधों के कारण जोड़कर रखता है। नैतिक पतन परिवार के टूटने में अहम कारक है, क्योंकि वे बच्चों को दूसरों के लिए आत्म सम्मान और सम्मान की भावना नहीं भर पाते हैं।

पद-पैसों की अंधी दौड़ से आज सामाजिक-आर्थिक सहयोग और सहायता का सफाया हो गया है। परिवार अपने सदस्यों, विशेष रूप से शिशुओं और बच्चों के विकास और विकास के लिए आवश्यक वित्तीय और भौतिक सहायता तक सिमित हो गए हैं। फलस्वरूप आज परिजन ही अपनों को काटने पर तुले है। एक तरफ सुख में पड़ोसी हलवा चाट रहे हैं, तो दु:ख अकेले भोगने पड़ रहे हैं। हमें यह सोचना-समझना होगा कि अगर हम सार्थक जीवन जीना चाहते हैं, तो हमें परिवार की महत्ता समझनी होगी और आपसी तकरारों को छोड़कर परिवार के साथ खड़ा होना होगा तभी हम बच पाएंगे और यह समाज रहने लायक होगा।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

## कविता



# समय की नियति

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन , ऊना ( हि. प्र. )

*__समय__ भागा जाता है पीछे रह गया हूं मैं*
*दूर निकल जाना चाहता हूं चलते-चलते थक सा जाता हूं अब मैं...*
*इसलिए दूरी से डर लगता है ऐसा भी नहीं कि मैं गतिशील नहीं*
*रिश्तों में शीशे सी दरार पड़ते बिखर जाते हैं मजबूत रिश्ते*
*पर ऐसा भी नहीं है कि मैंने अपने साथियों को मिलना छोड़ दिया*
*झूठ-झूठ है मन लो यह बात सांच को कभी आंच नहीं*
*फिर क्यों छल कपट करते हो*
*मिलना चाहता हूं अभी सबको समय की नियति को*
*कुछ और है मंजूर यहां पर अभी*
*एकांतवास करता हूं महसूस स्वयंमेव अपनी ही लोगों में*
*पर ऐसा भी नहीं है कि मैंने अपनों से रिश्ता तोड़ लिया*
*सब मेरी स्मृतियों में है ... सब के लिए चिंतित हूं*
*समय की नियति यही है किसके लिए कितनी चिंता*
*यह बताना छोड़ दिया है समय के समक्ष थक गया हूं*
*फिर भी हिम्मत से नहीं हारा समय की नियति के आगे*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पाठकों के पत्र...

**अनंत** ज्ञान अपने आप में उम्दा दैनिक समाचार पत्र है। अनंत ज्ञान की ओर से चिट्टा इत्यादि नशे के खिलाफ छेड़ा गया महाअभियान काबिलेतारीफ तो है ही साथ ही इसे जरूरी ही नहीं, बल्कि समय की मांग समझा जाना चाहिए क्योंकि नशा बेचने वालों एवं नशा करने वालों के लिए इससे बड़ा डंडा भला और क्या होगा? पिछले दिनों 14 जनवरी के अंक में अखबार में स्याही आदि के धब्बे जगह-जगह लगे थे। कुछेक वाक्य सही ढंग से पढ़े नहीं जा रहे थे और कहीं-कहीं तो छपे फोटो भी धुंधले रहे। मेरा आपसे आग्रह रहेगा कि आप अपनी प्रिंटिंग पर भी विशेष ध्यान दें और अगर कोई दिक्कत है तो उसे भी दूर करवाएं। आखिरी पृष्ठ पर छापा अनंत क्लासीफाइड बेहतरीन लगा। हिमाचली रंग पेज के तो क्या कहने। मंझोले अखबारों की तरह सप्ताह में एक मैगजीन जरूर निकालें, जो पठनीय एवं संग्रहणीय हो। पुस्तक समीक्षा, हिंदी व पहाड़ी में गीत, गजल, कविताओं के अलावा महिला एवं बच्चों संबंधी साहित्य से संबंधित सामग्री भी छापी जानी चाहिए, क्योंकि इन सामग्रियों की बहुत ज्यादा डिमांड रहती है। अनंत ज्ञान टीवी के माध्यम से भी नया एवं ताजा देखने-सुनने को मिलता रहता है, इसकी कवरेज व्यापक करने की कोशिश करें।



**भीम बसेड़ू राजपूत**
**महादेव, सुंदरनगर**
**मो. 9816129019**

**जब** से अनंत ज्ञान का प्रकाशन हिमाचल के कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां से हुआ है, तब से मैं अनंत ज्ञान का नियमित पाठक हूं। इस अखबार की जो सबसे अच्छी बात मुझे लगी वो यह है कि समाचार पत्र दैनिक है और पूरे हिमाचल की खबरें एक साथ ही पढ़ने को मिल जाती हैं। हालांकि, दूसरी अखबारें स्थानीय खबरों को तवज्जो देते हुए अलग से चार पेजों का पुलआउट भी निकाल रही हैं, लेकिन मेरा यह मानना है कि आप इसी पैटर्न पर चले रहें। यह पैटर्न निश्चित रूप से पाठकों को आकर्षित कर रहा है। शायद यही वजह है कि इस समाचार पत्र की मांग अब हर जगह होने लगी है। संपादक महोदय, आप कृपया हिमाचल के कोने-कोने तक इस समाचार पत्र को पहुंचाने की व्यवस्था करवाएं। मुझे पूरी उम्मीद ही नहीं, बल्कि विश्वास है कि अनंत ज्ञान अखबार हाथों-हाथ बिकेगा। कई बार पाठकों को अखबार की हार्ड कॉपी न मिलने से मायूसी हो जाती है। हालांकि, उन तक आप लोग सॉफ्ट कॉपी के रूप में रोजाना छह बजे पीडीएफ पहुंचा रहे हैं, जिसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। दूसरी अखबरें भी करीब-करीब इसी समय लोगों तक मोबाइलों के जरिए ई-पेपर या पीडीएफ पहुंचा रही हैं। अखबार की प्रिंटिंग अच्छी है। देर रात की खबरें कभी-कभार पढ़ने को नहीं मिलतीं। कृपया इस ओर भी ध्यान दिया जाए।



**दीप धीमान**
**योल कैंट, धर्मशाला**

**मैं** अनंत ज्ञान समाचार पत्र का नियमित पाठक हूं। मेरी दिक्कत यह है कि कई बार जब मैं अखबार लेने के लिए दुकान पर जाता हूं तो वहां मुझे अनंत ज्ञान अखबार नहीं मिलता। उनकी तरफ से कहा जाता है कि अखबार की कॉपी बिक चुकी है यानी खत्म हो गई है। ऐसी परिस्थिति में मुझे मजबूरन दूसरी अखबार खरीदने के लिए विवश होना पड़ता है, जो कि मेरी रुचि की अखबारें नहीं होती हैं। मैंने जब से हिमाचल से अनंत ज्ञान शुरू हुआ है लगातार इसी अखबार को पढ़ा है, इसलिए मुझे यह अखबार भा गई है। कृपया इस ओर ध्यान दिया जाए कि नगरोटा ही नहीं, बल्कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में अखबार न मिलने की दिक्कत नहीं रहनी चाहिए। अगर पाठकों को नियमित रूप से अखबार मिलती रहेगी तो वह हमेशा के लिए आपका हो जाएगा। दूसरी बात मुझे आपके ध्यान में यह लानी है कि पिछले कुछ समय से आपके साप्ताहिक कॉलम जो कि रेगुलर चल रहे थे, वो भी अब बंद हो गए हैं। कृपया उन बंद हुए कॉलमों को भी दोबारा चलाने की मेहरबानी करें, क्योंकि एक बार पाठक की रुचि बन जाती है तो उसे तोड़ना नहीं चाहिए। मेरे आस-पास जो घर हैं, वहां भी अनंत ज्ञान अखबार लगवाने की बातें होती रहती हैं। कृपया आप नगरोटा में डिमांड के हिसाब से अखबारें पहुंचाने के लिए संबंधित विभागों को कहें। अखबार में छप रहा अनंत आरोग्य पेज बहुत अच्छा लगा, क्योंकि इसमें स्वास्थ्य संबंधी संपूर्ण जानकारी मुझे हासिल हो जाती है। वहीं, धार्मिक पन्ना अनंत सागर भी बेहतर, आकर्षक तथा जानकारीपरक है। धन्यवाद।



**धनी राम**
**नगरोटा बगवां, वार्ड-7**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बाप-बेटे के साथ मारपीट पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना में बाप-बेटा के साथ मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में रणजीत कुमार पुत्र गोपाल चंद निवासी गांव व डाकघर डैहर तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि उसके पिता बाजार में सब्जी लेने गए। इस दौरान वह शोर शराबे की आवाज सुनकर साथ वाली दुकान से बाहर आया तो उसके पिता ने बताया नीरज ने उसके साथ गाली गलौज व बहसबाजी की। जब उसके पिता ने गाली गलौज से मना किया तो नीरज ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। जब उसने नीरज से गाली गलौज व मारपीट बारे पूछा तो इसके साथ भी उसने हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी। उसने बताया हाथापाई के कारण उसकी गले में पहनी हुई सोने की चेन कही गिर गई। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### सड़क पर धूल के गुबार से लोग परेशान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** पधर उपमंडल के मोहडधार में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे फोरलेन निर्माण कार्य से स्थानीय लोग भारी परेशानी झेल रहे हैं। युगल शर्मा समेत अन्य स्थानीय निवासियों ने बताया कि पठानकोट-मंडी फोरलेन के निर्माण के दौरान हर दिन सड़क खुदाई के कारण धूल फैलती है। पहले धूल कम करने के लिए पानी छिड़का जाता था, लेकिन बीते दो-तीन दिनों से यह प्रक्रिया बंद कर दी गई है, जिससे धूल उड़कर घरों तक पहुंच रही है और लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर उपमंडल अधिकारी को शिकायत भी दी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। प्रशासन की अनदेखी से जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द पानी का छिड़काव दोबारा शुरू किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### गृहकर निर्धारण प्रक्रिया की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट ने नगर क्षेत्र के नए और पुराने भवनों के गृहकर निर्धारण के संबंध में अधिसूचना जारी की है। वर्ष 2024-25 के लिए यह प्रक्रिया ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से पूरी की जा रही है। नगर परिषद ने सभी भवन मालिकों और वासियों से अपील की है कि यदि उन्हें गृहकर निर्धारण को लेकर कोई आपत्ति या आक्षेप है, तो वे अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 कार्य दिवसों के भीतर नगर परिषद कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी, और गृहकर निर्धारण को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। नगर परिषद द्वारा गृहकर के बिल भवन मालिकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश के माध्यम से भेजे जाएंगे। सभी भवन मालिकों को 31 मार्च 2025 तक गृहकर का भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की गई है। निर्धारित समयावधि के बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि गृहकर निर्धारण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंडी में टेलीमेडिसिन सुविधा आरंभ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंडी में टेलीमेडिसिन की सुविधा आरंभ की गई है। सुविधा के आरंभ होने से मरीजों को वीडियो कॉल के माध्यम से इलाज की सुविधा मिलेगी। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी मंडी डॉ. राजेश कुमार ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के धरातल पर टेलीमेडिसिन रूम बनाया गया है। यहां पर चिकित्सक के लिए कम्प्यूटर व स्पीकर सहित इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जिससे मरीज चिकित्सक के साथ वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर सकते हैं, और अपनी बीमारी का इलाज करवा सकते हैं। टेलीमेडिसिन की सुविधा प्रतिदिन कार्य दिवस को सायं 2 बजे से लेकर 4 बजे तक उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में हर रोज अलग-अलग बीमारी के चिकित्सक टेलीमेडिसिन की सुविधा के लिए उपलब्ध रहेंगे। सोमवार व बुधवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ, मंगलवार व वीरवार को योगा विशेषज्ञ, शुक्रवार को शल्य रोग तथा शनिवार को शल्य तथा काया चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। जिला आयुष अधिकारी डॉ, राजेश कुमार ने जिला के समस्त जनता से आह्वान किया है कि टेली मेडिसिन सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### कशौड के अग्निपीड़ितों को बांटी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** भाजपा बालीचौकी मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष मुकेश मैडी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत कशौड के आग से प्रभावित टिटली गांव का दौरा किया।इस दौरान भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने आग से प्रभावित परिजनों को राहत सामग्री प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल में बालीचौकी पंचायत समिति के चेयरमैन शेर सिंह ठाकुर, और पूर्व सराज भाजपा मंडल अध्यक्ष भागीरथ शर्मा के अलावा कई अन्य स्थानीय लोग भी शामिल रहे।

### सराहनीय कार्यों के लिए 109 पेंशनर्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला मंडी द्वारा सोमवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार मंडी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने मुख्यमंत्री राहत कोष और आपदा काल में सराहनीय कार्यों के लिए 109 पेंशनरों को सम्मानित करने के पश्चात अपने संबोधन में कहा कि आपदा काल में योगदान करने वाले पेंशनरों को सम्मानित करना एक सराहनीय कदम है। समारोह में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को एसोसिएशन के प्रधान हरीश शर्मा और सचिव रोशन लाल कपूर ने टोपी, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा ने सभी का स्वागत किया और विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। एसडीएम सुंदर नगर अमर सिंह नेगी और एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी को उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

### चिकित्सा शिविर में 152 लोगों को दी मुफ्त दवाएं



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की ढेंलू पंचायत में आयुष विभाग द्वारा बहु विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ पंचायत प्रधान सपना देवी ने किया। शिविर में 152 लोगों को विभिन्न रोगों की निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 50 लोगों की रक्त जांच की गई। शिविर में डॉ. संदीप, डॉ. शिल्पा, डॉ. रीना, एएमओ पंकज, जय सिंह, शबनम, एपीओ भूरी सिंह और शांता देवी ने अपनी सेवाएं दीं। मंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रक्षक पाल ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी किया जाएगा।

# धर्मपुर और सरकाघाट में खनन माफिया सक्रिय

## हाईवे निर्माण में लगी कंपनी कूट रही चांदी, प्रशासन छुट्टी पर

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



एक एक और जहां मंडी कांड के बाद पूरे जिला में खनन माफिया के खिलाफ प्रशासन और पुलिस ने जोरदार अभियान चलाया हुआ है वहीं धर्मपुर में खनन माफिया धड़ल्ले से नदियों-खड्डों को खोखला कर रहा है प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद धर्मपुर और सरकाघाट क्षेत्र में अवैध खनन जोरों पर है। बड़े-बड़े मशीनें, ट्रैक्टर और टिपर दिन-रात नालों और खड्डों में खनन कर रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग इस पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं।

धर्मपुर की शिवद्वाला खड्ड में नेशनल हाईवे निर्माण में लगी कंपनी बिना किसी अनुमति से दिन-रात सरेआम रेत-बजरी उठाकर चांदी कूट रही है। प्रशासन और पुलिस कंपनी के राजनीतिक प्रभाव के चलते बिलकुल मौन बनी बैठे है शिकायतों के बाद भी कोई भी कार्रवाई तक नहीं की जा रही है। धर्मपुर भाजपा के पूर्व महासचिव एवं प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य देशराज पालसरा ने आरोप लगाते कहा कि पाडच्चू से कोटली तक नेशनल हाईवे के निर्माण में लगी बीएन कंपनी रात दिन बिना किसी भी अनुमति से खाद में जेसीबी मशीन लगाकर खनन कर रही है।

प्रशासन और पुलिस का इस कंपनी पर पूरा आशीर्वाद है न तो इनकी गाड़ियां रोकी जा रही है न जुर्माना किया जा रहा है, जबकि आम आदमी खचरों पर भी अगर रेत-बजरी उठाकर ले जा रहा है तो उसे जुर्माना किया जा रहा है। उन्होंने कहा भाजपा इस मुद्दे को लेकर सड़कों उतरेगी।(अनंत ज्ञान)

### हर जगह हो रहा खनन

**बल्याणा,** जांदर, फिहड़, नालड, चूहडू रा वल्ह, सटयार, तनेहड़, ठेठू और सिर खड्ड सहित कई अन्य खड्डों में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। इनमें नालड, चूहडू रा वल्ह और बल्याणा खड्ड में सबसे ज्यादा खनन हो रहा है, जबकि सरकाघाट की सिर खड्ड में अंधेरे में खनन माफिया पूरी ताकत से सक्रिय हो जाता है।

### खनन माफिया से लोग हो रहे परेशान

**रात** को खनन में लगे वाहनों के शोर से स्थानीय लोग खासे परेशान हैं। बीमार लोग सो नहीं पा रहे, स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, लेकिन प्रशासन और खनन विभाग के अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा। स्थानीय लोगों ने कई बार इस अवैध खनन की शिकायत की, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। अवैध खनन के चलते सैकड़ों बीघा भूमि खड्डों की चपेट में आ गई है। इसके अलावा, जल शक्ति विभाग की कई पेयजल और सिंचाई योजनाएं सूख चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों को पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। प्रदेश सरकार ने खनन माफिया पर शिकंजा कसने के लिए दो दर्जन विभागों को चालान करने की शक्ति दी है, लेकिन पुलिस के अलावा कोई अन्य विभाग कार्रवाई करने से पीछे हटता दिख रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इन क्षेत्रों में स्थायी रूप से पुलिस जवानों की तैनाती की जाए और खनन माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पर्यावरण और भूमि को बचाया जा सके।

### मैं छुट्टी पर हूं तभी हो रहा है खनन : एसडीएम

**धर्मपुर** के एसडीएम जोगिंद्र पटियाल ने कहा कि वह एक हफ्ते की छुट्टी पर हैं मेरे छुट्टी के जाने की खबर के बाद ही पीठ पीछे खनन हो रहा है, मैं अभी डीएसपी और एसएचओ को खनन रोकने और तुरंत कार्रवाई करने के आदेश जारी कर रहा हूं।

# जनता के बीच पहुंचे भगवान विष्णु



**अनंत ज्ञान, मंडी**

### पारंपरिक रूप से मनाया मार्कंडेय ऋषि मंगलौर का कंढेरी 'बीठ'

मंडी-कुल्लू सराज के केंद्र मंगलौर में ऐतिहासिक कंढेरी 'बीठ' पारंपरिक रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दो रियासतों के देवता ऋषि मार्कंडेय और स्थानीय देवता आदि ब्रह्मा को समर्पित इस उत्सव के साथ ही सराज में फागली पर्व संपन्न हो गया है। प्रत्येक तीसरे साल कंढेरी गांव में मनाए जाने वाले इस देव उत्सव में हजारों लोगों और देवलुओं ने भाग लिया।

देवता मार्कंडेय के आदेशानुसार जंगली फूलों और नरगिस से तैयार बीठ को पहले दिनभर नचाने के बाद देरशाम लोगों के बीच फैंका गया और गांव के ही एक युवक रवि ने कड़ी मशक्कत के बाद इसे पकड़ने में सफलता पाई।

मान्यता है कि भगवान विष्णु के मोहिनी अवतार इस बीठ को पकड़ने से मनोकामना पूरी हो जाती है। हर वर्ष भगवान विष्णु फागली उत्सव में इस बीठ और मुखौटेधारियों के रूप में धरती पर आते हैं और पूरे एक माह फागली उत्सव में गांव-गांव लोगों के बीच दर्शन देकर फिर जनता के बीच अचानक गायब होकर वापस चले जाते हैं। जिस व्यक्ति के हाथ में ये नरगिस फूलों का गुच्छा आता है उसको वरदान माना जाता है।

जिसे ये आशीर्वाद मिलता है वो व्यक्ति खुशी से धाम खिलाता है जहां देवता अपने सैकड़ों देवलुओं सहित जाते हैं। जब बीठ फैंका गया तो लोगों में काफी जोश देखा गया।

## आर्थिक आधार पर हो आरक्षण : समिति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति जिला मंडी की मासिक बैठक सर्कन गार्डन परिसर में हुई, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और कहा कि जाति आधार पर आरक्षण खत्म किया जाए तथा आर्थिक आधार पर आरक्षण का प्रावधान किया जाए। समिति ने कहा कि शिक्षा सत्र 2025-26 में सभी प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश परीक्षा में प्राप्त प्रतिशतता के अनुसार प्रवेश दिया जाए न कि जाति आधार पर दिया जाए। बैठक में लाभ सिंह जम्बाल, खेम चंद ठाकुर, एससी चौहान, सुनील रांगड़ा, चूड़ामणी शर्मा, धर्मपाल शास्त्री, नंद लाल शर्मा ने अपने विचार प्रकट किए।

## सलवाहन पंचायत के लोगों ने चिट्टा माफिया के खिलाफ बनाई रणनीति

**आदर्श, नेरचौक**

### संलिप्तता पाए जाने पर पंचायत सुविधाओं से होंगे वंचित

नाचन विधानसभा क्षेत्र की सलवाहन पंचायत में चिट्टे के खिलाफ मुहिम चलाने के लिए रणनीति तैयार की गई। सोमवार को पंचायत प्रधान पंकज चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कृषि विभाग के उपपरियोजना निदेशक डॉ. संजय ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत का यदि कोई व्यक्ति चिट्टे के मामले में संलिप्त पाया जाता है तो उसे पंचायत के सभी अधिकारों से वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही पंचायत में चिट्टे के खिलाफ मुहिम चलाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें ममता को प्रधान, कौरा देवी को उपप्रधान तथा प्रेम सिंह, रामशरण व चंद्रमणि को मुख्य सलाहकार मनोनीत किया गया।

चिट्टे के खिलाफ आयोजित इस बैठक में हाटेश्वरी महिला मंडल पाली, शिव शक्ति महिला मंडल सलवाहन, शनि देव महिला मंडल राव, महालक्ष्मी महिला मंडल चुनाहन व महिला मंडल सलवाहन की सदस्यों के अलावा अन्यों ने भाग लिया। इस बैठक में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश , आंगनबाड़ी सुपरवाइजर संदीप चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

## पुलिस ब्लॉग पर सार्वजनिक नहीं हो रहे नशे के मामले

**अनिल शर्मा, मंडी**







नशे के खिलाफ छेड़े गए महाअभियान ने समाज में जागरूकता का स्तर ऊपर उठाया है। नशे के खिलाफ लोगों ने एकमत से मंडी पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जितने भी मामले पकड़े जाते हैं उन्हें सार्वजनिक किया जाए।

बता दें कि मंडी पुलिस ब्लॉग में पिछले लंबे समय से सभी प्रकार के अपराधों पर दर्ज मामलों की सूचना सार्वजनिक नहीं की जा रही है। लोगों में विजय, अश्वनी, धर्मसिंह, बलराज, अनू, सोनू आदि ने मांग की है कि नशे के मामले पुलिस ब्लॉग पर सार्वजनिक किए जाएं। दो दर्जन से अधिक युवाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है, लेकिन समाज इससे भी अनभिज्ञ है। महिलाओं को जैसे ही नशे की भयानक स्थिति का पता चला तो उन्होंने अपने स्तर पर अभियान छेड़ दिया।

कई गांवों में स्थिति नियंत्रण से बाहर है। महिलाओं के इस आक्रोश को यदि पुलिस प्रशासन, प्रदेश सरकार और कांग्रेस, भाजपा के नेताओं ने नहीं समझा तो आने वाले समय में दोनों की दलों को वोट से हाथ धोना पड़ेगा। नेता बयान जारी करने की बजाय धरातल पर आएं और नशे के खिलाफ अभियान में शामिल हों।(अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों के संदेश

- नशा नाश की ओर ले जाता है।
  **ध्रुव चौहान, कक्षा नवम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोग।**
- नशे से दूर रहो खुशहाल जीवन बिताओ।
  **वंशिका, कक्षा नवम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोग।**

### इस नंबर पर भेजें संदेश

**प्रबुद्ध** पाठक और आम जनमानस भी अनंत ज्ञान के इस अभियान में शामिल होकर 9418980288 व्हाट्सऐप नंबर पर संदेश भेज कर विरोध जता कर नशे पर टंकार कर सकते हैं। ये संदेश प्रतिदिन समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे।

## ललित बने व्यापार मंडल नलसर के अध्यक्ष

**विनोद, नेरचौक**

व्यापार मंडल नलसर की बैठक प्रधान हरीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें विनोद जसवाल वरिष्ठ उपप्रधान गिरधारी लाल शर्मा, वरिष्ठ कोषाध्यक्ष कश्मीर शर्मा सहित सभी सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक कार्यकारिणी विस्तार को लेकर आयोजित की गई जिसमें प्रधान हरीश कुमार ने ललित पाठक को अध्यक्ष, रितेश गुप्ता व हितेश गुप्ता को संरक्षक, हरनाम सिंह, संजय पुरी व जगदीश वालिया को सलाहकार, रमेश चंद को उप प्रधान, हीरा ठाकुर को सचिव, जितेंद्र सोनी को सहसचिव, हितेश शर्मा को कोषाध्यक्ष, रामलाल बंसवाल को सहकोषाध्यक्ष तथा श्याम सैनी उर्फ संजू, दर्पण शर्मा मीडिया प्रभारी तथा प्रभात आनंद और भारत भूषण सैनी को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके साथ माया देवी, संतोष कुमार, रमेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, संदीप कुमार, मुरारी शर्मा, जितेंद्र, लता कुमारी, संतोषी देवी, इंदु ठाकुर, कालिदास, मनसा देवी, रेखा देवी, अर्चना सैनी, योगेश कुमार, सुनील कुमार, भूपेंद्र ठाकुर व दिलाराम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में रविवार के दिन व्यापारियों ने दुकान बंद रखने तथा सदस्यता शुल्क 1000 रुपए व मासिक शुल्क 100 रुपए लेने के निर्णय सर्व समिति से लिए गए लिए गए ।(अनंत ज्ञान)

## मंडी शिवरात्रि जातर के लिए बड़ा देव कमरुनाग ने किया प्रस्थान

**उमेश, सुंदरनगर**



### कमरुनाग मेले के दौरान टारना मंदिर में भक्तों को देंगे दर्शन

मंडी जनपद के अराध्य बड़ा देव कमरुनाग अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने सोमवार को छोटी काशी रवाना हो गए हैं। देवता के मंडी आगमन को लेकर उनके भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। देवता पुलिस सुरक्षा के बीच मंडी पहुचेंगे।

बड़ा देव यजमानों के घरों में मेहमाननवाजी निपटाते हुए आगामी 25 फरवरी को छोटी काशी में प्रवेश करेंगे। 25 को राज देवता भगवान माधोराय से भव्य मिलन के साथ देव कमरुनाग मंडी शिवरात्रि के कारज शुरू करेंगे। देव कमरुनाग ने सेरी चानणी में बैठने के लिए साफ मना कर दिया है। देवता ने अपने गूर और देवलुओं को साफ निर्देश दिए हैं कि वे भगवान माधो राय से मिलन के बाद वे टारना मंदिर में पूरे मेले के दौरान भक्तों को दर्शन देंगे। बड़ा देव कमरुनाग जनपद के सबसे बड़े देवता हैं। देवता से हजारों लोगों की आस्था जुड़ी है।(अनंत ज्ञान)

## 8 बोतल देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना के तहत निहरी पुलिस चौकी के दल ने गश्त के दौरान एक चिकन कॉर्नर से 8 बोतल देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने चिकन कार्नर के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार निहरी पुलिस चौकी के दल ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चिकन कार्नर पर दबिश देकर वहां से 8 बोतल देसी शराब बरामद की है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी नरेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

## अवैध फेरी वालों के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



बालीचौकी उपमंडल के अधिकांश क्षेत्रों में फेरी वालों की आमद को लेकर सोमवार को व्यापार मंडल बालीचौकी ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान व्यापार मंडल बालीचौकी के अध्यक्ष यशवंत शर्मा के नेतृत्व में व्यापार मंडल के सदस्यों ने क्षेत्र मे फेरी वालों की बढ़ रही संख्या को लेकर चिंता जताई और कहा कि इन लोगों के आने से न केवल स्थानीय लोगों को व्यापारिक नुकसान उठाना पड़ रहा है बल्कि क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा को लेकर भी आम लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। व्यापार मंडल बालीचौकी के अध्यक्ष यशवंत शर्मा ने कहा कि आजकल बाली चौकी और उसके आसपास के क्षेत्रों में बाहरी राज्यों से फेरी वाले रजाईं, कंबल, कुर्सी, मेज और लगभग सभी प्रकार के घरेलू सामान बिना टैक्स के बेचने आ रहे हैं, जिसकी वजह से स्थायी दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि बाहरी राज्यों से आने वाले इन फेरी वालों पर पुलिस के माध्यम से कड़ी नजर रखी जाएं और इनके आवश्यक दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जाएं।

प्रतिनिधिमंडल में डोला राम, धनी राम, ललित ठाकुर, व मिने राम भी शामिल रहे। उपमंडल अधिकारी देवी राम ने कहा कि इस मामले को लेकर कानून के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।(अनंत ज्ञान)

## सुरक्षा गार्ड के पदों की भर्ती के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** एसआइएस आरटीए शाहतलाई जिला बिलासपुर ने सुरक्षा गार्डों तथा सुपरवाइजर के 1 00 पदों को भरने के लिए बेरोजगार युवक-युवतियों से आवेदन पत्र मांगे हैं।

कंपनी ने इन पदों के लिए 20 फरवरी 2025 को बालीचौकी स्थित रोजगार कार्यालय में 11 बजे प्रात: से शाम 3 बजे तक आवेदन पत्र और साक्षात्कार को प्रक्रिया को पूरी करवाने की सूचना अभ्यर्थियों को दी है। उपरोक्त पदों के लिए निर्धारित योग्यता 10 वीं जमा 2 व स्नातक रखी गई है। आयु सीमा 19 से 40 वर्ष रखी गई है।

## एसपीयू के छात्रों ने हैकाथॉन में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने एनआईटी हमीरपुर में हाल ही में संपन्न हैकाथॉन में विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रदर्शित असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और नवाचार की प्रशंसा की।

देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एनआईटी और आईआईटी के प्रतिभाशाली छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, हमारी दो टीमों, वायु सेना प्रोडक्टाथॉन जिसमें साहिल वत्स, अंकित ठाकुर, आशीष शर्मा और ऋचा ठाकुर तथा यूनिहब कनेक्ट आइडियाथॉन जिसमें मोहित ठाकुर शिवम शर्मा, मोक्षिका शर्मा और इशानी वैद्य शामिल थे, ने रचनात्मकता का परिचय दिया।

## तंदुरुस्ती

### 3021 आंगनबाड़ी केंद्रों और 2744 स्कूलों में खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

# बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए एल्बेंडाजोल जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि 20 फरवरी को मंडी जिला में 3021 आंगनबाड़ी केंद्रों और 2744 पाठशालाओं में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी के सभागार में आयोजित जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में अगस्त 2024 में जिला स्तरीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता दर 99.4 प्रतिशत रही जो सराहनीय है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अलावा बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग का योगदान रहा है।

मंडी जिला में एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 2,48,520 बच्चे हैं जिन्हे दूसरे चरण में 20 फरवरी को सभी 3021 आंगनबाड़ी केंद्रों और 2744 पाठशालाओं में एल्बेंडाजोल दवाई खिलाई जाएगी।

इस चरण में सभी विभागों विशेषकर स्वास्थ्य विभाग को 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा इस अभियान में छूटना नहीं चाहिए तथा इस कार्य को पूर्ण करने के लिए जिला प्रशासन पूर्ण सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने जिला मंडी के सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 20 फरवरी को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आंगनबाड़ी/स्कूल अवश्य भेजें तथा एलबेंडाजोल की दवाई की खुराक लेने के लिए प्रेरित करें।

### वर्ष में दो बार खिलाई जाती है एल्बेंडाजोल

मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ. नरेंद्र कुमार भारद्वाज ने बताया कि एक वर्ष से 19 वर्ष की आयु तक के बच्चों को कृमि मुक्त कार्यक्रम के दौरान वर्ष मे दो बार 6 मास के अन्तराल पर एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती है तथा यह गोली एक से पांच वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रो में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा तथा 6 से 19 वर्ष के बच्चों को स्कूलों में अध्यापकों द्वारा खिलाई जाएगी।

### छूटे बच्चे को 27 फरवरी को खिलाई जाएगी

उपायुक्त ने कहा कि एक से दो वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली चम्मच में पीस कर खिलाई जाएगी तथा दो वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह गोली अपने सामने चबाकर खाने को कहा जाएगा। गोली खाने के बाद बच्चे को कम से कम 15 मिनट तक अपनी निगरानी में बिठाकर रखा जाएगा ताकि किसी भी तरह की होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से बचा जा सके। किसी भी कारणवश छूटे बच्चे को यह गोली 27 फरवरी को खिलाई जाएगी व एक मार्च तक इसकी रिपोर्ट ए एन एम के माध्यम से खण्ड स्तर तथा 2 मार्च तक जिला स्तर पर पहुंच जानी चाहिए । इस कार्यक्रम में दो से पांच वर्ष की आयु के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोली के अतिरिक्त विटामिन ए की खुराक भी पिलाई जाएगी।

## विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी की विभिन्न टीमों के द्वारा धर्मपुर और आसपास के 12 स्कूलों के साथ किए गए एमओयू के अंतर्गत विद्यालयों का दौरा किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी कड़ी में 17 फरवरी 2025 को महाविद्यालय की दो टीमों स्कूलों का दौरा किया, जिसमें एक टीम जिसमें प्रो. रमेश चंद शर्मा तथा प्रो. शैली ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लौंगनी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरला और दूसरी टीम जिसमें प्रो. विवेकानंद शर्मा और प्रो. मनबीर शामिल रहे उनके द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मढ़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक तन्हेड़ पाठशाला तन्हेड़ का दौरा किया गया।

इससे पहले 14 फरवरी को महाविद्यालय धर्मपुर की एक टीम जिसमें प्रो. अभिषेक शर्मा तथा डॉ. मोहर सिंह शामिल रहे के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर का दौरा किया था। इसमें छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं, छात्रवृत्तियों और महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। उन्होंने महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सह पाठयक्रम गतिविधियों, खेल, करियर परामर्श और प्लेसमेंट सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला।

## न्यूज ब्रीफ

### मदन लाल ढींगरा की धूमधाम से मनाई जयंती

**अनंत ज्ञान, घनारी।** शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों ने गगरेट शिवबाड़ी स्कूल में महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा की जयंती पर फूल-मालाएं अर्पित कीं। इस दौरान बच्चों को शिक्षा समाग्री और मिठाई बांटी। क्लब प्रधान मुनीष ठाकुर और समाजसेवी जीनत महंत ने कहा कि हमें इनकी कुर्बानियों को हमेशा याद रखना चाहिए और सरकार को इनकी जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करनी चाहिए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अप्रतिम क्रांतिकारी थे। भारतीय स्वतंत्रता की चिंगारी को अग्नि में बदलने का श्रेय महान शहीद मदन लाल धींगरा को ही जाता है। क्लब सदस्य रणबीर राणा, अनिल शर्मा, लखवीर बंसल, राजिंद्र बंसल, योगराज सिंह, आकाश कुमार, सतीश कुमार, अमृतपाल सिंह, राजेश वैद्य, मनजीत सिंह, शम्मी सिंह मौजूद थे।

### अध्यापकों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम् श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर में सोमवार को तकनीकी संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि इस शिविर में गगरेट शिक्षा खंड दो के लगभग 108 अध्यापक भाग ले रहे हैं, इसमें माध्यमिक पाठशाला, उच्च पाठशाला तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के टीजीटी तथा सीएंडवी को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का पहला स्तर 17 से 21 फरवरी तक चलेगा तथा दूसरा स्तर 22 से 28 फरवरी तक चलेगा।

### टेक्नोलॉजी एन्हॉसमेंट कार्यशाला का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत पांच दिवसीय टेक्नोलॉजी एन्हॉसमेंट कार्यशाला का ब्लॉक प्रोजेक्ट ऑफिस अंब में शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में अंब ब्लॉक के विभिन्न विभिन्न स्कूलों से 46 सी एंड वी और टीजीटी ने भाग लिया। आज की कार्यशाला में एमएस ऑफिस, पावर प्वाइंट, एक्सेल आदि पर सैशन हुए। अनु शर्मा और जगमोहन शर्मा ने रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाई। बीपीओ विनोद कुमार बनियाल ने कहा कि तकनीक आज के युग की मांग है। तकनीकी शिक्षा के बिना आज शिक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, इसलिए कार्यशाला और भी जरूरी हो जाती है। आज हमें मौका मिला है इन पांच दिनों में सीखने का, इसलिए सभी पार्टिसिपेंट्स से अपील है कि वे जितना हो सके इस कार्यशाला से सीख कर जाएं ताकि इसका उद्देश्य सफल बनाएं।

### शिवपुर में बिजली सब-डिवीजन निर्माण की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** विद्युत डिविजन अंब के तहत मुबारिकपुर शिवपुर में भविष्य में लोगो को बिजली लोड व बिजली कट से परेशान नहीं होने पड़ेगा क्योंकि विद्युत विभाग ने चयनित स्थान पर 33 केवी विद्युत सब डिविजन निर्माण के लिए प्रक्रिया आरंभ कर दी है। एसडीओ मुबारिकपुर धर्मपाल ने बताया कि मुबारिकपुर उपमहाल शिवपुर में सरकारी मलकियती भूमि खसरा नंबर 236/2 रकवा 00-33-39 में प्रस्तावित 33/11 केवी सब डिविजन मुबारिकपुर पट्टे पर देने की प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि विभाग के पास अपनी बिल्डिंग न होने से वर्तमान में विभाग का कार्यालय मुबारिकपुर में एक किराए की दुकानों में चल रहा है। विभाग चयनित स्थान पर बिल्डिंग का आधारभूत ढांचा तैयार कर एक विकसित कार्यालय बनाना चाहता है। एसडीओ धर्मपाल ने बताया कि उक्त चयनित भूमि पर यदि किसी को आपत्ति हो तो वह विभाग से संपर्क कर सकता है।

### दौलतपुर चौक कॉलेज और सीयू के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक और सिटी यूनिवर्सिटी के बीच एक महत्वपूर्ण एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सीटी यूनिवर्सिटी की ओर से डिप्टी डायरेक्टर विकास राय और समन्वयक अरविंद भाटिया उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह पटियाल ने बताया कि कॉलेज प्रशासन विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य हेतु हरसंभव प्रयास कर रहा है और यह समझौता इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों को नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके कौशल विकास और करियर निर्माण में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर डॉ रमन चौधरी, डॉ. मनोज कहोल, डॉ. सतिन्दर शर्मा, डॉ. शिवानी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर के तहत अभियान तेज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि ऊना शहर में स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर मुहिम के तहत डोर-टू-डोर अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों द्वारा रोजाना 400 से अधिक घरों तक पहुंच कर सर्वे और घरों से निकलने वाले सूखे-गीले कचरे एवं हानिकारक कचरे बारे लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि कचरे का सही निस्तारण हो सके। एडीसी ने बताया कि नगर निगम ऊना को स्वच्छ और समृद्ध बनाने के लिए घर-घर जाकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं ताकि ऊना को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आदर्श नगर निगम के रूप में विकसित किया जा सके। एडीसी ने बताया कि नगर निगम ऊना में स्वच्छता मुहिम के अंतर्गत गीले-सूखे एवं हानिकारक कचरे को अलग-अलग तथा सिंगल यूज पॉलीथिन का निम्न प्रयोग करने और सिंगल यूज्ड पॉलीथिन को एकत्रित करके सफाई कर्मचारियों को देने तथा पॉलीथिन को बिलकुल भी न जलाने का संदेश भी दिया जा रहा है। इसके अलावा, नगर निगम के सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि ऊना शहर में अभी तक 1460 घरों का सर्वे पूरा कर लिया गया है तथा पूर्व नगर परिषद का वार्ड नंबर 8 को पूरा कर लिया गया है।

### छात्रों ने सीखी मिट्टी के बर्तन बनाने की कला

**अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत प्री वोकेशनल एजुकेशन के अंतर्गत विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आज दूसरी कड़ी में मिट्टी के बर्तन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य विनोद कुमार बनियाल ने बताया कि सतीश कुमार ने बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाने के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ किसी न किसी ऐसे कार्य में निपुण हो जाएं ताकि वह पढ़ाई के बाद उसे अपने रोजगार के रूप में अपना सके।

### बंगाणा कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की। कार्यक्रम में छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# डीसी ने नशा निवारण और पुनर्वास केंद्र घालूवाल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने सोमवार को घालूवाल स्थित नशा निवारण व पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नशा निवारण केंद्र में राष्ट्रीय मानकों के आधार पर उपलब्ध उपचार संबंधित सुविधाओं और वहां की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। उपायुक्त ने पुनर्वास केंद्र में दी जा रही व्यक्तिगत काउंसिलिंग, योग, व्यायाम, आवश्यक दवाइयां की सुविधाओं के साथ-साथ खानपान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने वहां उपचाराधीन व्यक्तियों से भी मुलाकात की और नशे को छुड़ाने के लिए प्रदन की जा रही सुविधाओं तथा उनके जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलावों पर फीडबैक लिया। उपायुक्त ने बताया कि यह नशा निवारण केंद्र गुंजन संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है, जहां



वर्तमान में 13 लड़कों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने उपचाराधीन लड़कों को प्रेरित किया और उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि समय पर इलाज से नशे को छोड़ना संभव है। उन्होंने कहा कि मजबूत मनोशक्ति, प्रभावी उपचार व सकारात्मक माहौल से नशे से जल्दी छुटकारा पाया जा सकता है। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं क्रेडिट प्लानिंग अधिकारी ऊना संजय सांख्यान सहित गुंजन संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मीनू की मौत के बाद दिव्यांग सास और छह वर्षीय बच्चे पर संकट

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

ऊना जिले के अंदरौली गांव में 16 फरवरी को एक दुखद घटना घटी। 35 वर्षीय दिनेश्वरी (मीनू) पत्नी दिनेश कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मीनू की मौत के बाद इस परिवार पर संकट पैदा हो गया है। उसका बच्चा और सास बेसहारा हो गए हैं। मृतका की बहन, सोनी जो शिमला जिले के रोहडू के एक गांव के निवासी हैं, वह अंदरौली गांव पहुंचे।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उन्होंने कमरे में अपनी बहन दिनेश्वरी (मीनू) की लाश देखी, जिसमें मृतका के गले के नीचे नीले रंग के निशान देखे गए। इससे उन्होंने शंका जाहिर की कि उसकी हत्या की गई। मृतका दिनेश्वरी का 6 वर्षीय पुत्र पहली कक्षा का विद्यार्थी है। सोनी ने अपने बयान में यह भी बताया कि मृतका के पति दिनेश, जो चार साल से घर में नहीं आया है, लेकिन उसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। मृतका दिनेश्वरी बहुत मेहनती महिला थी। वह लोगों के घर कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थी। लोगों के घर में घास काटना, बर्तन साफ करना इत्यादि कार्य करती थी। मृतका के ससुर करम चंद की कुछ वर्ष पहले ही मृत्यु हो चुकी है, लेकिन जब करम चंद की मृत्यु हुई थी, उस समय भी दिनेश कुमार घर नहीं आया था।

मृतका की साठ वर्षीय सास निक्की देवी पैरालाइज की बीमारी से ग्रसित है। उसकी हालत भी सही नहीं होने की वजह से कोई भी कार्य करने में असमर्थ है। मृतका दिनेश्वरी ने घर में एक भैंस भी रखी हुई है, लेकिन अब निक्की देवी को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। खेतीबाड़ी करने के लिए भी कोई भी जमीन

### पैरालाइज्ड सास और बच्चे का पालन-पोषण आखिर करे कौन?

उपलब्ध नहीं है। निक्की देवी का बड़ा लड़का सुरेंद्र सोलन में प्राइवेट कार्य करता है और अपने परिवार के साथ सोलन में ही रहता है। इस परिवार के पास मकान भी सही हालत में नहीं है, जो कि कभी भी किसी भी समय गिर सकता है। निक्की देवी का मकान भी लोगों की जमीन पर ही बना हुआ है।

स्थानीय गांववासी इस परिवार का बहुत ही सहयोग करते हैं। रायपुर मैदान पंचायत के उपप्रधान सत्यनारायण ने बताया कि मृतका दिनेश्वरी देवी बहुत ही मेहनती और समाज के सभी लोगों के साथ मिलजुलकर रहती थी, लेकिन इस प्रकार की वारदात से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से आग्रह किया कि दोषी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और इस परिवार की सहायता भी की जाए। इस परिवार को सरकार से मिलने वाली कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है, लेकिन अब इस परिवार पर दुखों का पहाड़ पड़ गया है। मृतका की सास निक्की देवी और 6 वर्षीय लड़के का पालन-पोषण अब कौन करेगा, यह बहुत ही गंभीरता का विषय है। उपप्रधान सत्यनारायण ने कहा कि जो भी सहायता होगी, इलाके के लोगों के साथ मिलजुलकर इस परिवार का सहयोग करने के लिए प्रयासरत है।

पुलिस थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के मायके पक्ष के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच। पुलिस मामले की जांच बहुत ही गंभीरता से कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं : विक्कू

## कुटलैहड़ के विधायक ने की विकास कार्यों की समीक्षा, पंचायत सचिवों को दिए कड़े निर्देश

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के खंड विकास भवन बंगाणा में मीटिंग हाल के उद्घाटन के बाद विधायक विवेक शर्मा विक्कू ने खंड बंगाणा में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिवों और पंचायत प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि 28 फरवरी तक सभी लंबित विकास कार्य पूरे कर लिए जाएं और उनका उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट) जमा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 मार्च तक यदि विकास कार्य पूरे नहीं हुए तो संबंधित अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विधायक विवेक शर्मा ने बैठक में बताया कि बीते आठ महीनों में कुटलैहड़ क्षेत्र की पंचायतों में छह करोड़ रुपए के विकास कार्य किए गए हैं। इनमें सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल सुविधाओं का विस्तार, पंचायत भवनों का नवीनीकरण, खेल मैदानों का विकास और स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे



विकास भवन में मीटिंग हॉल का विधायक विवेक शर्मा ने किया उद्घाटन।

कार्य शामिल हैं। हालांकि, कई पंचायतों ने अभी तक इन कार्यों का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया है, जिससे सरकार को यह पुष्टि नहीं मिल पा रही है कि धनराशि का सही उपयोग हुआ है या नहीं।

बैठक में विधायक विवेक शर्मा ने पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द सभी लंबित विकास कार्यों को पूरा करें और प्रमाण पत्र सौंपें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई पंचायत विकास कार्यों में लापरवाही बरतेगी, तो भविष्य में उन्हें विकास कार्यों के लिए धन आवंटन में परेशानी हो सकती है।

विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे 28 फरवरी तक अपनी-अपनी पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को पूरा करें और सरकार को प्रमाण पत्र सौंपें। उन्होंने कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि आगामी बजट में पंचायतों को और अधिक विकास कार्यों के लिए धनराशि आवंटित की जा सके। बैठक के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने यह भी कहा कि 31 मार्च तक सभी पंचायतों में विकास कार्य पूरे हो जाने चाहिएं। बैठक में उपस्थित पंचायत प्रधानों और सचिवों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं। कई पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ विकास कार्यों में तकनीकी बाधाओं के कारण देरी हो रही है। इस पर विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करें, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। (अनंत ज्ञान)

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, डीपीआरओ सचिन, एसडीओ उदित कुमार, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, सत्या देवी, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य के अलावा सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य मौजूद रहे,

# यूथ क्लब ने प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे से दूर रहने का दिया संदेश : रिंकू



वॉलीबाल प्रतियोगिता के दौरान गणमान्य को सम्मानित करते आयोजक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा का शहीद भगत सिंह मैमोरियल यूथ क्लब द्वारा आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों और स्थानीय युवाओं का जोश देखने लायक था। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, कुटलैहड़ भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बीसीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू ने शिरकत की।

रिंकू ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हैं। राजेंद्र रिंकू ने युवाओं को खेलों से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा विभिन्न नशों की चपेट में आ रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य और भविष्य के लिए घातक है।

खेल एक ऐसा माध्यम है, जो उन्हें नशे की लत से दूर रखकर उनके आत्मविश्वास और अनुशासन को बढ़ाता है। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक युवा इससे जुड़ सकें। प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया और सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और युवा उपस्थित रहे।

## सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत गोंदपुर जयचंद में 70 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत की दिशा में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा यह एक बड़ा कदम है। सांसद अनुराग ठाकुर की पहल से अब ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर भटकना नहीं पड़ता, सेहत खुद उनके दरवाजे तक पहुंच रही है। गोंदपुर जयचंद गांव में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत टीम हरोली के डॉ. प्रदीप, स्टाफ नर्स प्रीति, लैब सहायक मनीष और पायलट निहाल सिंह ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें 70 ग्रामीणों की जांच की गई। इसमें 4 हाई बीपी, 5 शुगर और 17 जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों को इलाज मिला, जबकि 40 लोगों के लैब टेस्ट किए गए।

# अंब कॉलेज में 'उमंग 2025' कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**विवेक शर्मा, अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में सोमवार को कॉलेज छात्र परिषद संघ (सीएससीए) उमंग 2025 वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ हुआ। इसमें खड्डु महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्यातिथि ने कहा कि छात्र संघ छात्र प्रतिनिधियों की एक परिषद है, जो छात्रों के कल्याण के लिए काम करती है और छात्र संघ का उद्देश्य छात्रों को सशक्त बनाना और समुदाय की भावना पैदा करना है। यह प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच एक कड़ी का काम करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कला कौशल के टिप्स भी दिए। इस कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में राजकीय महाविद्यालय अंब की प्रो. रेखा शर्मा, राजकीय महाविद्यालय ऊना की प्रो. मोनिका ठाकुर, दौलतपुर महाविद्यालय की प्रो. श्रेया भारद्वाज उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पीटीए प्रधान रविंद्र बंसल, सह-सचिव संजय कुमार, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. सतपाल, प्रो. सुखदेव, प्रो. अमित कुमार शर्मा, डॉ. नितिन कुमार शर्मा, डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. कृष्णा, प्रो. अजय, प्रो. अनय, डॉ कुमारी सुजाता, प्रो. सुरेता, डॉ. पवन पटियाल, प्रो. जमीत, डॉ. राजेश, डॉ. अरुण ,डॉ. रजनीश, डॉ. श्रुति, प्रो. अनिल वर्मा, डॉ अजय शर्मा, प्रो. आशीष, प्रो. रचना, प्रो परीक्षा, प्रो. अंकुश, प्रो. सूर्यमान, प्रो. पूनम, डॉ. रिचु, प्रो अरुणा, प्रो. मोनिका, डॉ. विजेंदर, डॉ. हरजीत, डॉ. आशुतोष , डॉ. रेणु, प्रो. रेखा, प्रो. नेहा, अधीक्षक ग्रेड 1 राम लाल शर्मा, लाइब्रेरियन अनीता शमा, नैनी पाल, स्वाति, ओम प्रकाश, तरसेम, पूनम, संदीप सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

# त्रिमूर्ति शिव संदेश रथयात्रा का बंगाणा आगमन पर स्वागत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती (महाशिवरात्रि) पर्व पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विवि, ऊना शाखा द्वारा त्रिमूर्ति शिव संदेश रथयात्रा बंगाणा उपमंडल के पीर निगाह, बसोली, मदनपुर, तलाई, बीहड़ू, राएपुर मदान, थानाकलां, बड़ूही आदि गांवों में पहुंच कर एकत्रित लोगों को परमपिता परमात्मा शिव का संदेश दिया।

इस रथ के साथ मुख्य रूप से मेहतपुर ब्रह्मकुमारीज केंद्र की प्रभारी बबिता बहन की अगुवाई में हरजीत बहन (सवारी टकोली), शकुंतला बहन, अशोक भाई व रामकिशन भाई ने शिव संदेश से लोगों में परमात्मा के साथ आत्मा के मिलन व आत्मिक शांति के लिए जीवनयापन में मानसिक स्थिति को स्थिरता प्रदान करने के लिए दूसरों के प्रति शुभ भावना रखने व जीवन मे पवित्रता की धारणाओं को अपनाने का संदेश दिया जा रहा है।

शिव संदेश रथ के प्रति लोगों में आकर्षण का केंद्र दाद्वश ज्योतिर्लिंग व अमरनाथ गुफा की झांकी को



दर्शाया गया है। यह संदेश रथ जिलेभर के विभिन्न स्थानों पर महाशिवरात्रि के परमात्मा का संदेश देगी, जो कि 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगी तथा गगरेट स्थित शिवबाड़ी मंदिर में आयोजित पर्व के आयोजन पर संपन्न होगी।

संदेश रथ के माध्यम सें महाशिवरात्रि के रहस्यों पर भी लोगों को ज्ञानवर्धक संदेश दिया जा रहा है। इसमें बताया जा रहा है कि विश्व की सभी महान, विभूतियों के जन्मोत्सव मनाए जाते हैं, लेकिन परमात्मा शिव की जयंती को जन्मदिन न कहकर शिवरात्रि कहा जाता है। इसका अर्थ है परमात्मा जन्म मरण से न्यारे हैं। उनका किसी महापुरुष या देवता की तरह शारीरिक जन्म नहीं होता है। उनकी जयंती कर्तव्य वाचक रूप में मनाई जाती है।

महाशिवरात्रि परमात्मा के दिव्य अवतरण का यादगार महापर्व है। परमात्मा ने श्रीमद् भगवद् गीता में किए वादे के अनुसार परमात्मा कहते हैं कि जब जब सृष्टि पर धर्म की अति ग्लानि हो जाती है। अधर्म और पाप कर्म बढ़ जाते हैं, तब मैं भारत सहित पूरी सृष्टि का उत्थान करने और दुनिया की सृजन करने साकार रूप में लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूं। चारों युगों में कल्प के अंत में एक बार ही मेरा इस धरा पर अवतरण होता हैं।

### सफाई कर्मचारियों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार : अमित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित वाल्मीकि ने कहा कि काफी दिनों से सफाई कर्मचारियों का मुद्दा चल रहा है। कई सरकारें आईं, कई गईं, लेकिन सफाई कर्मचारियों की अभी तक पक्की भर्ती नहीं की गई और मैं सभी



पंजाब ब हिमाचल के सभी भाइयों को जो समाज सेवक या कोई संगठन चला रहा है, उन भाइयों को निवेदन है कि जो हमारे भाई-बहनें 25 सालों से देश को साफ-सुथरा रखा है, उनके हक अधिकार की लड़ाई के लिए मैं अमित वाल्मीकि आप सभी भाइयों से निवेदन करता हूं कि सभी इस लड़ाई में साथ दें। जल्द एक मीटिंग रख कर जो भी फैसला लिया जाएगा, सफाई कर्मचारियों के हकों के लिए लिया जाएगा। बहुत जल्द सभी भाइयों की तरफ से हिमाचल बंद करने की कॉल दी जाएगी।

# कुटलैहड़ युवा कांग्रेस ने नशे के खिलाफ छेड़ा जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ युवा कांग्रेस ने क्षेत्र में बढ़ते नशे की रोकथाम के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत युवा शक्ति को नशे से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस संदर्भ में कुटलैहड़ युवा कांग्रेस की एक विशेष बैठक ब्लॉक अध्यक्ष मुनीष बैंस की अध्यक्षता में बंगाणा विश्रामगृह में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुनीष बैंस ने नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए विभिन्न कदमों पर चर्चा की। बैंस ने कहा कि नशे की लत युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रही है और समाज में अपराधों को बढ़ावा दे रही है, ऐसे में युवा कांग्रेस ने ठोस रणनीति बनाकर जागरूकता अभियान तेज करने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक, सेमिनार और रैलियों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर युवाओं को नशे से दूर रखने की योजना बनाई गई है। युवा कांग्रेस ने प्रशासन से भी अपील की कि नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और अवैध नशे की बिक्री पर रोक लगाई जाए।

वहीं, युवा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे आम जनता के साथ मिलकर इस मुहिम को जन आंदोलन का रूप देंगे। बैठक में सभी ने संकल्प लिया कि कुटलैहड़ क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस महासचिव दिनेश खत्री, नवनिर्वाचित जिला युवा कांग्रेस महासचिव अभिषेक शमा , प्रिंस ठाकुर एनएसयूआई कार्यकर्ता आशीष ठाकुर , रोबिन प्रभाकर, नितिन कश्यप, सुशील आदि उपस्थित थे।

**खुशी** विधायक ने दी सौगात, कहा-मीडिया देश का चौथा स्तंभ, सरकार में सेतु का करता है कार्य

# बंगाणा को वर्षों बाद मिला आधुनिक प्रेस कक्ष

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिला ऊना उपमंडल बंगाणा के पत्रकारों की कई वर्षों से पुरानी मांग पूरी हो गई। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा में आधुनिक प्रेस कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, यह सत्ता और जनता के बीच सेतू का कार्य करता है।



उन्होंने पत्रकारों की चुनौतियों और उनके योगदान को सराहते हुए कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने में सहायक होती है। बंगाणा में प्रेस कक्ष की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण पत्रकारों को समाचार संकलन और रिपोर्टिंग में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। प्रेस रूम के निर्माण से अब उन्हें एक समुचित कार्यस्थल मिलेगा, अपनी खबरों को संपादित कर सकेंगे और सुचारु रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे।

विधायक शर्मा ने कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता और उनके कार्य करने के लिए उचित संसाधन मुहैया करवाना मेरी प्राथमिकता है। प्रेस रूम का उद्घाटन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय पत्रकारों को लाभ मिलेगा और क्षेत्र की खबरों को जनता तक पहुंचाने में आसानी होगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने विधायक विवेक शर्मा का आभार जताया और कहा कि यह प्रेस रूम उनके लिए एक बड़ी सुविधा होगी। विवेक ने कहा कि भविष्य में भी सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए ऐसे कार्य करती रहेगी।

बंगाणा में प्रेस रूम का उदघाटन एक ऐतिहासिक साबित हुआ, जिससे पत्रकार कर्मियों को कार्य करने के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। इस पहल से न केवल पत्रकारों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि आम जनता तक सही और सटीक जानकारी पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी। क्लब द्वारा विधायक विवेक शर्मा को विधिवत सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल, खंड बिकास अधिकारी सुशील कुमार, रेंज ऑफिसर अंकुश आनंद, डीपीआरओ सचिन, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल ठाकुर, महासचिव जोगेंद्र देव आर्य, कृष्ण पाल शर्मा, विनोद शर्मा, नीना कुमारी, अजय शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, रिंकू तलमेहड़ा, शकुंतला देवी, राजेश ठाकुर, राजेश शर्मा के अलावा सभी पत्रकार मौजूद थे।

# सुनियोजित विकास को लेकर ऊना में लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना शहर के सुनियोजित विकास को लेकर उपमंडलीय नगर एवं ग्राम योजना कार्यालय ऊना द्वारा सोमवार को नगर परिषद के सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों, सचिवों व वार्ड सदस्यों ने भाग लिया।

इस दौरान सहायक नगर योजनाकार ऊना पंकज शर्मा ने हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम 1977 और ऊना योजना/विशेष क्षेत्र में लागू नियमों व मानकों बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को सुनियोजित विकास के जरिए शहर और ग्राम में संतुलन बनाए रखने के लिए जागरूक करने को कहा ताकि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुखमय बन सके। पंकज शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकासात्मक गतिविधियों के लिए अधिनियम द्वारा प्रदान की गई छूट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऊना योजना क्षेत्र में शामिल पंचायतों में यदि कोई व्यक्ति जमीन खरीद कर निर्माण करना चाहता है तो उसे कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है। नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, 1977 की धारा 16 (सी) के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि लोग अपनी जमीन की बिक्री विभाग से प्लॉट स्वीकृत करवाके ही करवा सकते हैं, और खरीददार यह सुनिश्चित करें कि विभाग द्वारा उप-विभाजित प्लॉट ही खरीदे ताकि उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं मिल सकें और अच्छे, नियोजित घर का निर्माण कर सकें।

इस अवसर पर नगर एवं ग्राम योजना कार्यालय से शिव कुमार, दर्शन कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों पर होगी चर्चा

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। कर्मचारी महासंघ (आईटीईएफ), उत्तर पश्चिम सर्कल का 37वां द्विवार्षिक सम्मेलन स्थानीय इकाई द्वारा दो दिन तक होटल शुभम कटराई में आयोजित किया जा रहा है। सर्कल में उत्तर पश्चिम परिक्षेत्र के हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में स्थित आयकर विभाग के सभी कार्यालय शामिल हैं। इस कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम सोमवार को आईटीईएफ के ध्वजारोहण के बाद मुख्यातिथि अभिनव अग्निहोत्री, आयकर उपायुक्त, उत्तर पश्चिम क्षेत्र, चंडीगढ़ के संबोधन के बाद शुरू हुआ। सम्मेलन में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के बीच सम्मानित अतिथि एमएस वेंकटेसन, अध्यक्ष आईटीईएफ, केंद्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के अलावा आरएस वालिया और अरविंद डागर, जो कि क्रमशः आईटीईएफ, एनडब्ल्यूसी के वर्तमान अध्यक्ष और महासचिव हैं वह उपस्थित रहे। सम्मेलन के बारे में बोलते हुए हिमाचल के जोनल उपाध्यक्ष सोनम छेरिंग ने पत्रकारों को बताया कि आईटीईएफ कुल्लू इकाई को पहली बार इतने बड़े आयोजन का जिम्मा सौंपा गया है। इस दौरान एनडब्ल्यूसी, महासंघ के वर्तमान पदाधिकारी संघ सदस्यों के बीच आयकर विभाग के कर्मचारियों से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

### नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सेउबाग में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग प्रदेश कार्यालय जिला कल्याण अधिकारी कुल्लू के सौजन्य से इरास के दुरुपयोग पर आधारित एकदिवसीय संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षक गण और छात्रों ने मिलकर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अभियान के तहत नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता शामिल थी। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सत्यव्रत वैद्य, पुलिस स्टेशन प्रभारी निर्मल सिंह, कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज उप्पल और कॉलेज प्रशासन के अतिथि वक्ताओं ने जागरूकता फैलाने के लिए महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। अतिथि वक्ताओं ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और युवाओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। नशा व्यक्ति की सेहत को बर्बाद करता है और परिवार व समाज में तनाव का कारण बनता है। इसके अलावा, जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने नशा छोड़ने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सहायता सेवाओं और पुनर्वास केंद्रों के बारे में जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को इस अभियान का हिस्सा बनने और अपने आसपास के लोगों को नशे से दूर रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही, सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थित अधिकारियों ने मिलकर नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली।

### एबीवीपी ने किया कॉलेज परिसर में मूक प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रों के मुद्दों के लिए मूक प्रदर्शन किया। छात्र कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला और मूक प्रदर्शन कर मूलभूत शिक्षा व कॉलेजों का शैक्षणिक ढांचा सुदृढ़ करने की मांग उठाई। एबीवीपी कुल्लू इकाई अध्यक्ष अभिनव कश्यप की अगुवाई में सोमवार सुबह 10:30 बजे मूक प्रदर्शन किया। इसमें छात्र कार्यकर्ताओं ने छात्र हितों के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। एबीवीपी प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार तय शेड्यूल के तहत प्रदर्शन कर रही है। सोमवार को मूक प्रदर्शन भी इसी का हिस्सा रहा। अभिनव कश्यप ने कहा कि सरकार और विश्वविद्यालय प्रबंधन से छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और आधारभूत ढांचा तैयार करें। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद छात्र संघ चुनाव बहाल, शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक भर्तियां जल्द करवाने, विश्वविद्यालय के साथ राजकीय बंद करने, नई शिक्षा नीति-2020 को धरातल पर उतारने, अतिथि शिक्षक भर्ती का फैसला वापस लेने, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर व विश्व विद्यालय शिमला में स्थायी कुलपति की नियुक्ति करने, शिक्षण संस्थानों की तालाबंदी को बंद करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मांगों के अलावा राज्य विश्वविद्यालय में शोधार्थी की छात्रवृत्ति प्रदान करने, प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, प्रदेश में सभी शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ करने व बढ़ते नशे पर रोक लगाने की मांग भी की जा रही है।

### एनएसएस शिविर के अनुभव किए साझा

अनंत ज्ञान, बंजार। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का समापन एसडीएम पंकज शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि किया। डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि सर्वप्रथम मुख्यातिथि तथा विशिष्टातिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह द्वारा मुख्यातिथि को राष्ट्रीय सेवा योजना टोपी, खतरा, स्मृति चिन्ह तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्यातिथि के करकमलों द्वारा विशिष्टातिथियों विशेष कर स्वयंसेवियों के परिजनों व अभिभावकों को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मुख्यातिथि तथा अन्य मेहमानों का अभिनंदन करते हुए सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर तथा इकाई की नियमित गतिविधियों पर विस्तृत पीपीटी के माध्यम से जानकारियां प्रस्तुत की। इसके बाद कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह ने मुख्यातिथि का अभिनंदन करते हुए कॉलेज तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर में बिताए पलों पर अपने अपने अनुभव साझा किए। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम संपन्न हो गया। इसके बाद सभी अभिभावकों व स्वयंसेवियों ने मिलकर भोजन किया और तत्पश्चात यह सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर संबद्ध कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हो गया।

---

#### विधायक, एसडीएम, एनएचएआई ने 14 मील से गैमन पुल तक सड़क की स्थिति का लिया जायजा

# कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे को जल्द दुरुस्त किया जाए : भुवनेश्वर गौड़

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

विधायक भुवनेश्वर गौड़, एनएचएआई और एसडीएम विकास शुक्ला ने 14 मील से लेकर गैमन पुल तक नेशनल हाईवे का निरीक्षण किया।

इस दौरान टोल प्लाजा संघर्ष समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने 14 मील से गेमन पुल तक सड़क की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने डोहलूनाला टोल प्लाजा में एंबुलेंस सेवाओं और सड़क की गुणवत्ता की भी जांच की। विधायक ने 14 मील में सड़क की चौड़ाई मापने के निर्देश दिए और पाया कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग के मानकों पर खरी नहीं उतर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे नालियां नहीं बनी हैं, रिप्लेकटर नहीं लगे हैं और 14 ब्लैक स्पॉट हादसों को न्यौता दे रहे हैं। पतलीकूहल फ्लाईओवर को लेकर विधायक ने कहा कि इसे नियमों को दरकिनार कर बनाया गया है। तीखे मोड़ होने के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कटराई में सरस्वती स्कूल को जोड़ने वाली लिंक रोड और कटराई बाजार के पास नेशनल हाईवे पर पानी जमा होने की समस्या पर भी उन्होंने चिंता जताई।



बरसात के दौरान यह जलभराव वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें पैदा करता है। विधायक की मौजूदगी में एसडीएम कुल्लू, एनएचएआई के डिप्टी जनरल मैनेजर की टीम के समक्ष रिटायर्ड मैनेजर एवं बागवान टेढ़ी सिंह की अध्यक्षता में जनहित मंच के प्रतिनिधिमंडल ने डुआड़ा चौक पर ओवरब्रिज लगाने, चौक से हटकर बस ठहराव और लोगों के लिए वर्षालय बनाने, वर्षा के पानी की निकासी और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए लाइट या पुलिस तैनाती की मांग रखी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भी इन मांगों को पुरजोर पैरवी की। विधायक ने स्पष्ट किया कि कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे को जल्द दुरुस्त किया जाए। इस पर एसडीएम ने कहा कि उन्होंने सभी आपत्तियों को दर्ज कर एक रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

वहीं, एनएचएआई के जीएम ने कहा कि विभाग हाईवे की ड्राइंग तैयार कर रहा है और जल्द ही सुधार कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने का भी आश्वासन दिया। टोल प्लाजा संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल में शामिल राजगीर महंत, घनश्याम कपूर और वीर सिंह ठाकुर ने डोहलूनाला टोल प्लाजा और टकोली के बीच 60 किलोमीटर से कम दूरी का हवाला देते हुए टोल प्लाजा के संचालन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में डोहलूनाला टोल प्लाजा शुरू नहीं होने देंगे।

---

## सैंज घाटी के तांदी में अग्निकांड 1.60 करोड़ रुपए का नुकसान



अनंत ज्ञान, सैंज

जिला कुल्लू की सैंज घाटी की धाउगी पंचायत के तांदी गांव में सोमवार को अग्निकांड की घटना पेश आई।

इस घटना में तांदी गांव में अचानक आग लगने से चंद्रा देवी पत्नी दलीप सिंह निवासी तांदी का घरेलू उद्योग व उत्तम सिंह, दलीप सिंह पुत्र चेत राम निवासी तांदी फाटी धाउगी का तीन मंजिला रिहायशी मकान आग लगने से पूर्ण रूप से नष्ट हो गया। इस घटना में घरेलू उद्योग में व मकान में रखा हुआ सारा सामान जल कर नष्ट हो गया। इसके अलावा एक खुला सामुदायिक भवन व देवता ब्रह्मा जी के मंदिर को भी आंशिक नुकसान पहुंचा। तहसीलदार सैंज नरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस घटना में एक करोड़ 60 लाख रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ है। प्रभावित परिवारों को फौरी राहत प्रदान की गई है। वहीं, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने बताया कि प्रभावित परिवारों को उचित सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस दुख की घड़ी में प्रशासन अग्नि प्रभावित परिवारों के साथ है।

सोमवार करीब तीन बजे के आसपास आग लगी। दिन-दिहाड़े भड़की आग से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। गांव में भड़की भीषण आग को बुझाने के लिए दूसरे गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे और करीब ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

---

## सुंदर ठाकुर के मंत्री बनने से कुल्लू व लाहौल स्पीति में कांग्रेस को मिलेगी मजबूती : गौतम

अनंत ज्ञान, मनाली

**मंडी लोकसभा क्षेत्र से अभी तक किसी भी विधायक को मंत्रिमंडल में नहीं लिया गया है**

हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर ने कांग्रेस आलाकमान को पत्र लिख कर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को कैबिनेट मंत्री बनाने की मांग रखी है।

मंडी लोकसभा क्षेत्र से अभी तक किसी भी विधायक को मंत्रिमंडल में नहीं लिया गया है, जिसकी वजह से कार्यकर्ताओं में निराशा है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी से भी कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाए जाने से राजनीतिक क्षेत्रिय संतुलन बनाए रखने के लिए भी आग्रह किया। कांग्रेस नेता गौतम ने कहा कि किन्नौर से मंत्री जगत सिंह नेगी जनजातीय कोटे से मंत्रिमंडल में हैं तथा मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति तीनों जिलों से प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाया जाता है, तो कार्यकर्ताओं में नया जोश और रक्त संचार होगा। उन्होंने कहा कि सुंदर सिंह एक मंझे हुए नेता हैं, उनके मंत्री बनने से जिला कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति में कांग्रेस को मजबूती और पर्यटन के दूरदर्शिता से घाटी के पर्यटन को और ऊंचाइयां मिलेंगी। कांग्रेस पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं राजेंद्र सिंह नेगी, सुरेश कुमार, महेंद्र पाल, विजय कुमार, अनिल कुमार, संतोष कुमार, राकेश सोनी, सुनील, राजेश ने भी कांग्रेस आलाकमान से कुल्लू से दो बार के वरिष्ठ कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्रिमंडल में लेने बारे विचार करने को कहा।



---

## एडीएम ने एक्सपायरी सामान को नष्ट करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। जिला लाहौल-स्पीति के काजा कार्यकारी एडीएम काजा ने बाजार में दुकानों का निरीक्षण किया। कुछ दुकानदारों द्वारा एक्सपायरी डेट के सामान ग्राहकों को बेचा जा रहा था, जिस पर कार्रवाई करते हुए कार्यकारी एडीएम शिखा सिमटिया ने एसएचओ काजा, बीएमओ काजा, प्रधान ग्राम पंचायत काजा व टीएसी काजा के साथ सोमवार को काजा की सभी दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

कार्यकारी एडीएम काजा ने बताया कि टीएसी सदस्य सन्नी, केसंग रापचेक, बीएमओ काजा व पुलिस की संयुक्त टीम सहित उन्होंने सभी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानदारों से एक्सपायरी डेट के सामान मिले उन दुकान के मालिकों को 3 दिनों के भीतर सभी एक्सपायरी सामान अलग करने व उन्हें नष्ट करने बारे निर्देश दिए गए। कार्यकारी एडीएम शिखा ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी दुकानदार के पास निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी डेट का सामान पाया जाता है, तो ऐसे दुकानदारों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्यकारी एडीएम शिखा ने स्पीति उपमंडल के लोगों व ग्राहकों से आग्रह किया कि दुकानों से सामान खरीदते समय एक्सपायरी डेट की जांच अवश्य करें।

---

## स्नोर वैली टकोली ने नमो लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की अपने नाम

अनंत ज्ञान, सैंज



लक्ष्मी नारायण मैदान में बीते एक माह से चल रही नमो लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। 72 टीमों के बीच हुए मुकाबले के उपरांत स्नोर वैली टकोली टीम ने नमो लीग के खिताब को अपने नाम कर के कामयाबी हासिल की।

क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आईटीआई सैंज औद्योगिक प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोती राम पालसरा मुख्यातिथि रहे। नमो लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक लक्ष्मी युवक मंडल तथा फाइनल मुकाबले की टीमों के खिलाड़ियों द्वारा लक्ष्मी नारायण मैदान सैंज में पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। लक्ष्मी युवक मंडल रैला द्वारा संचालित नमो लीग क्रिकेट प्रतियोगिता बीते एक माह से लक्ष्मी नारायण मैदान सैंज में चल रही थी, जिसमें कुल्लू जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों से 72 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में स्नोर वैली टकोली और चेहनी वारियरज के बीच रोचक मुकाबला हुआ। स्नोर वैली टकोली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेहनी वॉरियर ने 138 रनों का स्कोर खड़ा किया, जबकि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए स्नोर वैली टकोली की टीम के खिलाड़ियों ने 12 ओवरों में 141 रन बनाकर 4 विकेट से जीत हासिल कर नमो लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। विजेता तथा उपविजेता टीमों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें विजेता टीम को 111111 नकद राशि तथा ट्रॉफी दी गई, जबकि उपविजेता टीम को भी ट्रॉफी के साथ 55555 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

---

## राकेश कंवर ने किया स्कूलों का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। सचिव शिक्षा, भाषा, कला एवं संस्कृति तथा लोक संपर्क विभाग हिमाचल प्रदेश राकेश कंवर ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नग्गर तथा नथान का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने विद्यालय में चल रही शिक्षक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। इसके पश्चात राकेश कंवर ने नगर स्थित इंटरनेशनल रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट संस्थान का दौरा किया तथा रोरिक आर्ट गैलरी सहित इस संस्थान में चल रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। इस अवसर पर डीसी तोरूल रवीश भी उपस्थित रहीं।

**शिक्षा, भाषा, कला एवं संस्कृति सचिव ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया**

---

## अप्रैल माह से जनवरी के बीच हुए 3962 संस्थानिक प्रसव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण की जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि अप्रैल माह से जनवरी 2025 के बीच कुल 3962 संस्थानिक प्रसव तथा 94 प्रसव घर पर करवाए गए। 4056 नवजात ने जन्म लिया। जन्म के समय 3975 नवजात को विटामिन के इंजेक्शन दिए गए।

3980 नवजात को हेपेटाइटिस-बी के टीके दिए गए। 4085 नवजात को जन्म के अवसर पर ओपीवी वैक्सीन दी गई। 4085 को बीसीजी के टीके दिए गए। 4791 बच्चों का संपूर्ण इम्यूनाइजेशन किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि स्कूल स्वास्थ्य एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत 287 स्कूलों को कवर किया गया है, जिनमें 539 अध्यापकों का प्रशिक्षण पूरा किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 1143 सत्र पूर्ण किए गए, जिसके अंतर्गत 4359 छात्रों को कवर किया गया। 99 छात्रों को पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर मित्र स्वास्थ्य क्लिनिक अथवा नई दिशा केंद्र के रूप में स्वास्थ्य संस्थानों को रखा गया है उनमें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेगुबेहड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनाली, बंजार, आनी एवं निरमंड हैं। वर्तमान में जिले में चार किशोर स्वास्थ्य काउंसलर तैनात किए गए हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि अगर थोड़े से बेहतर प्रयास किए जाएं, तो इस कार्य को और भी अच्छे तरीके से किया जा सकता है। लोकल स्तर पर विभाग गाड़ियों आदि का प्रबंध कर बच्चों को एक ही स्कूल में एकत्र करें तथा दूरदराज क्षेत्र में बच्चों को इस प्रकार से दवा तथा वैक्सीनेशन देने की व्यवस्था करने के प्रयास करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नाराज पवार तथा अन्य उपस्थित थे।

---

#### भूतपूर्व अर्धसैनिक बल ने कुल्लू में किया बैठक का आयोजन

## जल्द सीएपीएफ के नाम से होगा संस्था का पंजीकरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संघ जिला कुल्लू ने जिला मुख्यालय स्थित आउटर सराज भवन कुल्लू में अध्यक्ष परमानंद उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। बैठक में बंजार, मनाली व कुल्लू के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 50 सैनिकों ने भाग लिया। अध्यक्ष परमानंद उपाध्याय ने सर्वप्रथम बैठक में शामिल होने के लिए सबका धन्यवाद किया व हाल ही में सेवानिवृत्ति पर आए हुए पूर्व सैनिकों का स्वागत किया।

इसके पश्चात उन्होंने संस्था के पंजीकरण के बारे में बताया कि पिछली बैठक में पंजीकरण का मुद्दा पूर्व सैनिकों द्वारा उठाया गया था, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले संस्था का पंजीकरण भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संघ के नाम से हुआ था, अब गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संस्था का नाम बदलकर सेंट्रल आर्मड पुलिस फोर्स रखा गया है। जल्द ही संस्था का पंजीकरण सीएपीएफ के नाम से होगा। अध्यक्ष परमानंद उपाध्याय ने एक अहम बात पूर्व सैनिकों के सामने रखी कि सेंट्रल आर्डर पुलिस फोर्स के अधीन जो बल आते हैं, जिसमें आईटीबीपी, एसएसबी, सीआरपीएफ, बीएसएफ व सीआईएसएफ शामिल हैं वह सभी एक छत के निचे इकट्ठे होने का प्रयास करें, ताकि कार्य करने व सरकार तथा विभाग के साथ पत्राचार करने में आसानी हो सके। उन्होंने कहा कि जो नए सैनिक सेवानिवृत्त पर आए हैं, वह भी संस्था में अपना पंजीकरण करवाएं।



अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी बनाने की बात भी सबके समक्ष रखी, उसमें सभी पूर्व सैनिकों ने अध्यक्ष से तीन साल के लिए पुरानी कार्यकारिणी को बनाए रहने का समर्थन किया। इस मौके पर मुरारीलाल ठाकुर, सोहनलाल ठाकुर, भजनदास, जोधामल, रमेश कुमार, बलजीत सिंह, हीरा देवी, प्रेमचंद, ज्ञानचंद, धर्म चंद, अनिल कुमार, मोहनसिंह राणा, खेमचंद सोनी, दोरजे नेगी, छेरिंग आंगरूप, खुबराम, मदनलाल, राम सिंह, डाकौर, नारायण सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

---

## सुल्तानपुर स्कूल में 213 छात्राओं की जांची आंखें



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के मुख्यालय सुल्तानपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला में रोटरी क्लब कुल्लू के द्वारा आंखों की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में विशेषज्ञों के द्वारा 213 छात्राओं व स्कूल के अध्यापकों की आंखों की जांच की गई व 23 छात्राओं को रोटरी हॉस्पिटल बजौरा के लिए रेफर किया गया। रोटरी क्लब के द्वारा उन्हें आवश्यक निशुल्क दवाइयां भी मुहैया करवाई गई। वहीं, विशेषज्ञों के द्वारा छात्राओं को आंखों की बीमारी से बचने तथा आंखों की रोशनी से संबंधित विषयों को लेकर भी जानकारी दी, ताकि छात्राओं को आंखों संबंधी किसी भी बीमारी का सामना न करना पड़े। प्रधानाचार्य भावना तनवर ने बताया कि इस शिविर से छात्राओं को काफी फायदा हुआ है और कई छात्राओं को जो आंखों की समस्या थी, उनका विशेषज्ञों के द्वारा समाधान किया गया।

रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष अंशुल पराशर ने बताया कि कुल्लू के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में भी इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा रोटरी क्लब के द्वारा अस्पताल का भी संचालन किया जा रहा है व जरूरतमंद लोगों की आंखों का ईलाज किया जाता है। आने वाले समय में अन्य स्कूलों में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर रोटरी क्लब कुल्लू के संस्थापक सदस्य डॉक्टर पीडी लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

**सुविधा** | वैकल्पिक सड़क मार्गों के जाल से जुड़ेगा चैहनी का हर गांव

## शरणधार से होरनगाड़ तक होगा सड़क निर्माण

अनंत ज्ञान, बंजार

ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी छोटी आबादी वाले अनेक गांव सड़क सुविधा की राह देख रहे हैं।

विधायक प्राथमिकता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राज्य बजट व अन्य माध्यमों से सड़क निर्माण कर सड़क से वंचित आबादी को सड़क सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा भी ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधा की बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-4 शुरू की गई है, जिससे बड़ी आबादी के अनेक गांवों को लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त अन्य संसाधनों से भी सड़क निर्माण का कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

सोमवार को ग्राम पंचायत चैहनी के अंतर्गत शरणधार गांव में सड़क पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी का आभार जताया व इस मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व पंचायत प्रधान पूर्ण चंद, प्रधान



शिकारीघाट विजय ठाकुर, प्रधान टील हीरा सिंह, दीपक व अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विधायक शौरी ने कहा कि शरणधार-धनियार सड़क के निर्माण में बजट की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

इस सड़क के माध्यम से विहार व होरनगाड़ जैसे बड़े गांवों तक वैकल्पिक सड़क मार्ग बनाने की प्रतिबद्धता को भी विधायक सुरेंद्र शौरी ने दोहराया। विधायक शौरी ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से जल्द ही लोक निर्माण विभाग के अधीन इस सड़क का विस्तारीकरण कार्य किया जाएगा व बेहतर सड़क सुविधा का लाभ ग्रामीणों को दिया जाएगा।

---

## किरायेदारों की जानकारी नहीं देने पर होगी कार्रवाई

अनंत ज्ञान, आनी। निरमंड पुलिस थाना ने मकान मालिकों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। थाना प्रभारी गोपाल सिंह ठाकुर के अनुसार, सभी मकान मालिकों को अपने यहां रह रहे प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण पुलिस थाने में करवाना अनिवार्य किया गया है। पुलिस का यह कदम क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण के बाद उनके पूर्व चरित्र की जांच उनके मूल थाना क्षेत्र से की जाएगी। इस प्रक्रिया से संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान में मदद मिलेगी। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि किसी प्रवासी मजदूर का आचरण संदिग्ध पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जो मकान मालिक अपने किरायेदारों की जानकारी पुलिस को नहीं देंगे, उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। थाना प्रभारी गोपाल सिंह ठाकुर ने सभी मकान मालिकों से अपील की है कि वे जल्द इस निर्देश का पालन करें और अपने यहां रह रहे प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण करवाएं।

---

## खेलो इंडिया राज्य स्तरीय वुशु लीग में कुल्लू ने हासिल किया दूसरा स्थान



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

15 और 16 फरवरी को राज्य स्तरीय खेलो इंडिया महिला वुशु लीग का आयोजन वुशु एक्सीलेंसी सेंटर कंसाचौक में राज्य वुशु संघ द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू ने दूसरा स्थान हासिल किया।

जिला कुल्लू वुशु संघ के महासचिव व वुशु के कोच लुदर चंद ने बताया कि इसमें सब जूनियर वर्ग में अक्षिता ठाकुर ने 30 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, 33 किलो भार वर्ग में आंचल ने हॉडा ने स्वर्ण पदक, 39 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशी ठाकुर ने स्वर्ण पदक, 45 किलोग्राम वर्ग में सानिया ठाकुर ने स्वर्ण पदक, 21 किलोग्राम भार वर्ग में जिनिया ठाकुर रजत पदक और जूनियर वर्ग 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्मृति ठाकुर स्वर्ण पदक, 45 किलोग्राम भार वर्ग में पल्लवी ठाकुर ने रजत पदक, 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वास्तिका ठाकुर ने कांस्य पदक, 48 किलोग्राम भार वर्ग में तमन्ना हांडा ने रजत पदक, 56 किलो भार वर्ग में आंचल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों ने स्वर्ण पदक जीता, उनमें कनिष्का, तानिया, रागिनी, अवनीजा वत्स शामिल हैं और अब यह बच्चे नॉर्थ जॉन खेलो इंडिया वुमेन वुशु लीग में अपना हुनर दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता के मुख्यातिथि राज्य वुशु संघ के अध्यक्ष शिवपाल मिन्हास, राज्य वुशु संघ के महासचिव व भारतीय वुशु संघ के उपाध्यक्ष पीएन आजाद ने बच्चों को मेडल सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कुल्लू वुशु संघ के अध्यक्ष पूर्ण चंद, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, ज्वाइंट सहसचिव, चेतन लाल सदस्य चंद्रेश्वरी आदि ने बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### दुबई से लौटकर सोलन में रह रही युवती की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन द्वारा पुलिस चौकी सपरून को सूचित किया कि एक लड़की को उसके परिजन उपचार के लिए अस्पताल लाए हैं, जिसे चिकित्सकों ने चेक करने के उपरांत मृत घोषित किया। इस सूचना पर पुलिस चौकी सपरून की पुलिस टीम क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची, जहां पर एक लड़की आपातकालीन कक्ष में मृत हालत में पाई गई। तस्दीक करने पर उक्त लड़की की पहचान रीमा देवी पुत्री स्व. सोम किशन निवासी गांव व डाकखाना पांगी तह. कल्पा जिला किन्नौर उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई। मृतका के शव का गहनता से निरीक्षण किया गया, लेकिन निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट-खरोंच के निशान न पाए गए। तस्दीक के दौरान मृतका के परिजनों व अन्य लोगों के बयान लेखबद्ध किए गए। तस्दीक/जांच पर पाया गया कि मृतक 3/4 महीनों से दुबई में रहती थी और चार दिन पहले ही अपने भाई बहन के पास सोलन आई हुई थी। 15 फरवरी को वह कमरे में सो गई थी, लेकिन 16 को प्रात 8:30 बजे तक जब वह न उठी, तो उसके परिजन उसे उठाने के लिए कमरे में गए, लेकिन वह बिलकुल भी हिल डुल न रही थी, जिस पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने चैक करने के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान मृतका के परिजनों व अन्य लोगों ने किसी भी प्रकार का कोई शक शुबा जाहिर न किया फिर भी मामले में जांच जारी है। पोस्टमार्टम के उपरांत मृतका के शव को अंतिम दाह संस्कार के लिए उसके परिजनों के हवाले किया गया। मामले में धारा-194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### रैली निकालकर रोड सेफ्टी का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब ने सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज रोड सेफ्टी क्लब के 75 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व कॉलेज से कंडाघाट अस्पताल तक रैली में रोड सेफ्टी का संदेश दिया। कंडाघाट अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी डॉ. पीएस नंदा और वार्ड सिस्टर रक्षा और नर्सिंग प्रभारी राजेश कुमारी ने दुर्घटना होने पर प्राथमिक उपचार के बारे बताया। दुर्घटना के दौरान पुलिस और अस्पताल को सूचना देने के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि इससे बहुमूल्य जीवन की रक्षा हो सकती है। कॉलेज प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया ने रोड सेफ्टी क्लब के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक होना आवश्यक है। अवसर पर क्लब की संयोजिका डॉ. याशिका गुलेरिया, सदस्य प्रो. कामिनी और प्रो. पंकज उपस्थित रहे।

### एग्रीकल्चर करियर गाइडेंस की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छठी से आठवीं और नवीं से बाहरवीं कक्षा के बच्चों को एग्रीकल्चर के क्षेत्र में करियर गाइडेंस देने के लिए मास्टर ट्रेनर रूप लाल वर्मा ने विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही ईको क्लब और राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर रूप लाल वर्मा ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी और कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का श्रेय सुभाष पालेकर को जाता है।

### सोलन में राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन परिसर तथा कंडाघाट, अर्की, कसौली और नालागढ़ न्यायालय परिसर में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाऊंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामले, धन वसूली के मामले आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, वेतन, भत्तों और सेवानिवृत्त से संबंधित मामलों की सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोटर व्हीकल चलान से संबंधित मामलों में जुर्माना राशि को व्यक्ति द्धह्लह्लश्चह्य://१ष्ह्वद्धह्लह्य.द्दश1.द्बठ्ठ की साइट पर जाकर चुका सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव ने कहा कि जो मामले अब तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं, ऐसे मामलों का भी लोक अदालत में निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में समय व धन की बचत होती है।

### डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 18 फरवरी को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल आज प्रातः 11.30 बजे सोलन कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### एनएसएस शिविर के साझा किए अनुभव

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में सात दिनों तक चला राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सोमवार को संपन्न हुआ। इसके समापन पर कॉलेज सभागार में समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया ने की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मेघना राणा, डॉ. सुधीर कुमार ने शिविर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वयं सेवी अंजलि, ऋषिका अत्री, ऋषिका अत्री, निखिल ने समारोह संचालन के साथ अपने सात दिवसीय शिविर के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि इसमें समाज सेवा, स्वच्छता, योग, अनुशासन, खेल, संगीत, स्वास्थ्य आदि विभिन्न विषयों पर स्रोत व्यक्तियों से बहुत ज्ञान सीखा और लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### स्ट्रॉबेरी की खेती बनी युवाओं का रोजगार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के कोटड़ी व्यास में युवाओं ने स्ट्रॉबेरी की खेती को रोजगार के रूप में अपनाया है। स्थानीय युवक अंकुश ने बताया कि इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा स्ट्रॉबेरी के कारोबार में अच्छी आमदनी हो रही है। पिछले वर्ष स्ट्रॉबेरी का कारोबार ओलावृष्टि की चपेट में आ गया था और इस वर्ष स्ट्रॉबेरी का कारोबार जल्द शुरू हो गया है तथा मंडी में अच्छा रेट मिल रहा है। अंकुश ने बताया कि दो वैरायटी की स्ट्रॉबेरी उन्होंने लगाई है, जिसका मंडी में रेट अच्छा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 200 किलो के हिसाब से मंडी में स्ट्रॉबेरी बिक रही थी, अब शादी सीजन हो रहे हैं तथा शादियों में भी स्ट्रॉबेरी को पसंद किया जा रहा है तथा उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष ओलावृष्टि के कारण उन्हें काफी नुकसान हुआ था।

# सोलन अस्पताल में नहीं मिल पाती आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की सुविधा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश के तीन जिलों के केंद्र बिंदु क्षेत्रिय अस्पताल सोलन में हड्डियों की मामूली टूट-फूट की सर्जरी तक की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसके लिए तीमारदारों को मरीज सहित पीजीआई चंडीगढ़, आईजीएमसी शिमला और नाहन मेडिकल कॉलेज के चक्कर काटने पड़ते हैं। हड्डी के फ्रैक्चर होने पर आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की जरुरत होती है।

यह सर्जरी उन मरीजों की होती है, जिनके शरीर के ज्वाइंट वाले एरिया में हड्डी की टूट-फूट होती है। यह सुविधा सोलन हॉस्पिटल में नहीं मिल रही है। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हॉस्पिटल में कार्यरत हड्डी रोग विशेषज्ञों की माने, तो ज्वाइंट वाले एरिया में हड्डी टूटने के मामले आए दिन आते रहते हैं, लेकिन अस्पताल में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। लिहाजा मरीजों को सीधा चंडीगढ़, शिमला या नाहन मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। जानकारी के अनुसार सोलन अस्पताल जिले के बड़े अस्पतालों में शुमार है। यहां पर जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला जिले के भी कई ऊपरी क्षेत्रों से मरीज पहुंचते हैं, लेकिन हॉस्पिटल में आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की सुविधा न मिलने से मरीज परेशान हैं। मरीजों ने मांग की है कि जब जिला अस्पताल इतना बड़ा अस्पताल है, तो यहां पर आर्थ्रोस्कॉपी की सुविधा मिलनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)



**आर्थ्रोस्कॉपी** सर्जरी की जरूरत पर सोलन अस्पताल से मरीज को उपचार के लिए पीजीआई या फिर नाहन मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। आर्थ्रोस्कॉपी मशीन उपलब्ध हो तो रोगियों को सुविधा मिल जाएगी।

**डॉ. एमपी सिंह, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

### कंधे, कूल्हे व घुटने की होती है सर्जरी

**हालांकि,** यह सही है कि किसी भी हड्डी की टूट-फूट आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती और ज्वॉइंट वाले एरिया में भी कई बार टूट फूट में इस सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ती। विशेषज्ञों की माने तो आमतौर पर उम्रदराज लोगों के कंधे, कूल्हे, कलाई कोहनी और घुटने आदि के जोड़ों पर यह सर्जरी करने की आवश्यकता होती है। ऑर्थोस्कोपी सर्जरी को एक अनुभव भी कुशल ऑर्थोपेडिक सर्जन के द्वारा ही पूरा किया जाता है।

### पेंसिल के आकार का होता है

**आर्थ्रोस्कॉपी** सर्जरी प्रक्रिया के दौरान सर्जन आर्थ्रोस्कॉपी सर्जरी नामक उपकरण का इस्तेमाल करते हैं, जिसके सामने वाले सिरे पर एक कैमरा और लाइट लगी होती है। इस उपकरण की मदद से सर्जन प्रभावित जोड़ों के अंदरूनी हिस्सों को कंप्यूटर स्क्रीन पर देखते हैं। आर्थ्रोस्कॉपी एक मेडिकल इंस्ट्रूमेंट है, जो कि पेंसिल के आकार का होता है। आर्थ्रोस्कॉपी को शरीर के उस हिस्से में डाला जाता है, जिसका जांच और इलाज करना है। इस दौरान आर्थ्रोस्कॉपी के साथ-साथ दूसरे अन्य उपकरणों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जिनकी मदद से जोड़ो के प्रभावित हिस्से को काटकर निकाला या उसका इलाज किया जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने मेयर के शेष कार्यकाल को किया बहाल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

उच्चतम न्यायालय ने सोलन की महापौर उषा शर्मा को शेष कार्यकाल के लिए सोमवार को उनके पद पर बहाल कर दिया और उनकी अयोग्यता को 'राजनीतिक गुंडागर्दी' का मामला करार दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 20 अगस्त, 2024 के अपने आदेश को पूर्ण घोषित कर दिया, जिसमें सोलन की महापौर की अयोग्यता पर रोक लगा दी गई थी तथा उनके निष्कासन को पुरुष पक्षपात का मामला करार दिया गया था। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, '20 अगस्त, 2024 का अंतरिम आदेश पूर्णतः लागू माना जाएगा। आदेश में किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने पर परिणाम भुगतने होंगे।' प्रतिवादियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने जब हस्तक्षेप करने का प्रयास किया, तो पीठ ने कहा कि वह फिलहाल आदेश में कोई कड़ी टिप्पणी नहीं करना चाहती क्योंकि यह राजनीतिक गुंडागर्दी का मामला है। शर्मा के वकील ने कहा कि उनका कार्यकाल अगले वर्ष पूरा हो जाएगा और उन्होंने अदालत से पिछले वर्ष के अंतरिम आदेश को निरपेक्ष बनाने का आग्रह किया। पिछले साल 20 अगस्त को शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के जून 2024 के आदेश के खिलाफ शर्मा और पूर्व महापौर पूनम ग्रोवर की याचिका पर नोटिस जारी किया था।

**अयोग्यता को बताया राजनीतिक गुंडागर्दी**

उच्चतम न्यायालय ने उनकी अयोग्यता को बरकरार रखते हुए हिमाचल प्रदेश के सोलन के महापौर पद के लिए नए चुनाव को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया था। शीर्ष अदालत ने क्रमशः नगर निकाय की वार्ड संख्या-12 और 8 की पार्षद शर्मा और ग्रोवर को अयोग्य ठहराने वाली 10 जून, 2024 की अधिसूचना को बरकरार रखते हुए उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए तर्क की भी आलोचना की थी। शर्मा और ग्रोवर दोनों को सरकार ने सात दिसंबर, 2024 को महापौर और उपमहापौर के चुनाव के दौरान पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने के लिए हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम-1994 के प्रावधानों के तहत अयोग्य घोषित कर दिया था।

# सड़क सुरक्षा के प्रति लगाए जाएं जागरूकता शिविर : एलआर वर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**नाहन शहर के प्रमुख स्थानों पर 40 दिशा सूचक बोर्ड भी किए गए हैं स्थापित**

कार्यकारी उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली तथा परिवहन, शिक्षा, पुलिस, तथा चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए की वह जिले में नियमितरूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविरों का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि नाहन शहर में पार्किंग की न्यूनतम दरें निर्धारित की जाएं, ताकि वाहन चालक पार्किंग में वाहन पार्क कर सकें, जिससे वाहन दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सके तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनाई जा सके।

उन्होंने कहा कि जिले के अन्य शिक्षण संस्थानों में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में गत दो मास के दौरान 30 जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है। इसके अलावा नाहन शहर के प्रमुख स्थानों पर 40 दिशा सूचक बोर्ड भी स्थापित किए गए हैं। बैठक में एक्सइएन लोक निर्माण विभाग आलोक जुनैजा ने मद क्रमवार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोना चौहान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** विकास खंड पांवटा साहिब के शहीद कमल कांत मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी व्यास में जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसमें सड़क संबंधी से लोगों व ग्रामीणों ने सड़क पर चलते हुए राहगीरों को जागरूक किया। इस अवसर पर पोस्टर, स्लोगन, सड़क सुरक्षा पेंटिंग आदि प्रतियोगिता भी करवाई गईं, जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में शिवानंद कोमल, हर्ष, श्रुति, वैशाली चौधरी, अंकिता, महक, ललिता, शौर्य, हिमानी ने स्लोगन, पेटिंग और नारा लेखन में प्रथम, दूसरा, तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य पर रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज धर्मेंद्र चौधरी व स्टाफ सेक्रेटरी बीआर सिंगटा ने बच्चों को सड़क नियम सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# चंबाघाट में पिकअप की टक्कर से टूटा रेलवे फाटक, यातायात प्रभावित



**अनंत ज्ञान, सोलन**

एनएच-5 पर स्थित चंबाघाट में रेलवे फाटक को एक पिकअप वाहन द्वारा टक्कर मारने के कारण वह टूटकर दो हिस्सों में बंट गया।

इस घटना के बाद रेलवे फाटक के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद सोलन और चंबाघाट बसाल की तरफ वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। छोटे वाहनों को ही वहां से गुजरने की अनुमति दी जा रही थी। रेलवे के कर्मचारी फाटक को जल्द से ठीक करने में लगे हुए हैं। इसी बीच, यातायात को फ्लाईओवर के ऊपर से डायवर्ट किया गया, जिससे लोगों को वैकल्पिक मार्ग से यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रेलवे विभाग ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत कदम उठाए और कर्मचारी मौके पर भेजे गए। फिलहाल फाटक के ठीक होने तक जाम की समस्या बनी हुई है। पुलिस रेलवे के फाटक तोड़ने के मामले की जांच में जुटी है।

## 276 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हेल्प पेज इंडिया द्वारा सराहां में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 276 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। यह शिविर विशेष रूप से बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं, ईएनटी के 45 मरीज ऑर्थोपेडिक्स के 55 मरीज, स्त्री रोग के 11 मरीज, मेडिसिन के 60 मरीज, नेत्र रोग के 151 मरीज, ईसीजी जांच के 10 मरीज की जांच हुई। शिविर में 156 बुजुर्गों की विशेष जांच की गई, जिन्हें आवश्यक निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। इसके अलावा, जिन लोगों की नेत्र जांच हुई, उन्हें जल्द ही निशुल्क चश्मे वितरित किए जाएंगे, जिससे उनकी दृष्टि में सुधार हो सके। इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया।

## जमीनी विवाद में घायल हुए व्यक्ति ने तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल व्यक्ति ने पीजीआई चंडीगढ़ से घर पहुंचने के कुछ समय बाद दम तोड़ दिया। पुलिस ने व्यक्ति से मारपीट करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पांवटा साहिब पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलावती पत्नी भूराराम निवासी गांव खारा डाकघर जामनीवाला तहसील पांवटा साहिब जिला सिरमौर ने शिकायत दी कि 22 जनवरी को जब यह अपने पशुशाला में थी, तो इस दौरान इसके जेठ का लड़का सोम चंद व उसकी पत्नी नेहा आई और इसके साथ बहसबाजी करने लगी। साथ ही कहने लगे कि तुमने हमारी खेत की डोल फाड़ दी है, कुछ देर बाद इसका पति भूराराम वहां आ गया। सोम चंद व उसकी पत्नी नेहा ने इसके पति को लात-मुक्कों से मारा, जिसका ईलाज मेडिकल सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में करवाया गया, जहां से डॉक्टर ने गंभीर घायल को देखते हुए इन्हें डॉक्टर वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज रेफर किया। उसके बाद मेडिकल कॉलेज नाहन से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, काफी समय तक पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन रहा। कुछ दिन पहले ही पीजीआई चंडीगढ़ से डिस्चार्ज होने के बाद से भूराराम घर पर ही था, जहां पर शनिवार शाम को दम तोड़ दिया। उधर, पांवटा साहिब के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने दो लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस के द्वारा अब मामला मारपीट से बीएनएस-103 के तहत दर्ज कर मामला हत्या में दर्ज कर दिया है।

# जयनगर कॉलेज में बविता व भारती बेस्ट एनएसएस स्वयंसेवी




**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय जयनगर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अंजना सूद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इसके बाद सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट एनएसएस यूनिट लीडर भारती ठाकुर द्वारा मुख्यातिथि के सामने रखी गई। तत्पश्चात एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। बेस्ट स्वयंसेवी तृतीय वर्ष की बविता और भारती को चुना गया। प्रिंसिपल डॉ. अंजना सूद ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस समाज कल्याण, आत्म सुधार व सामाजिक पहुंच के उद्देश्य से कार्य करता है।

इससे साथ काम करने की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जयंत शर्मा ने मुख्यातिथि, स्टाफ सदस्यों का और सभी का आभार प्रकट किया व राष्ट्र गान के साथ इस सात दिवसीय शिविर का समापन किया। इस मौके पर प्रो. प्रगति कश्यप, प्रो. छेरिंग जागमो ,प्रो. कश्मीर सिंह, वरिष्ठ सहायक योगेश कुमार सहायक लाइब्रेरियन राजीव कुमार एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# प्राक शास्त्री अभ्यर्थियों को पुलिस भर्ती में नहीं किया शामिल, एडमिट कार्ड जारी

**अनंत ज्ञान, नहान**

संस्कृत महाविद्यालय से जमा दो की परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों ने पुलिस भर्ती परीक्षा पर सवाल उठाए हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि इन्हें पुलिस भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेने दिया जा रहा है, जबकि उनके एडमिट कार्ड भी जारी हो चुके हैं। मामले को लेकर अभ्यर्थियों ने नाहन में विधायक अजय सोलंकी से भी मुलाकात की।

अभ्यर्थियों ने बताया कि इससे पहले भी पुलिस भर्ती परीक्षा में प्राक शास्त्री जमा दो की परीक्षा पास कर चुके छात्रों को पुलिस भर्ती में शामिल किया गया है और विभाग में सेवाएं दे रहे हैं, ऐसे में अब अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल न करना न्याय संगत नहीं है। उन्हें हिमाचल शिक्षा बोर्ड से भी मान्यता प्राप्त है, ऐसे में सभी अभ्यर्थियों को भर्ती में शामिल होने का मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द इन्हें भर्ती में शामिल किया जाए। छात्र नेता अरुण शर्मा ने कहा कि संस्कृत कॉलेज से प्राक शास्त्री जमा दो की परीक्षा प्राप्त कर चुके छात्रों को पुलिस भर्ती प्रक्रिया से बाहर किया जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है ऐसे में सरकार को तुरंत इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए। इससे पहले जितनी भी भर्तियां हुई हैं प्राक शास्त्री जमा दो की परीक्षा पास कर चुके सभी अभ्यर्थियों को पुलिस विभाग में भर्ती देने का मौका मिला है, जब इन अभ्यर्थी ने पुलिस कांस्टेबल पद के लिए अप्लाई किया था, तो उसे समय भी बाकायदा इस बात का जिक्र आवदेन में किया गया था कि वह प्रक्रिया का हिस्सा बन सकते हैं।

### सीएम के ध्यान में लाया जाएगा मामला : विधायक

**वहीं** इस बारे में विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री के ध्यान में यह मामला लाया जाएगा और यदि इससे पहले अभ्यर्थियों को पुलिस भर्ती में शामिल किया गया है, तो मौजूदा में चल रही भर्तियों में भी इनको शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि जल्द इस मामले का समाधान निकाला जाएगा और यह अभ्यर्थी इस भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पाएंगे।

**समापन** पंचायत मांगू में आयोजित मांगू कुरगण कप क्रिकेट प्रतियोगिता में 64 टीमों ने दिखाया दमखम

# बनिया देवी टीम ने जीता क्रिकेट स्पर्धा का खिताब



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाडलाघाट के पंचायत मांगू में आयोजित पंचायत स्तरीय मांगू कुरगण कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बनिया देवी की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। इस प्रतियोगिता में कुल 64 टीमों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्रधान गोल्डन लैंड लूजर सोसायटी दाड़लाघाट महेश्वर भारद्वाज ने शिरकत की। इस मौके पर राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित फायर ब्रिगेड ऑफिसर भक्त राम ठाकुर विशेषातिथि के तौर पर मौजूद रहे। आयोजक राजीव भट्टी, कुलदीप और पंकज ने बताया कि फाइनल मुकाबले में बनिया देवी और कोलका टीमें आमने-सामने थीं। बनिया देवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 123 रन का लक्ष्य दिया। कोलका टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 105 रन ही बना पाई और उन्हें 18 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही महिलाओं की रस्साकशी खेल का आयोजन भी हुआ, जिसमें 3 टीमों ने भाग लिया। इसमें मांगू गांव की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। इस दौरान विजेता टीम बनिया देवी को 51,000 रुपए के साथ ट्रॉफी और उपविजेता टीम कोलका को 21,000 रुपए के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में तरुण को मैन ऑफ द मैच, मनोज को मैन ऑफ द सीरीज, हेमंत को बेस्ट बॉलर ऑफ सीरीज और दीपू कोलका को बेस्ट बैट्समैन के पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर कुरगण लैंड लूजर के प्रधान रतन चंद्र भट्टी, सचिव मदन, ग्याना गांव से मुंशीलाल, मांगू पंचायत प्रधान बलदेव ठाकुर, उपप्रधान राजेश पूरी, बीडीसी मांगू, ग्याना संघोंई राजेंद्र ठाकुर, राजीव ठाकुर भट्टी, कुलदीप, पंकज भट्टी, पंकज आदि मौजूद रहे।

## खेलेगा युवा, नशे से बचेगा युवा का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ग्राम पंचायत जौणाजी में रामेश्वरम मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें कर्नल संजय शांडिल बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। यह प्रतियोगिता युवा पीढ़ी को खेलकूद की ओर प्रेरित करने और नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने का एक सशक्त प्रयास भी रहा। मुख्यातिथि कर्नल संजय शांडिल ने अपने प्रेरक संबोधन में युवाओं से खेलों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करती है, बल्कि मानसिक अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास को भी विकसित करता है। उन्होंने युवाओं को आग्रह किया कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो जीवन को अंधकार की ओर धकेल देती है, जबकि खेल जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और सफलता लाता है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि अगर युवा मैदान में खेलेगा, तो वह नशे से बचेगा और राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने खेल भावना के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रविंदर कांत शर्मा, सचिन कश्यप, विशाल शर्मा, सौरभ पॉल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कर्नल संजय शांडिल ने युवा आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा और युवा पीढ़ी को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करता रहेगा।



## महादेव-इलेवन पाव ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** जिला सिरमौर की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता स्पोर्ट्स क्लब अबोन जनदिया चैंपियन ट्रॉफी-2025 में महादेव-इलेवन पाव मानल ने जीत दर्ज की। सेमीफाइनल मुकाबले में सुपर ओवर तक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।

सुपर ओवर में टीम पाव मानल ने रोमांचक जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल में नघेता टीम को हराकर चैंपियन ट्रॉफी 2025 महादेव-इलेवन पाव मानल ने अपने नाम की। साथ ही जिस आधुनिकता के साथ स्पोर्ट्स क्लब अबोन ने खूबसूरत लाईव दिखाने का प्रयास किया, जिसमें रिप्ले आदि की भी सुविधा थी, जिस प्रतियोगिता को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया और दर्शकों ने भी खूब प्रशंशा की। प्रतियोगिता का इस वर्ष सोलहवां संस्करण था। वहीं, टीम पाव मानल में वीरेंद्र ने गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, कपिल ने हरेक मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

# परवाणू में उद्योगों का कचरा किसानों के लिए बन रहा संकट



**अनंत ज्ञान, परवाणू**

हिमाचल प्रदेश के प्रवेश द्वार परवाणू के कामली गांव में उद्योगों की गंदगी से फसलों को नुकसान हो रहा है। ग्राम वासियों का कहना है कि सेक्टर 6 और 3 के उद्योगों से निकलने वाला गंदा पानी और केमिकल फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए प्रदूषण बोर्ड से कई बार शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। गांव वासियों ने बताया कि उद्योगों की गंदगी के कारण उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उनकी आय पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। पहले उनके गांव में अदरक और लहसुन की फसल अच्छी तरह से उगाई जाती थी, लेकिन अब उद्योगों की गंदगी के कारण ये फसलें नहीं उगाई जा सकती हैं। प्रदूषण विभाग के उपविभागीय अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि उन्हें पानी में केमिकल छोड़े जाने की शिकायत मिली थी, जिस पर उन्होंने अपनी टीम को भेजकर पानी के नमूने एकत्र किए हैं।

उन्होंने बताया कि यह एक गंभीर समस्या है और वे परवाणू के उद्योगों का निरीक्षण कर इस समस्या का निदान करने का प्रयास करेंगे। पानी के नमूनों की जांच के बाद ही यह पता चलेगा कि पानी में कितना केमिकल है और इसके लिए कौन से उद्योग जिम्मेदार हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद ही वे उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# चंडीगढ़ प्रशासन लाल डोरा के बाहर रहने वालों के लिए नियमित जल कनेक्शन दे: मेयर

एजेंसी, चंडीगढ़

चंडीगढ़ की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने चंडीगढ़ प्रशासन से चंडीगढ़ के गांव वासियों और किसानों के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। मेयर ने चंडीगढ़ के 24 गांवों में लाल डोरा के बाहर रहने वाले निवासियों के लिए नियमित जल कनेक्शन की तत्काल आवश्यकता का आग्रह किया। बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने के बावजूद ये निवासी वर्तमान में महंगे पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं।

मेयर ने इस बात पर जोर दिया कि पानी एक बुनियादी आवश्यकता है और उन्होंने यूटी प्रशासन से इस संबंध में जल्द से जल्द आवश्यक निर्णय लेने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो कानूनी जल कनेक्शन की सुविधा के लिए जल उपनियमों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

उन्होंने प्रशासन से लाल डोरा सीमा के बाहर स्थित संरचनाओं को नियमित करने और ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। उन्होंने इन महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने और शहर के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन के साथ मिलकर काम करने की नगर निगम की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# रिस्पना और बिंदाल कॉरिडोर का जल्द शुरू किया जाए कार्य: सीएम

## अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिस्पना और बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू किया जाए। देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर को एक्सप्रेस-वे से जोड़ते हुए केंद्र से सहयोग का अनुरोध करने और स्टेट सेक्टर से शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए हैं।

देहरादून में आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि, पर्यटकों की संख्या में हो रही वृद्धि और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के बनने के बाद यातायात में संभावित वृद्धि के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिये हैं। रिस्पना नदी के तल पर 11 किलोमीटर और बिंदाल नदी के तल पर 15 किलोमीटर लंबे चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य होना है। इन नदियों के अंदर स्थित जन सेवाओं विद्युत लाइन, हाई टेंशन लाइन, सीवर लाइन का नदी से बाहर विस्थापन होना है। एलिवेटेड रोड के साथ नदी के दोनों किनारों पर रिटेनिंग वॉल और निर्माण और बाढ़ सुरक्षा का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी रेखीय विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आबादी और वाहनों की वृद्धि के दृष्टिगत राज्य के अन्य शहरों के लिए भी सुनियोजित प्लान पर कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में जो भी विकास के कार्य किए जा रहे हैं, उनका आउटपुट धरातल पर दिखे। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि आगामी राजजात यात्रा के लिए भी तैयारी शुरू की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि यूआईआईडीबी, देहरादून एलिवेटेड रोड, गढ़वाल और कुमाऊं की कनेक्टिविटी के कार्यों, मानसखण्ड मंदिर माला मिशन, आगामी नंदा राजजात की तैयारियों नियमित समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री भी समय-समय पर इनकी समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्य अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, वी षणमुगम, एसएन पांडेय, डॉ. आर राजेश कुमार आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# कैंसर पर जीत के लिए समय पर पहचान जरूरी: डॉ. राजन साहू

अनंत ज्ञान, पंचकूला



पारस हेल्थ पंचकूला ने अपने कैंसर जागरूकता अभियान उम्मीद के सितारे के तहत एक विशेष कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जहां उन्हें मुफ्त परामर्श, मैमोग्राफी, रियायती पीएसए टेस्ट और अन्य जरूरी स्वास्थ्य जांचों की सुविधा दी गई। यह पहल कैंसर की शुरुआती पहचान और रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए की गई, जिससे समय रहते मरीजों का इलाज संभव हो सके। इस कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने भाग लिया और स्वास्थ्य जागरूकता की जरूरत पर जोर दिया।

शिविर में डॉ. राजन साहू (एसोसिएट डायरेक्टर, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) और डॉ. चित्रेश अग्रवाल (सीनियर कंसल्टेंट, मेडिकल ऑन्कोलॉजी) ने कैंसर की जल्दी पहचान और बचाव के उपायों पर चर्चा की। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से फैल रहे हैं, जबकि धूम्रपान और तंबाकू सेवन के कारण पुरुषों और महिलाओं में ओरल व फेफड़ों के कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं।

अफसोस की बात यह है कि सामाजिक डर और जानकारी के अभाव में मरीज देर से डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, जिससे इलाज कठिन हो जाता है। समय पर जांच और जागरूकता से ही इस खतरे को रोका जा सकता है। डॉ. साहू ने कहा कि स्तन कैंसर की जल्दी पहचान के लिए स्वयं परीक्षण, नियमित मैमोग्राफी और समय पर इलाज जरूरी है। महिलाएं जागरूक होकर कैंसर की जांच को प्राथमिकता दें। डॉ. चित्रेश अग्रवाल ने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान के कारण ओरल और फेफड़ों का कैंसर बढ़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंपैक्ट आर्ट्स ने लगाया रक्तदान कैंप



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंपैक्ट आर्ट्स थियेटर ग्रुप द्वारा तिथि सोमवार को पांचवां खूनदान कैंप लगाया गया। यह कैंप इंपैक्ट आर्ट्स के कलाकार मनीष कुमार की याद में आयोजित किया गया। ग्रुप की तरफ से यह पांचवां खूनदान कैंप था और इस कैंप में ही तकरीबन 40 व्यक्तियों ने खूनदान किया। इस कैंप को आयोजन बनिंद्रजीत सिंह बनी और रणजीत सिंह की अगुवाई में हुआ। इस कैंप में इंपैक्ट आर्ट्स के कलाकारों के इलावा दोस्तों और मित्रों ने भी रक्तदान किया। यह थियेटर ग्रुप के रंगमंच के अलावा काफी सामाजिक गतिविधियों को भी करता रहता है। इस अवसर पर जाने-माने फिल्म और गानों के लेखक सोनी ठुल्लेवाल मौजूद थे। लायंस क्लब मोहाली शूटर्स की तरफ से संदीप बिंद्रा ने शिरकत की और रक्तदान भी किया।

### अमेरिका से डिपोर्ट कैथल के युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कैथल।** हरियाणा के कैथल का युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटा है। अमेरिका से लौटने के बाद भी उसकी मुश्किलें कम नहीं हुई। घर पहुंचते ही युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर रविवार रात ही लौटा था। आरोपी युवक की पहचान कैथल के बेलजंपर खेड़ी गुलाम अली के रहने वाले रोहित के तौर पर हुई है। रोहित को सीवन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल, आरोपी रोहित पर वर्ष 2021 में खेड़ी गुलाम अली गांव में लड़ाई झगड़ा के आरोप में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी रोहित कोर्ट में पेश न होकर अमेरिका भाग गया था। रोहित भी डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा था। अब यूएस से डिपोर्ट होने के बाद रोहित को थाना सीवन प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह की अगुवाई में एचसी प्रदीप की टीम ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपी रोहित पर छह जून 2021 को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जमीनी विवाद में अन्य व्यक्तियों पर हमला किया था। इस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज है। उक्त मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उसे कोर्ट से जमानत मिल गई थी। वहीं, यह मामला कोर्ट में चल रहा था, लेकिन जमानत मिलने के बाद आरोपी रोहित कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इसके बाद न्यायालय ने उसे 4 मई 2024 को भगौड़ा घोषित कर दिया था।

### एमपी में अवैध कोयला खदान धंसी, एक मरा

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिलेमें कोयला खदान की मिट्टी धंसने से दंपति की मौत हो गई। यह खदान अवैध तरीके से संचालित की जा रही थी। वहां पर पति-पत्नी कोयला लेने गए थे। यह हादसा धनवाई गांव में हुआ। पहले खनन माफिया ने इसे छिपाने का प्रयास किया। जब ग्रामीणों ने हंगामा किया, तब यह मामला सामने आया। जेसीबी की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला गया। बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि अवैध खदान में पांच मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान खदान धंस गई।

### दिल्ली में फुटओवर ब्रिज पर खड़े होने पर रोक

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ की घटना के बाद स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और बिना किसी वैध कारण के किसी भी व्यक्ति के फुट ओवरब्रिज पर घूमने पर रोक लगाई गई है। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमने कर्मियों को बिना किसी कारण के फुट ओवरब्रिज पर खड़े देखा है, जिससे दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचने की कोशिश कर रहे यात्रियों को देरी होती है। अब किसी को भी बिना किसी वैध कारण के फुट ओवरब्रिज पर खड़े होने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

### महाकुंभ मेला के सेक्टर-8 में लगी आग



**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में एक बार फिर आग लग गई है। सेक्टर-8 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया है। आनन-फानन पुलिस और फायर ब्रिगेड ने भीड़ को हटाया। महाकुंभ में 30 दिन में आग की यह 5वीं घटना है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर 8 के एक टेंट में छोटी आग लगी थी। तत्काल उस पर काबू पा लिया गया। किसी तरह की कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। महाकुंभ में सेक्टर 18 और 19 में 15 फरवरी की को आग लगी थी। घटना सेक्टर 18 और 19 की थी। आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। पंडाल और अंदर रखे अलमारी के सामान जल गए।

# प्रदेश में बनेगी नगर निकाय के रूप में तीसरी सरकार: सीएम सैनी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



घर-घर तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए अब प्रदेश में नगर निकाय के रूप में तीसरी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में केंद्र, राज्य और अब शहर की सरकार मिलकर तेजी के साथ विकास कार्यों को पूरा करेगी। नगर निकायों के चुनावों में भाजपा के मेयर, चेयरमैन और पार्षद भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। यह बात हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को कुरुक्षेत्र के थानेसर में कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों पर लगातार विश्वास जता रही है। हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी प्रदेश की जनता ने भाजपा को लगातार तीसरी बार जन सेवा का दायित्व सौंपा है और दिल्ली में हुए चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी ने भारी बहुमत से अपनी जीत दर्ज की है। हरियाणा निकाय चुनावों में भी भाजपा अपनी जीत का परचम लहराएगी। भाजपा चुनाव को लेकर हमेशा गंभीर रहती है और स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोश व मेहनत से लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि 'सुशासन से सेवा' के संकल्प के साथ जनसेवा का दायित्व संभालते ही वर्तमान राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' और 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' के मूलमंत्र पर चलते हुए समस्त हरियाणा और प्रत्येक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी तरह निकाय चुनावों के बाद प्रदेश में तीन गुणा गति से विकास होगा।

# हरियाणा में निकाय चुनाव के लिए 2829 ने किया नामांकन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में निकाय चुनाव को लेकर चल रही नामांकन प्रक्रिया सोमवार को पूरी हो गई। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश में कुल 2829 नामांकन दाखिल हुए हैं। इनमें मेयर पद के लिए 45, परिषदों में अध्यक्ष पद के लिए 260 और पार्षद पद के लिए कुल 2524 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। हरियाणा में पहले चरण में फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, रोहतक, अंबाला, सोनीपत व यमुनानगर नगर निगम तथा गुरुग्राम जिले में पटौदी, कुरुक्षेत्र जिले में थानेसर, सिरसा तथा अंबाला छावनी नगर परिषदों के चुनाव होंगे। इसके अलावा बराड़ा, बवानी खेड़ा, लोहारू, भिवानी, जाखल मंडी, फरुखनगर, नारनौल, बेरी, जुलाना, कलायत, सीवन, पुंडरी, इंद्री, नीलोखेड़ी, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानौर, खरखौदा तथा रादौर नगरपालिकाओं के चुनाव भी एक साथ होंगे। इसके अलावा पानीपत नगर निगम के लिए दूसरे चरण में मतदान करवाया जाएगा।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए स्थायी समाधान जरूरी: संजय टंडन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



एकीकृत आवास मूल्यांकन के लिए ग्रीन रेटिंग (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट) का चौथा क्षेत्रीय सम्मेलन चंडीगढ़ में संपन्न हुआ। सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन ने बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। उन्होंने विधिवत रूप से सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन 'निर्मित पर्यावरण में जलवायु कार्रवाई में तेजी लाना' थीम आयोजित हुआ, जिसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए स्थायी समाधान और अभिनव दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही भविष्य में हरित इमारतों और ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे की भूमिका पर चर्चा की गई।

टंडन ने बताया कि गृह परिषद को 'भारत में ग्रीन बिल्डिंग के लिए राष्ट्रीय रेटिंग सिस्टम' के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसे द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) द्वारा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के समर्थन से विकसित किया गया है।

## देश-विदेश

# आयकर राहत का मतलब पूंजीगत व्यय से सरकार का ध्यान हटना नहीं: सीतारमण

एजेंसी, नई दिल्ली

**बजट** 2025 में दी गई आयकर में भारी छूट का मतलब यह नहीं है कि सरकार ने पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यह बात कही। वित्त मंत्री की यह प्रतिक्रिया बजट 2025-26 में सालाना 12 लाख रुपए तक की आय वाले लोगों को आयकर के दायरे से बाहर रखने के बाद यह बहस शुरू होने के बाद आई है कि सरकार ने लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी के आंकड़ों में धीमी वृद्धि को देखते हुए खपत को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

मुंबई में हितधारकों के साथ बजट के बाद की बातचीत में सीतारमण ने कहा कि लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत पर जोर दिया गया है, सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि व्यापक तस्वीर यह है कि कोविड के बाद से सरकार का जोर पूंजीगत संपत्ति बनाने के लिए सार्वजनिक व्यय पर बना हुआ है।

### कहा- निवेश पर अच्छा रिटर्न दे रहा है भारत

निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में निवेश करने वालों को अच्छा रिटर्न (प्रतिफल) मिल रहा है और वे मुनाफावसूली कर रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में ऐसा माहौल है जहां निवेश पर अच्छा रिटर्न मिल रहा है। महंगाई से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार के आपूर्ति बढ़ाने के उपायों और भारतीय रिजर्व बैंक की मांग पक्ष प्रबंधन की पहल मूल्यवृद्धि को नियंत्रित करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।

# भारतीय सेना सीमा पर किसी भी स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम: सिन्हा

**जम्मू।** सीमा पार से गोलीबारी और नियंत्रण रेखा पर आईईडी हमले की हाल की घटनाओं के बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि भारतीय सेना सीमा पर किसी भी स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम है और दुश्मन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद को खत्म करने और क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के साफ तौर पर निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में आतंकवाद रोधी अभियान बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तालमेल से काम कर रही हैं और उन्हें आतंकवाद का सफाया करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

# इसराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में फिर की गोलीबारी

एजेंसी, बेरूत

**इसराइली** सेना ने दक्षिणी लेबनान के हौला गांव में लौट रहे निवासियों पर गोलीबारी की। गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई और कई दूसरे घायल हो गए। लेबनान के अधिकारी ने यह जानकारी दी है। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि इस घटना के दौरान इसराइली सेना ने तीन नागरिकों का अपहरण भी किया। इससे पहले, हौला के निवासी लेबनानी सेना की चौकी और इसराइली सैनिकों द्वारा लगाए गए बैरियर को पार करके अपने गांव लौट आए।

### हिजबुल्लाह प्रमुख बोले- इसराइली सेना को लेबनान से हटना होगा

**हिजबुल्लाह** के महासचिव नईम कासिम ने कहा कि इसराइल को 18 फरवरी (मंगलवार) तक लेबनान से पूरी तरह हट जाना चाहिए। कासिम ने कहा कि हमारे सामने 18 फरवरी की समयसीमा है, कब्जे वाली सेना को दक्षिणी लेबनान से पूरी तरह हट जाना चाहिए। उसे किसी भी तरह की उपस्थिति नहीं रखनी चाहिए। हिजबुल्लाह महासचिव ने कहा कि लेबनानी राज्य यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करे कि इसराइल तय समय पर वापस लौट जाए। इसराइल ने लेबनान से सेना की पूरी वापसी को 18 फरवरी तक के लिए टाल दिया था। यह शुरुआती समय सीमा तक ऐसा करने से चूक गया था। इसराइली सेना ने समय सीमा से परे दक्षिणी लेबनान में पांच रणनीतिक ठिकानों पर नियंत्रण बनाए रखने का इरादा भी जाहिर किया, लेकिन हिजबुल्लाह ने इस कदम को भी खारिज कर दिया।

# मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं घोषित कर पाई भाजपा, 10 दिन से इंतजार: आतिशी

एजेंसी, नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी का कहना है कि दिल्ली के चुनाव परिणाम आए हुए 10 दिन हो चुके हैं, लेकिन भाजपा ने अब तक मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को दिल्ली के नागरिकों ने उम्मीद की थी कि 9 फरवरी तक भाजपा अपना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर देगी और 10 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। दिल्ली की समस्याओं को सुलझाने का काम शुरू हो जाएगा, लेकिन 10 दिन बाद भी कोई फैसला नहीं लिया गया है। आतिशी ने कहा कि 17 फरवरी को 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन भाजपा को मुख्यमंत्री का चेहरा चुनने में कोई सफलता नहीं मिल पाई। प्रधानमंत्री मोदी को यह समझ में आ गया है कि उनके पास 48 विधायकों में से कोई भी मुख्यमंत्री बनने योग्य नहीं है।

# स्वदेशी 10-टन वर्टिकल मिक्सर भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता का प्रमाण: इसरो

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सॉलिड मोटर्स के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 10-टन प्रोपेलेंट मिक्सर को भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता का प्रमाण बताया है। इस प्रोपेलेंट मिक्सर को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र एसएचएआर, इसरो द्वारा सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (सीएमटीआई), बेंगलुरु के सहयोग से विकसित और निर्मित किया है। सीएमटीआई भारी उद्योग मंत्रालय के तहत एक प्रमुख अनुसंधान और विकास संगठन है। 10-टन वर्टिकल मिक्सर का वजन लगभग 150 टन है और इसकी लंबाई 5.4 मीटर, चौड़ाई 3.3 मीटर और ऊंचाई 8.7 मीटर है। इसरो ने कहा, 'स्वदेशी 10-टन वर्टिकल मिक्सर का निर्माण भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सच्चा प्रमाण है।'

# दक्षिण कोरिया में डीपसीक' के एआई ऐप के डाउनलोड पर रोक

एजेंसी, सियोल

**चीन** के कृत्रिम मेधा स्टार्टअप 'डीपसीक' के चैटबॉट ऐप को डाउनलोड करने पर दक्षिण कोरिया में अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। अधिकारियों ने बताया कि चीन के कृत्रिम मेधा स्टार्टअप 'डीपसीक' को लेकर चिंताएं हैं कि यह बेहद संवेदनशील जानकारी एकत्र कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के व्यक्तिगत सूचना संरक्षण आयोग ने कहा कि 'डीपसीक' के ऐप को शनिवार शाम को 'एप्पल' के ऐप स्टोर और 'गूगल प्ले' के स्थानीय संस्करणों से हटा दिया गया है। आयोग ने कहा कि कंपनी ने ऐप को पुन: लॉन्च करने से पहले गोपनीयता सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए एजेंसी के साथ काम करने पर सहमति व्यक्त की है। यह कार्रवाई उन उपयोगकर्ताओं को प्रभावित नहीं करेगी जिन्होंने पहले से ही अपने फोन पर 'डीकसीक' डाउनलोड कर लिया है या जो इसे निजी कंप्यूटर पर इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण कोरियाई आयोग के जांच प्रभाग के निदेशक नैम सेओक ने देश में डीपसीक के उपयोगकर्ताओं को सलाह दी है कि वे अपने मोबाइल से ऐप को हटा दें या जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उन उपकरणों में व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें जिसमें इसे डाउनलोड किया गया है। दक्षिण कोरिया की कई सरकारी एजेंसियों और कंपनियों ने या तो 'डीपसीक' को प्रतिबंधित कर दिया है।

# सेंसेक्स 57 अंक चढ़कर 75,996 पर बंद, निफ्टी में भी 234 अंक की रिकवरी

एजेंसी, मुंबई




**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स दिन के निचले स्तर 75,294 से 702 अंक संभला। यह 57 अंक की तेजी के साथ 75,996 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी निचले स्तर 22,725 से 234 अंक की रिकवरी देखने को मिली, ये 30 अंक की तेजी के साथ 22,959 स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 254 अंक गिरकर 45,156 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 में तेजी और 16 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के हेल्थकेयर सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.31% की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, बजाज फिनसर्व और पावर ग्रिड ने बाजार को चढ़ाने में सबसे ज्यादा कॉन्ट्रिब्यूट किया, जबकि भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक ने सेंसेक्स को नीचे खींचा। एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 0.75 फीसदी की तेजी रही। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.018 फीसदी ी गिरावट और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.27 फीसदी की तेजी रही।

# यूक्रेन जंग पर रूस और अमेरिका में आज होगी हाई लेवल मीटिंग

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन जंग के समाधान के लिए रूस और अमेरिका के बीच मंगलवार को सऊदी अरब में हाई लेवल मीटिंग हो सकती है। इसमें 2 रूसी अधिकारी शामिल होंगे। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इसकी पुष्टि की है।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव आज सऊदी की राजधानी रियाद के लिए रवाना होंगे। वहीं अमेरिका की तरफ से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और यूक्रेन व रूस के लिए वाशिंगटन के विशेष दूत कीथ केलॉग इसमें शामिल होंगे। रुबियो सोमवार दोपहर को रियाद पहुंच चुके हैं।

# जैसलमेर में पाइपलाइन फटी 50 से ज्यादा घरों में भरा पानी

एजेंसी, जयपुर



**राजस्थान** के जैसलमेर जिले के रामदेवरा में सोमवार दोपहर पोकरण-फलसूंड-सिवाना पेयजल परियोजना की लाइन फट जाने से निचले इलाकों के कुछ घरों में पानी भर गया।

जैसलमेर के अधीक्षण अभियंता राजेश अग्रवाल ने बताया कि इंदिरागांधी नहर परियोजना से नाचना की ओर से चार शहर पोकरण, बालोतरा, सिवाना, नाचना के 550 गांवों को पेयजल आपूर्ति करने वाली 60 इंच की मुख्य लाइन में लीकेज के कारण पानी आसपास के गांवों में कुछ घरों तक पहुंच गया। उन्होंने बताया कि उच्च दबाव लाइन के कारण पानी का बहाव काफी तेज था। अग्रवाल ने बताया कि पानी निकालकर लीकेज का पता लगाया जा रहा है। रामदेवरा थानाधिकारी शंकर लाल ने बताया पुलिया के पश्चिमी और उत्तरी दिशा के 25 मकानों में दो से तीन फुट पानी भर गया, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि जलदाय विभाग के उच्चाधिकारी ने मौके पर पहुंच कर घरों में घुसे पानी से हुए नुकसान का जायजा लिया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बर्फबारी न होने के कारण गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल स्थगित

**गुलमर्ग।** पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का शनिवार से यहां शुरू होने वाला दूसरा सत्र क्षेत्र में पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने के कारण स्थगित कर दिया गया। इसकी नई तारीखों का ऐलान मौसम में सुधार होने पर किया जाएगा। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया,''खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का जम्मू-कश्मीर चरण स्थगित कर दिया गया है।'' गुलमर्ग में अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग, स्की पर्वतारोहण और स्नोबोर्डिंग स्पर्धाएं होनी थी। पहला चरण लेह में 23 से 27 जनवरी के बीच खेला गया जिसमें आइस हॉकी और आइस स्केटिंग स्पर्धाएं हुई थी ।

### बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की उम्मीदें मोहम्मद शमी पर

**बेंगलुरु।** मोहम्मद शमी के दाहिने हाथ में जादूगर-सा फन है और अपनी कलाई के झटके से वह दुनिया के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों को चकमा दे सकते हैं, लेकिन क्या वह इस जादू से भारत को बारह साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद कर सकते हैं? प्रशंसकों को उम्मीद है कि शमी इस टूर्नामेंट में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस नहीं होने देंगे। बुमराह चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वैसे शमी की तैयारियों को लेकर काफी चिंताएं भी हैं। भारतीय टीम को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को पहला मैच खेलना है। शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न स्तरों और अलग-अलग प्रारूप में कुछ मैच खेले हैं, लेकिन बड़े टूर्नामेंट में अपेक्षाओं पर खरे उतरने का दबाव अलग होता है। ऐसे में बुमराह की गैर-मौजूदगी में उन पर दबाव और बढ़ जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी के साझेदार अर्शदीप सिंह होंगे, लेकिन वह बुमराह की श्रेणी के गेंदबाज नहीं हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी का मानना है कि शमी के पास काफी अनुभव है और वह इस चुनौती का सामना कर लेंगे।




### गोल्फर जीव मिल्खा लीजेंड्स टूर पर संयुक्त 19वें स्थान पर

**मारबेला (स्पेन)।** भारत के अनुभवी गोल्फर जीव मिल्खा सिंह रविवार को यहां 2025 लीजेंड्स टूर की मारबेला स्टेस्योर प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहे। जीव ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया। उन्होंने चार बर्डी की लेकिन एक बोगी और एक डबल बोगी भी कर गए। उन्होंने कुल तीन अंडर के स्कोर से शीर्ष 20 में जगह बनाई। जीव ने पहले दो दौर में 68 और 73 का स्कोर बनाया था। साइमन ग्रिफिथ्स ने कुल 15 अंडर के स्कोर के साथ लीजेंड्स टूर का सत्र का पहला टूर्नामेंट जीता। उन्होंने कोलिन मोंटगोमरी, मिगुएल एंजेल जिमेनेज, स्टीफन गैलाशर और स्कॉट हैंड जैसे खिलाड़ियों को पछाड़ा।



### मिताली राज का बिंदास स्टाइल

**नई दिल्ली।** पूर्व महिला क्रिकेटर मिताली राज का जन्म 1982 में राजस्थान के जोधपुर में हुआ है। मिताली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने की खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।



# गुजरात जायंट्स पर जीत दर्ज करने उतरेगी मुंबई इंडियंस

## दोनों टीमों को महिला प्रीमियर लीग के मैच में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी, वडोदरा**

गुजरात जायंट्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जबकि कठिन पहले मुकाबले के बाद मुंबई की टीम लय हासिल करना चाहेगी।

पिछले दो सत्रों में आखिरी स्थान पर रही गुजरात के लिए पहले दो मैचों में आस्ट्रेलियाई हरफनमौला एशले गार्डनर ने उम्दा प्रदर्शन किया। बेथ मूनी ने भी अर्द्धशतक जमाया, लेकिन उनकी सलामी जोड़ीदार लौरा वोल्वार्ट नहीं चल सकी हैं। जाइंट्स ने पहले मैच में 201 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद हार गई। भारतीय बल्लेबाजों खासकर तीसरे नंबर पर उतरने वाली डी हेमलता पर दबाव बढ गया है। गेंदबाजी में भी कप्तान गार्डनर ने मोर्चे से अगुवाई की है, जबकि स्पिनर प्रिया मिश्रा से उन्हें अच्छा सहयोग मिला है। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट में कई बल्लेबाजों के रनआउट होने के वाकयों को भुलाकर जायंट्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स से आखिरी गेंद पर मिली हार के बावजूद नेट स्किवेर ब्रंट और कप्तान हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा। चोट के बाद वापसी कर रही सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को रन बनाने होंगे, जबकि निचले मध्यक्रम में सजीवन साजना और अमनजोत कौर का बल्ला भी खामोश है।

कप्तान हरमनप्रीत कौर को मध्यक्रम में सहयोग नहीं मिल सका जिससे मुंबई इंडियंस को पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा,''बीस ओवर पूरे खेलना और एक बल्लेबाज को पारी के अंत तक डटे रहना होगा। मुझे भी आखिर तक खेलना चाहिए था। हमारे बल्लेबाजों को अगले मैच में और जिम्मेदारी लेनी होगी।''



# बुमराह की गैरमौजूदगी से बांग्लादेश की जगी उम्मीदें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बांग्लादेश के पूर्व सलामी बल्लेबाज इमरूल कायेस ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह की गैर-मौजूदगी में उनकी टीम के पास 20 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के तेज आक्रमण को दबाव में लाने का मौका होगा। कायेस ने कहा,''भारतीय टीम काफी मजबूत है और उसके पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण और बल्लेबाजी क्रम है, लेकिन बुमराह टीम में नहीं हैं। हम सभी को पता है कि पिछले दो साल में उसने भारतीय क्रिकेट के लिए क्या किया है। उसकी गैर मौजूदगी से बांग्लादेश को फायदा मिलेगा।'' कायेस ने बांग्लादेश के लिए 39 टेस्ट, 78 वनडे और 14 टी20 मैच खेले हैं।



बुमराह की गैर-मौजूदगी में मोहम्मद शमी पर भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की जिम्मेदारी होगी जिसमें हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी हैं। कायेस ने कहा,''शमी की वापसी बड़ी बात है। वह इस समय फिटनेस समस्या से जूझ रहा है, लेकिन लय हासिल करने पर वह बांग्लादेश के लिये बड़ा खतरा होगा।'' बांग्लादेश टीम में अनुभवी हरफनमौला शाकिब अल हसन और खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज लिटन दास नहीं हैं।

कायेस ने कहा,''मुझे शाकिब की कमी खलेगी, क्योंकि वह शानदार खिलाड़ी है। किसी भी मैच में उसका योगदान काफी रहता है। इस समय बांग्लादेश की टीम संघर्ष कर रही है, क्योंकि अगर शाकिबत नहीं खेलता है तो उन्हें एक अतिरिक्त स्पिनर उतारना होगा।''

# 23 मार्च से बिलासपुर में उड़ेंगे मानव परिंदे

## सीएम सुक्खू करेंगे अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



23 मार्च को बिलासपुर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पैराग्लाइडिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। नलवाड़ी मेले के समापन अवसर पर बिलासपुर पहुंचने पर वह इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं, इस तैयारियों को लेकर जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर रूपरेखा तैयार की है।

उपायुक्त ने बताया कि बंदला धार में पैराग्लाइडिंग श्रेणी दो प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता में न केवल राष्ट्रीय स्तरीय पैराग्लाइडर पायलट भाग लेंगे, बल्कि इसमें अंतरराष्ट्रीय पायलट भी आएंगे, क्योंकि इससे पायलटों को अपनी रैंकिंग में सुधार करने का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभी तक 33 पायलटों ने पंजीकरण करवाया दिया है। जिसमें 29 भारतीय पायलट शामिल हैं। इसके अलावा दो पायलट श्रीलंका व दो नेपाल से हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे। 23 मार्च को राज्य स्तरीय नलबाड़ी मेले के समापन अवसर पर सीएम आएंगे। इसी दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। इसको लेकर पैराग्लाइडिंग फेडरेशन के साथ बातचीत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक बंदलाधार साइड पर फ्लाइंग के लिए अभी तक दो आपरेटरों ने पंजीकरण करवाया हुआ है। उसके चार पायलट कार्य कर रहे हैं। इस साइट के उत्थान के लिए इस तरह की प्रतियोगिता करवाई जा रही है।

बता दें कि सीएटी ग्रेड दो प्रतियोगिता में सभी पायलट भाग नहीं लेते हैं। इसमें वही पायलट भाग लेते हैं, जिनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजीकरण है और अंतरराष्ट्रीय पायलटों की श्रेणी में आते हैं। यह प्रतियोगिता एक्यूरेसी श्रेणी वाली प्रतियोगिता की तरह होती है। वैसे ही सटीकता वाले टास्क इसमें होते हैं। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले पायलटों की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग तैयार की जाती है।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

# ऑस्ट्रेलियाई टीम पहुंची पाकिस्तान

**एजेंसी, लाहौर**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 'एक्स' पर लिखा, ''ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है। वे 22 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेलेंगे।'' टीम दो समूह में पाकिस्तान पहुंची। पहले समूह में कप्तान स्टीव स्मिथ, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे जो दुबई के रास्ते कोलंबो से पाकिस्तान पहुंचे। दूसरा समूह भी कोलंबो से दुबई होते हुए लाहौर पहुंचा, जिसमें 15 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के दो अतिरिक्त सदस्य शामिल थे।

हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलने वाले भारत की तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम भी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी, क्योंकि वे हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की एकदिवसीय सीरीज में खेलकर यहां आए हैं। ऑस्ट्रेलिया अपना दूसरा मैच 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा, जबकि 28 फरवरी को फिर से गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगा।

# महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता में एमडीयू रोहतक ओवरऑल विजेता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला की ओर से आयोजित अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता का समापन साई इंडोर स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मशाला विधायक सुधीर शर्मा तथा कांगड़ा विधायक पवन काजल ने शिरकत की। कार्यक्रम अध्यक्ष केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्मश्री हरमहेंद्र सिंह बेदी तथा कुलपति एसपी बंसल भी मौके पर मौजूद रहे।

मुख्यातिथि ने भारत में खेल की स्थिति पर अपनी बात रखते हुए कहा कि देश का नेतृत्व खेल को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री सभी बैठकों में यह बात कहते हैं कि भारत इतनी बड़ी शक्ति है, लेकिन खेल जगत में हमें जहां पहुंचना चाहिए था, हम वहां नहीं पहुंच सके हैं। प्रधानमंत्री सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से गुजारिश करते हैं कि खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करें। इससे भारत की पहचान अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अलग रूप से बनी है। जयराम ने कहा कि खेल नशे से दूर होने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है।

डॉ. बेदी ने खेलों के सफल आयोजन के लिए विवि परिवार को बधाई दी। कुलपति एसपी बंसल ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला द्वारा आयोजित अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता एक प्रकार का खेल महाकुंभ था, जिसमें भारत की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित क्या गया। ओवर-ऑल परिणामों में एमडीयू रोहतक को पहला, पंजाब विवि, चंडीगढ़ को दूसरा और पंजाबी विवि, पटियाला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

### राष्ट्रमंडल खेल 2030 ओलंपिक 2036 की मेजबानी के भारत के लक्ष्य के लिए सही कदम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेर ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी ओलंपिक 2036 की मेजबानी के भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में सही कदम होगा। सेडलेर टाइम्स समूह के ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट के दूसरे दिन की वक्ता थी। उन्होंने कहा,''ओलंपिक की मेजबानी अतुल्य उपलब्धि होगी और भारत में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन इस लक्ष्य को पाने की दिशा में सही कदम होगा।'' सीजीएफ और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के बीच राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की संभावना पर अनौपचारिक बातचीत के बाद उनका बयान आया है।

सेडलेर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत निकट भविष्य में ओलंपिक में शीर्ष दस टीमों में होगा। उन्होंने कहा,''सही नेतृत्व, बुनियादी ढांचा और जुनून के दम पर भारत ओलंपिक में शीर्ष दस देशों में शामिल होने की दहलीज पर है। देश की छवि बनाने में खेलों की भूमिका अहम है और खेल महाशक्ति के रूप में पहचान मिलने से विश्व स्तर पर देश का दबदबा बढ़ता है।'' भारत ने अब तक सिर्फ एक बार 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है। भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी का आशय पत्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है जो अगले साल मेजबान पर फैसला लेगी। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के अध्यक्ष लूसियानो रोस्सी ने इस मौके पर कहा,''भारत दिल्ली ही नहीं, बल्कि भोपाल में भी काफी मेहनत कर रहा है। ये प्रयास खेलों के भविष्य को लेकर भारत की गंभीरता साबित करने के लिये उठाये गए ठोस कदम है।''

# परीक्षा पे चर्चा : बिना नाकामी के कामयाबी नहीं : मैरी कॉम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महान मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम, पैरालंपिक स्टार अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' पहल के तहत स्कूल के बच्चों को तनाव से निपटने के टिप्स देते हुए कहा कि नाकामी के बिना कामयाबी नहीं मिलती और कड़ी मेहनत हमेशा काम आती है। तीनों खिलाड़ियों ने बच्चों को नाकामी से उबरने, फोकस बनाए रखने और चुनौतियों का सामना करने की भी सलाह दी। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे बच्चों के लिए 2018 से आयोजित किया जा रहा है।



दो बार की पैरालंपिक चैंपियन निशानेबाज लेखरा ने कहा,''लोग कहते हैं कि सफलता असफलता की विलोम है, लेकिन मेरा मानना है कि नाकामी ही कामयाबी का सबसे बड़ा हिस्सा है। नाकामी के बिना कभी कामयाबी नहीं मिलती।'' आम तौर पर टाउन हॉल प्रारूप में होने वाला परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम इस बार दिल्ली में सुंदर नर्सरी में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियों को स्कूली बच्चों के सवालों का जवाब देने के लिए बुलाया। उन्होंने 10 फरवरी को इसकी शुरुआत खुद की। छह बार की विश्व चैंपियन और लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज मैरी कॉम ने मुक्केबाजी कैरियर के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा,''मुक्केबाजी महिलाओं का खेल नहीं है। मैने यह चुनौती स्वीकार की, क्योंकि मैं खुद को साबित करना चाहती थी और देश की सभी महिलाओं को बताना चाहती थी कि हम कर सकते हैं और मैं कई बार विश्व चैंपियन बनी।''

दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता बैडमिंटन स्टार और आईएएस अधिकारी सुहास ने कहा,''अच्छी चीजें आसानी से नहीं मिलती। सफर चलता रहना चाहिए। सूरज की तरह चमकना है तो जलने के लिए भी तैयार रहना होगा।'' सुहास ने कहा,''मैने वह मैच ही नहीं बल्कि छह मैच और जीते और चीन में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला गैर-वरीय खिलाड़ी बना। सबक यह है कि हार के डर से उबर जाओ, सामने कौन है इसके बारे में सोचे बिना अपना सर्वश्रेष्ठ दो।''

## एफआईएच प्रो-लीग | भारत दो मैचों में चार अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर

# स्पेन के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो-लीग मुकाबले में मंगलवार को स्पेन के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा।

पहले मैच में इंग्लैंड को 3-2 से हराने के बाद भारतीय टीम दूसरे मैच में बोनस अंक नहीं बना सकी और निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में 1-2 से हार गई। भारत इस समय दो मैचों में चार अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर है।



अब मंगलवार और बुधवार को उसका सामना स्पेन से होगा। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया खासकर पेनल्टी कॉर्नर तबदीली दर बहुत अच्छी रही। पहले मैच में भारत ने तीन में से दो पेनल्टी कॉर्नर भुनाए। दूसरे मैच में हालांकि, भारत उस प्रदर्शन को नहीं दोहरा सका और उसे मिले तीनों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। भारतीय कप्तान सलीमी टेटे ने कहा,''स्पेन कठिन टीम है और हमें पता है कि यह चुनौतीपूर्ण मुकाबला होगा। हम इसके लिये तैयार हैं।'' उन्होंने कहा,''हमने इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन की समीक्षा की है और हमें पता है कि कहां सुधार करना है। खासकर पेनल्टी कॉर्नर में। हम अपना डिफेंस मजबूत रखकर गोल करने का कोई मौका नहीं छोड़ेंगे।''

दूसरी ओर स्पेन ने लगातार दो मैचों में जर्मनी को हराया है जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा है। उसने छह मैचों में दो जीते और एक जीत शूटआउट में दर्ज की। आठ अंक लेकर स्पेन चौथे स्थान पर है। मैच मंगलवार को शाम 5.15 से और बुधवार को शाम 7.30 से शुरू होगा।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम का आज जर्मनी से होगा आमना-सामना

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

खराब शुरुआत के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो-लीग में मंगलवार को पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ जीत की लय को कायम रखने उतरेगी। भारत को प्रो लीग के घरेलू चरण के पहले मैच में स्पेन ने 3-1 से हराया। इसके बाद भारतीय टीम ने हालांकि, मजबूती से वापसी करते हुए रिटर्न मैच में स्पेन को 2-0 से मात दी।




दो मैचों में तीन अंक लेकर भारत अब तालिका में आठवें स्थान पर है और अगले मुकाबले जीतकर ऊपर जाना चाहेगा। शनिवार को ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने रविवार को जबरदस्त खेल दिखाते हुए मनदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह के गोल के दम पर जीत दर्ज करके पूरे तीन अंक हासिल किया। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन हालांकि, पेनल्टी कॉर्नर तबदील नहीं हो पाने से परेशान होंगे। भारत को दो मैचों में सात पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। कप्तान हरमनप्रीत सिंह को दूसरे मैच में आराम दिया गया था जिनकी जगह उतरे हॉकी इंडिया लीग के स्टार जुगराज सिंह कमजोर साबित हुए।

दिलप्रीत, मनदीप और सुखजीत सिंह अभी तक एक-एक गोल कर चुके हैं और जर्मनी के खिलाफ इसमें इजाफा करना चाहेंगे। भारतीय डिफेंस ने भी दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन किया। आगामी मैचों के बारे में हरमनप्रीत ने कहा,''जर्मनी की टीम बहुत अच्छी है और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। स्पेन के खिलाफ मिली जीत से हौसले बुलंद है लेकिन अभी भी प्रदर्शन में काफी सुधार करना है । पेनल्टी कॉर्नर बेहतर करना होगा।''